e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
# प्रभात मंत्र
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 66
शनिवार
08.03.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य ~~4~~ आमंत्रित मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जो बिन कहे सुन ले वो दिल के बेहद करीब होते है, ऐसे नाजुक एहसास बड़े भाग्य से नसीब होते है!

ताजा खबरों के लिए देखें

**रोजा का समय**
इफ्तार (07.03.25) : शाम 5.56 बजे
सेहरी (08.03.25) : सुबह 4.42 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी, प्रधानमंत्री ने किया बड़ा ऐलान

# महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड विधानसभा की महिला सदस्यगणों (विधायक) ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी महिला मंत्री एवं विधायकगणों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड विधानसभा में आपकी उपस्थिति मात्र से ही नारी शक्ति को बल मिलता है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष,आप सभी सदन में महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण की आवाज हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन, विधायक डॉ नीरा यादव, विधायक लुइस मरांडी, विधायक सविता महतो, विधायक रागिनी सिंह, विधायक ममता देवी, विधायक पूर्णिमा दास साहू, विधायक श्वेता सिंह और विधायक मंजू कुमारी मौजूद थीं।

### आधी आबादी की भागीदारी से ही देश, राज्य और समाज का होगा सर्वांगीण विकास

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की भागीदारी से ही देश, राज्य और समाज के सर्वांगीण विकास का रास्ता खुलता है। हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना जैसी कई योजनाओं के माध्यम से आधी आबादी को सशक्त बनाया जा रहा है।



### महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल कर राज्य का बढ़ाया है मान-सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि झारखंड की महिलाओं ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल समेत अनेकों क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल कर रही हैं। महिलाएं अपने मंजिल और मुकाम को हासिल करने में कामयाब हों, इसके लिए सरकार पूरा सहयोग करने को तैयार है। एक बार फिर आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बहुत-बहुत बधाई।

### पर्यटन स्थलों पर महिलाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रवेश

**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड पर्यटन विभाग ने राज्य की महिलाओं के सम्मान में एक विशेष पहल की है। इस पहल के तहत 8 मार्च को राज्य के सभी पर्यटन स्थलों, पार्कों, झरनों और विशेष रूप से पतरातू लेक पार्क में महिलाओं के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार के विजन के तहत की गई इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर राज्य के मनोरम पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने और प्रकृति की सुंदरता का आनंद लेने के लिए प्रेरित करना है।पर्यटन विभाग ने कहा कि वह महिलाओं को एक सुखद और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



### प्रेरक महिलाएं संभालेंगी पीएम का सोशल मीडिया अकाउंट

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विकसित भारत की यात्रा में पौष्टिक भोजन की भूमिका को अहम बताया और कहा कि हमारा लक्ष्य कुपोषण और एनीमिया जैसी समस्याओं से मुक्ति के लिए देश के प्रत्येक परिवार को पर्याप्त पोषण देने का है।प्रधानमंत्री गुजरात में सूरत खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने देश की नारी शक्ति से अपनी सफलताओं को अपनी उपलब्धियों को, अपने जीवन की प्रेरणादायी यात्रा को नमो ऐप पर शेयर करने का आग्रह किया। अनेक बहनों-बेटियों ने नमो ऐप पर अपनी गाथाएं शेयर की हैं।महिला दिवस के अवसर पर मैं अपना सोशल अकाउंट ऐसी ही कुछ प्रेरणादायी बहनों-बेटियों को सौंपने जा रहा हूं। उन्होंने कहा,मुझे संतोष है, हमारी सरकार गरीब की साथी बनकर हमेशा उसके साथ खड़ी है। कोविड काल में जब देशवासियों को सपोर्ट की सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना शुरू की गई। ये दुनिया की सबसे बड़ी और अपने आप में एक अनूठी योजना है, जो आज तक चल रही है।प्रधानमंत्री ने पिछली सरकारों के गरीबी हटाओ के नारे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले गरीबी हटती ही नहीं थी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते दशक में पूरे देश में हमने गरीब को सशक्त करने के लिए मिशन मोड पर काम किया। प्रधानमंत्री ने वन नेशन वन राशन कार्ड का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले एक जगह का राशन कार्ड दूसरी जगह नहीं चलता था। हमने इस समस्या का समाधान किया।

### प्रतिपक्ष के नेता बने बाबूलाल मरांडी

**रांची :** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को सदन में भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी को विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता प्रदान की।पिछली बार जेएमएम गठबंधन सरकार के दौरान बाबूलाल मरांडी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिल पाया था। बाद में भाजपा ने अमर कुमार बाउरी को विधानसभा में विधायक दल का नेता चुना और उन्हें प्रतिपक्ष के नेता के रूप में मान्यता मिली थी। इस बार के विधानसभा चुनाव में अमर कुमार बाउरी चुनाव हार गए, इसलिए भाजपा को विधायक दल का नया नेता चुनना पड़ा।धनवार से विधायक बाबूलाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं। पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष को इस संबंध में एक पत्र से सूचित किया था.विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने कहा कि उनसे पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय ने बाबूलाल मरांडी को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया था। बता दें कि गुरुवार को बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया था।

### क्विक न्यूज

#### नशा मुक्ति अभियान के तहद हुआ मैराथन दौड़ का आयोजन

**नैनीताल :** नशा मुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ से लोगों को जागरूक किया जाएगा। आगामी 12 मार्च को जनपद मुख्यालय में 05 किलोमीटर की मैराथन दौड़ आयोजित की गई है। जनपद के मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मैराथन दौड़ आयोजित की जा रही है। नैनीताल के मल्लीताल नैनीताल बैंड स्टैंड से मस्जिद होते हुए डीएसबी परिसर और वहां से से फांसी गधेरा और तल्लीताल स्टेशन होते हुए बैंड स्टैंड मल्लीताल में पूरी

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्यूनतम | 13° |

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

**प्रिय आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका बहनों,**

**आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च, 2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ।**

आज इस शुभ अवसर पर मैं अपने प्रिय आँगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका बहनों को राज्य के प्रति आपकी समर्पित सेवा के लिए दिल से सराहना करने के साथ-साथ अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य थीम Accelerate Action रखा गया है, जिसका मुख्य भाव महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता तथा सम्पूर्ण विकास को तेज गति देने पर जोर देता है। हमारी आँगनबाड़ी सेविकाएँ एवं सहायिका बहनों के द्वारा इस थीम को पूर्ण रूप से सार्थक करते हुए तन-मन से राज्य हित में कार्य किया जा रहा है। आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से समुदाय की सेवा में आपके अटूट, सम्पूर्ण और निरंतर प्रयासों के लिए अबुआ सरकार आपका आभारी है।

हमारे लिए बहुत गर्व का विषय है कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अन्तर्गत कुल- 37876 सेविकाएँ, 34941 सहायिकाएँ एवं 679 महिला पर्यवेक्षिकाएँ क्षेत्रीय कार्यकर्त्ता के रूप में समाज में समान अवसर का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण देते हुए निरंतर कार्यरत हैं।

आज आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से नियमित स्वास्थ्य जाँच, वृद्धि निगरानी, टीकाकरण तथा कुपोषण प्रबंधन के माध्यम से मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आयी है, जो काफी गौरवान्वित करता है। पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषय को जन आंदोलन का रूप देकर कुपोषण मुक्त झारखण्ड की कल्पना को साकार करने की यात्रा में आप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहीं हैं।

उल्लेखनीय है कि आज झारखण्ड राज्य में 154186 गर्भवती महिलाओं, 121655 धात्री माताओं तथा 1323217 छः माह से तीन वर्ष के बच्चों को पोषक तत्व से भरपूर शिशु आहार, पौष्टिक मीठा दलिया एवं नमकीन दलिया नियमित रूप से आँगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही, 3 से 6 वर्ष के बच्चों को गर्म ताजा पका हुआ भोजन के साथ-साथ अण्डा भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कि बच्चों का विकास सही ढ़ग से हो सके तथा वे राज्य निर्माण में अपना सम्पूर्ण योगदान दे सकें।

आज के Digital युग में हमारी आँगनबाड़ी सेविकाएँ तथा महिला पर्यवेक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए जल्द ही उन्हें Smart Phone उपलब्ध कराया जाएगा।

आपके द्वारा कई महत्पूर्ण योजनाओं यथा-सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना, पोषण अभियान योजना, पेंशन योजना, नि:शक्त कल्याणार्थ योजना, सामुहिक कुरीति निवारण योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिससे कि जनसमुदाय को इन योजनाओं का लाभ ससमय मिल सके। साथ ही, बी.एल.ओ. के रूप में आपके अथक प्रयासों के कारण राज्य भर में मतदाताओं का समावेशीकरण हुआ है एवं चुनाव पर्व में लोगो ने बढ़-चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

आज इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आपकी मेहनत और लगन के साथ-साथ महिलाओं के सम्पूर्ण विकास, सशक्तिकरण तथा समान अवसर दिलाने की दिशा में आईए मिल कर हमसब प्रयास करें ताकि **अबुआ झारखण्ड-स्वस्थ और सुपोषित झारखण्ड बन सके।**

**आपका आभार और धन्यवाद !**


शुभकामनाओं सहित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR NO-348116 (Women, Child Development & Social Security) 24-25

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल, झारखण्ड



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
पर समस्त नारी शक्तियों को हमारा
जोहार एवं अभिनन्दन

तू ही शक्ति,
तू ही सृष्टि,
कैसे करुं तुम्हारा वंदन,
तुझसे ही जग की अभिव्यक्ति!
महिला, जिनके बिना परिवार,
समाज, देश और इस संसार की
कल्पना ही नहीं की जा सकती,
जिनके अस्तित्व को कोई चुनौती
ही नहीं दे सकता,
उन्हें सदैव नमन

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO-348063 (IPRD) 24-25

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**संक्षिप्त खबरें**

### पंचायत समिति का मासिक बैठक आज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** दिन शनिवार को प्रखंड सभागार पाटन में पंचायत समिति की मासिक बैठक आहूत की गई है। इसी बैठक में महिला दिवस के अवसर पर महिला प्रतिनिधि तथा महिला कर्मियों का सम्मान समारोह रखा गया है। जिसमे प्रखंड वासियो सादर आमंत्रित है। उक्त जानकारी पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने दी।

# सड़क हादसे में विकास सोनी की दर्दनाक मौत

## ट्रक ने मारी थी बाईक को टक्कर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** शहर के बाईपास रोड जाटा-जुटी गांव के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में विकास सोनी (उम्र 28) की मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब उनकी बाइक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकास सोनी केतार थाना अंतर्गत बेलाबार गांव का रहने वाला था वह गुरुवार को अपने साले के तिलक में गढ़वा के टंडवा गया हुआ था। जब वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी अचानक पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विकास सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। साथ ही उक्त शव को सदर अस्पताल गढ़वा में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। परिजन उक्त शव को लेकर पैतृक गांव केतार के बेलाबार गांव पहुंचे जहां परिजन सहित आस पड़ोस के लोग दहाड़ मार कर रोने लगे। साथ ही हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उक्त शव का अंतिम संस्कार पास के ही पड़ा नदी तट पर किया गया। मृतक अपने पीछे माता-पिता,भाई,पत्नी सहित एक 6 मा का पुत्र को छोड़कर चल बसा। इस मौके पर पंचायत के मुखिया मूंगा साह बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम मृतक के पिता सिकंदर सोनी भाई उदय सोनी कुंडल सिंह अवधेश सिंह दिनेश कुमार सिंह गुप्त सिंह उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर भाजपा नेताओं ने जतायी खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर बिश्रामपुर के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने खुशी जतायी है. वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने श्री मरांडी को बधाई देते हुये पार्टी आलाकमान और विधायकों के प्रति आभार प्रकट किया. श्री यादव ने कहा कि सिर्फ पार्टी को ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश को बाबूलाल मरांडी के अनुभव का लाभ मिलेगा. बधाई देने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह, शिवबंश मिश्रा, कुश कुमार ओझा, रामनिवास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, शुशील शुक्ला, पवन शुक्ला, पार्षद दिनेश शुक्ला, रामप्रवेश मेहता सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## समाजवादी नेता स्व0 बिरझन वर्मा की पत्नी शांति देवी का निधन



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत परसोडीह गांव निवास भूतपूर्व समाजवादी नेता स्व0 बिरझन वर्मा की 83 वर्षीय पत्नी शांति देवी का निधन शुक्रवार को हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं और उनका इलाज गढ़वा सहित रांची अस्पताल में चल रहा था जो गुरुवार को ही घर लौटी थीं। शांति देवी के निधन की खबर से परिवार और उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। मृतिका वरिष्ठ समाजसेवी अजय वर्मा एवं संजय वर्मा की मां थी। उनके अंतिम दर्शन के लिए रिश्तेदार, मित्र और समाजवादी विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ता उमड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने कहा कि शांति देवी न केवल समाजवादी नेता स्व0 बिरझन वर्मा की धर्मपत्नी थीं, बल्कि वे भी सामाजिक कार्यों में गहरी रुचि रखती थीं। उनके निधन से समाजवादी विचारधारा के समर्थकों में गहरा शोक है। स्थानीय नेताओं ने शांति देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे एक सहृदय और समाजसेवी महिला थीं, जिन्होंने सदैव सामाजिक न्याय और सेवा को प्राथमिकता दी। उनकी अंतिम संस्कार पास के ही पड़ा नदी तट पर हिंदू रीति रिवाज के अनुसार की गई।

## सोनवर्षा ने नौडीहा को हराया, धीरू को मिला मैन ऑफ द मैच



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहिया समता हाई स्कूल के मैदान में गुरुवार की रात्रि में आयोजित श्री श्री मां चतुर्भुजी नाइट कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 1 लीग मैच सोनवर्षा बनाम नौडीहा के बीच टूर्नामेंट खेला गया। शुरुआती पारी में बल्लेबाजी करते हुए सोनवर्षा टीम ने 195 रन का लक्ष्य नौडीह टीम को दिया। जवाबी पारी खेलते हुए नौडीहा की टीम ने 10 ओभर में 04 विकेट खोकर 143 रन बनाया और मैच को हार गई। इस दौरान धीरू कुमार को बेहतर बल्लेबाजी के कारण आयोजक एवं उद्घाटन करता समाजसेवी पंकज कुमार सिंह के द्वारा मैन ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर टूर्नामेंट के अध्यक्ष विभूति नारायण सिंह सचिव रामाश्रय मेहता कोषाध्यक्ष एनुअल परवेज़ उपाध्यक्ष श्याम बिहारी राम उप सचिव हेमंत कुमार मेहता आशीष गुप्ता गौतम पाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पूर्व सैनिक को 17 साल के बाद आरंभ हुआ विकलांगता पेंशन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हुसैनाबाद में स्थित पूर्व सैनिक कार्यालय में पेंशनरों की पेंशन संबंधित समस्यायों की समीक्षा की गई। सबसे पहले सभी पुर्व सैनिकों ने संगठन के हि एक कार्यकर्ता पुर्व सैनिक हवलदार अवध माली जीनकी 13 फरवरी को अकास्मिक देहांत हो गई थी शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट मोन धारन कर ईश्वर से उनकी आत्मा के शान्ति के लिए प्रार्थना की। वे अपने पिछे बृध पत्नी छोड़ गए हैं पत्नी को फेमिली पेंशन चालू कराने का कार्य कार्यालय द्वारा आरंभ कर दी गई है। कार्यालय द्वारा बहुत से पत्रा चार पेंशन विसंगतियां दूर करने हेतु चल रही है जिसमें मुख्य रूप से ग्राम रानी देवा पोस्ट कबरा खुर्द हैदर नगर निवासी पूर्व सैनिक नायक कामेश्वर सिंह जो आर्मी से शारिरिक विकलांगता के चलते 20 साल ड्यूटी करने के बाद 2008 में रिटायर्ड हुए थे लेकिन उन्हें विकलांगता पेंशन नहीं मिल रही थी । संगठन के पेंशन अधिकारी के द्वारा काफी पत्रा चार करने पर विकलांगता पेंशन 17 साल के बाद चालू हुआ है। इसी तरह वीर नारी शिवपति कुंवर ग्राम कुकही जिनको मेडिकल अलाउंस तीन वर्षो से नही मिल रही है। जिस की जानकारी आज मिली है बृध फेमिली पेंशनर को एलाउंस दिलाने केलिए संबंधित कार्यालय को पत्राचार आरंभ किया गया। लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि यह सब त्रुटियां केवल और केवल क्लर्क की अनदेखी के कारण होता है,जीसकी खामीयाजा हम सबों को उठानी पड़ती है।आगे उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक सेवा परिषद ऐसे विसंगतियों को दूर करने के लिए निशुल्क सेवा देने का कार्य हमेशा करते रहेगी । आगे कैप्टन दुखन सिंह ने अगामी होली मिलन पर सभी से बिचार किया एवं सर्व सम्मति से होली मिलन 12 फरवरी को मनाने का निर्णय लिया गया। आज के बैठक में कैप्टन दुखन सिंह, लेफ्टिनेंट प्रेम तोष प्रसाद के अलावा संगठन के संरक्षक लोकनाथ केशरी कोषाध्यक्ष सूबेदार सत्येंद्र ठाकुर, पेंशन अधिकारी अक्षय सिंह, प्रसाद सिंह, गोरी शंकर ठाकुर के अलावे पुर्व सैनिक शिवपति कुंवर के परिवार भी मौजूद रहे।

## लवली गुप्ता ने भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने पर बाबूलाल मरांडी को दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी भारतीय जनता पार्टी की नेत्री श्रीमती लवली गुप्ता ने पार्टी के विधायक दल के नेता के रूप में बाबूलाल मरांडी के चयन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रीमती गुप्ता ने विश्वास जताया कि बाबूलाल मरांडी जी के नेतृत्व में भाजपा राज्य के विकास के नए आयाम स्थापित करेगी और झारखंड में सेवा, सुशासन और अंत्योदय की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाएगी।श्रीमती लवली गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और बाबूलाल मरांडी जी के कुशल नेतृत्व में झारखंड में भाजपा और मजबूत होगी। राज्य में विकास और जनहित के मुद्दों पर कार्य होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि बाबूलाल जी की नेतृत्व में पार्टी के विधायक और कार्यकर्ता मिलकर राज्य के हर कोने में भाजपा के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बाबूलाल मरांडी जी के नेतृत्व में हेमंत सरकार की मनमानी पर अंकुश लगाएगी और राज्य में जनता की आवाज को बुलंद किया जाएगा। इसके अलावा, उन्होंने उम्मीद जताई कि मरांडी जी की नीति और दिशा से राज्य में सकारात्मक बदलाव आएगा और झारखंड को समृद्धि की ओर ले जाया जाएगा।बाबूलाल मरांडी का विधायक दल के नेता के रूप में चयन भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पार्टी के अंदर मजबूत नेतृत्व और संगठन की मजबूती के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। मरांडी जी के नेतृत्व में, राज्य में पार्टी की स्थिति को और मजबूत करने की कोशिश की जाएगी।भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है और राज्य के विकास में उनकी भूमिका को अहम माना है।

## पूर्व जिला उपाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह की चाची का निधन



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी बिनोद कुमार सिंह की चाची और भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय ललन कुमार सिंह की मां राजकुमारी कुंवर 95 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया, वह पिछले कुछ माह से बीमार चल रही थी, उनकी निधन की खबर सुनकर शहर के सिद्धनाथ नगर स्थित उनके आवास पर लोगों का तांता लग रहा. उनका अंतिम संस्कार देवरी सोन नदी स्थित मुक्तिधाम में किया गया है. छोटे भतीजा संजय कुमार सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी. उनके निधन पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व मंत्री बिहार सरकार लक्ष्मण राम, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी, जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ डी के सिंह, बशिष्ठ सिंह नेहाल असगर, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह, प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह, रवींद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, सैयद तकी हुसैन, श्रवण अग्रवाल, अजय प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी अशोक कश्यप, मुखिया अमरेंद्र कुमार ठाकुर,अयोध्या सिंह टिकैत, रामप्रवेश सिंह, रणविजय सिंह, कृष्णा बैठा, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, रामेश्वर राम, उषा देवी, कांग्रेस के वरिष्ट नेता धनंजय कुमार तिवारी, हसनैन जैदी, सैयद मशरूर अहमद, रघुराई यादव, प्रकाश अग्रवाल, पवन अग्रवाल, उदय विश्वकर्मा, बी एचयू के पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष बीरेंद्र कुमार सिंह, मुखिया योगेन्द्र सिंह, प्रभात सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, जाफर इमाम, मन्नू पांडेय, छोटू सिंह, अनिमेष अग्रवाल, समेत कई लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## स्वास्थ्य मंत्री से मिले समाजसेवी ऋतुराज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** समाजसेवी सह राजनेता ऋतुराज मिश्रा ने गुरुवार को सूबे के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से रांची जाकर मुलाकात की. उनकी यह मुलाकात स्वास्थ्य मंत्री के विधानसभा स्थित कार्यालय में हुयी. ऋतुराज मिश्रा ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से पलामू के स्वास्थ सुविधाओं पर चर्चा की. उन्हें सरकारी अस्पतालों के वर्तमान हालात की जानकारी दी.निजी अस्पतालों के मनमानी के बारे में भी बताया. कहा कि निजी अस्पताल संचालक मरीजों को इमोशनल ब्लैकमैल कर उनसे मनमाना पैसा वसूलते हैं. जिसपर रोक लगाने की जरूरत है. इरफान अंसारी ने कहा कि प्रदेश के सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है.सरकारी या गैर सरकारी अस्पतालों में कुछ भी गलत होता है तो इसकी जानकारी तुरंत फोन कर के दें. जांचोपरांत दोषियों पर समुचित कार्रवाई की जायेगी. ऋतुराज मिश्रा ने स्वास्थ्य मंत्री को पलामू आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

# जिला परिषद बोर्ड की बैठक में राजस्व संग्रहण एवं जनहित के कई एजेंडा पर हुआ निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला परिषद बोर्ड की बैठक आज समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी ने की। बैठक में गत बैठक के अनुपालन की समीक्षा की गई। साथ ही विभागवार समीक्षा के दौरान राजस्व संग्रहण एवं जनहित के कई एजेंडों पर निर्णय लिए गए। बोर्ड की बैठक में लम्बी अवधि से दुकानों का किराया जमा नहीं करने पर आवंटियों का आवंटन रद्द करने तथा बकाया किराया वसूली हेतु सर्टिफिकेट केश दर्ज करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही पुराना/जर्जर दुकानों/ भवनों की मरम्मति कराने के साथ शटर बदलने एवं दुकानों के सामने चारदीवारी तुड़वाने पर चर्चा की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में बीपीएएमएस अंतर्गत जिला परिषद स्तर से नक्शा स्वीकृति हेतु नोटिस भेजने पर निर्णय लिया गया। जिला परिषदीय आवंटित दुकानों का किराया प्रत्येक वर्ष 5 प्रतिशत बढ़ोत्तरी करने पर निर्णय लिया गया। दुकानों का किराया 1 जनवरी 2018 से अपरिवर्तित है। जिला परिषद कर्मी द्वारा किराया वसूली हेतु प्रखंड भ्रमण पर यात्रा भत्ता एवं चाय-नाश्ता हेतु भत्ता स्वीकृति की गयी। आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण में स्थल विवाद से अच्छादित योजनाओं के समय वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया गया। विदित हो कि वर्तमान में करीब 50 आंगनबाड़ी केन्द्र योजनाओं में स्थल विवाद चल रहा है। इसके निस्तारण हेतु अंचल एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा समेकित प्रयास किया जा रहा है। 15वें वित्त आयोग मद की 2020-21 एवं 2021-22 की शुन्य प्रगति वाले योजनाओं को रद्द करने हेतु माननीय पार्षद से पुनः आवेदन मांगे गये हैं, जिनपर आवेदन प्राप्त है, को रद्द करने का प्रस्ताव पास किया गया। जिला परिषद में अनुमंडल स्तर पर 3 एवं विश्रामपुर में 1 कुल 4 मोक्ष वाहन क्रय करने पर स्वीकृति प्रदान की गयी। जिला परिषद में 1 रात्री प्रहरी रखने तथा एक जेसीबी क्रय करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बताया गया कि किसी काम के लिए प्राइवेट से जेसीबी लेकर कार्य कराना पड़ता है। इसमें अत्यधिक राशि खर्च होती है। अपना जेसीबी होने से कार्य कराने में आसानी होगी। विभिन्न जिला परिषदीय इकाईयों के निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान की गयी। वहीं हैदरनगर में व्यवसायिक इकाई, प्रखंड मुख्यालयों में गेस्ट हाउस, सतबरवा में मैरेज हॉल पीपीटी मोड में दुकान, व्यवसायिक भवन निर्माण, मार्केट कम्पलेक्स एवं स्वागत द्वार निर्माण का निर्णय लिया गया। जिला परिषद की बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों स्पष्टीकरण एवं अनुपस्थित पदाधिकारियों के साथ अप्रैल माह में अलग से बैठक कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह सहित जिला परिषद के माननीय सदस्य एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, कार्यपालक पदाधिकारी-सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिंगरौली पटना एक्सप्रेस के जेनरल डब्बे से यूपी की देशी शराब बरामद

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जपला रेलवे स्टेशन पर अपराधी गतिविधियों की निगरानी एवं शराब तस्करी रोक थाम में शामिल आरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने सिंगरौली पटना गाड़ी संख्या 13349 के डिब्बों में जांच पड़ताल के दौरान जुट का एक लावारिस बोरा मिला। आरपीएफ पोस्ट जपला के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यात्रियों से पूछ ताछ करने पर किसी ने उसपर मालिकाना हक नहीं जताया। आस पास कोई संदिग्ध व्यक्ति भी नहीं पाया गया। इस स्थिति में लावारिस बोरा को जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर उतार कर जांच पड़ताल की गई।

# एनएच 39 पर भंडार गांव के पास कार व पिकअप में हुआ सीधी टक्कर, तीन घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला - पड़वा मुख्य पथ (एनएच- 39) पर भंडार गांव के पास क्रेटा कार व मालवाहक पिकअप के बीच सीधी टक्कर हो गयी. जिससे तीन लोग घायल हो गये.जिसमें से एक की हालत गंभीर बतायी जा रही है.घटना गुरुवार देर रात 11 बजे की है. घटनास्थल पर पुलिस पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों द्वारा घायलों को इलाज के लिये मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया. जहां घायलों का इलाज चल रहा है.मिली जानकारी के अनुसार नावा बाजार थाना क्षेत्र के रजहारा गांव निवासी धर्मेंद्र पांडेय अपने दोनों बेटों के साथ क्रेटा कार से एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे.इसी दौरान भंडार गांव के पास रेहला की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार मालवाहक पिकअप से आमने सामने की भीषण टक्कर हो गयी.जिसमें कार में सवार तीनों लोग घायल हो गये.इस घटना में पिकअप चालक को भी मामूली चोट आयी है.ग्रामीणों ने तत्काल तीनों घायलों को मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया.धर्मेंद्र पांडेय के गंभीर स्थिति को देखते हुये उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया.इधर सूचना मिलते ही बिश्रामपुर थाना के एसआई प्रदीप शर्मा व नौगाढ़ा ओपी प्रभारी अनिल यादव पुलिस बल के साथ घटनास्थ पर पहुंचे.पुलिस दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब कर थाना ले आयी. ग्रामीणों ने बताया कि फोरलेन सड़क निर्माणाधीन होने के कारण सड़क कई जगहों कटा हुआ है. कई जगहों पर डायवर्सन बनाया गया है. सड़क निर्माण कंपनी द्वारा सड़क सुरक्षा मानकों का ख्याल नहीं रखा जा रहा है. सड़क निर्माण में खोदे गए गढ्ढे व डायवर्सन के किनारे बैरिकेडिंग के बजाय रिबन बांधा गया है. जिससे खोदा गया सड़क व डायवर्सन दूर से दिखता ही नहीं है.जिससे चालकों को उसका अंदाज नहीं लग पाता है. इसी कारण आये दिन हादसा घटित हो जा रहा है.अब तक कई लोगों की जान भी जा चुकी है. इसके अलावा दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं. बावजूद जिला प्रशासन सड़क निर्माण करा रही कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

# चोरी का प्रयास और चोरी के मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन

## दो गिरफ्तार, तीसरे के लिये छापेमारी जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विगत दिनों 3 मार्च की रात्रि में नगर ऊंटारी थाना के कोर्ट परिसर स्थित दुकान में चोरी तथा धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा में सेंट्रल बैंक में चोरी का प्रयास का उद्भेदन नगर ऊंटारी थाना तथा धुरकी थाना ने संयुक्त रूप से मिलकर कर दिया है। उक्त बातें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेंद्रनारायण सिंह थाना में प्रेस वार्ता के दौरान देते हुये उन्होंने बताया कि दोनों कांडों में शामिल दो अभियुक्तों को छापामारी दल ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हीं की निशानदेही पर चोरी गए प्रिंटर, इनवर्टर, कीबोर्ड, माउस, इनवर्टर की बैटरी, मोबाइल सहित 6000 भी बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया की 3 मार्च की रात्रि को नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के कोर्ट परिषद के पास स्थित दो दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा दो प्रिंटर, एक इनवर्टर, एक इनवर्टर बैटरी, लेमिनेशन मशीन, कीबोर्ड और माउस के साथ ?6000 की चोरी कर लिया गया था।उसी रात्रि को ही धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा स्थित सेंट्रल बैंक आफ इंडिया में भी अज्ञात अपराध कर्मियों ने चोरी करने के नियत से बैंक के रोशनदान को तोड़कर बैंक में घुस गये थे। इस संबंध में नगर उंटारी थाना कांड संख्या 27/2025 धारा 334 (1) /303 (2)/बीएनएस तथा धुरकी थाना कांड संख्या 20/2025 धारा 334 (1)/303 (2)/62 बीएनएस के अंतर्गत दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि दोनों कांड का त्वरित उद्भेदन एवं अपराध कर्मियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय गढ़वा के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान/ छापामारी टीम का गठन किया गया था। उक्त टीम के द्वारा अनुसंधान छापामारी के क्रम में तकनीकी साक्ष्य एवं गुप्त सूचना के आधार पर सरफराज अहमद (22 वर्ष) पिता बशीर अंसारी साकिन निमियाडीह, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र तथा अंकित कुमार यादव (18 वर्ष) पिता गोपाल यादव ग्राम दिघुल, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र को पकड़ कर पूछताछ किया गया तो सरफराज अहमद एवं अंकित कुमार यादव ने कांड में अपनी संलिप्तता को स्वीकार किया और अपने निशान देही पर चोरी गए सामान के साथ 6000 भी बरामद कर लिया गया है।क्योंकि दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना में शामिल एक अन्य व्यक्ति अताऊर रहमान उर्फ गुलाब की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर राज सत्यनारायण सिंह थाना प्रभारी नगर ऊंटरी आदित्य कुमार नायक, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, पुअनि रंजन कुमार, संदीप कुमार रवि, विकु कुमार, संजय पासवान, अनुज कुमार सिंह, हवलदार नवल राम, आरक्षी विजय यादव सहित पुलिस बल शामिल थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के पर्यटन स्थलों पर महिलाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रवेश

**रांची :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड पर्यटन विभाग ने राज्य की महिलाओं के सम्मान में एक विशेष पहल की है। इस पहल के तहत 8 मार्च को राज्य के सभी पर्यटन स्थलों, पार्कों, झरनों और विशेष रूप से पतरातू लेक पार्क में महिलाओं के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार के विजन के तहत की गई इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को अपने व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर राज्य के मनोरम पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने और प्रकृति की सुंदरता का आनंद लेने के लिए प्रेरित करना है।पर्यटन विभाग ने कहा कि वह महिलाओं को एक सुखद और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### मरांडी ने सरकार, पुलिस और प्रशासन पर उठाए सवाल

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि झारखंड में रांची के चान्हो स्थित आनंद मार्ग आश्रम में लूटपाट और साधु की हत्या की घटना राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन की विफलता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि आश्रमों और धार्मिक स्थलों को सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए, लेकिन इस घटना ने यह साफ कर दिया कि कानून-व्यवस्था चरमरा चुकी है। अपराधी आश्रम के अंदर घुसकर न केवल लूटपाट करते हैं, बल्कि एक साधु और ग्रामीण की हत्या कर फरार हो जाते हैं। झारखंड में धार्मिक स्थलों पर लगातार हमले हो रहे हैं, लेकिन सरकार इन घटनाओं को रोकने में असफल रही है।

# मुख्यमंत्री के पहल पर 67 दिनों बाद सऊदी से शादाब का पार्थिव शरीर पहुंचा डाल्टनगंज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने किए वादे को पूरा कर रहे हैं, यह इस बात से भी स्पष्ट होता है कि बीते 27 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को यह जानकारी दी गई थी कि डाल्टनगंज मुस्लिम नगर के रहने वाले शादाब राइन पिता जाबिर राइन की मृत्यु 17 जनवरी 2025 को सऊदी अरब में हो गई थी। मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया, लेकिन बताया जाता है कि अचानक मृत्यु हो गई थी , लेकिन उनके परिजन इतने सक्षम नहीं थे कि शादाब का पार्थिव शरीर डाल्टनगंज वापस मंगा सके।

परिजनों का रो रो के बुरा हाल था, तभी झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता समाज सेवी लाडले खान से इस बात की जानकारी दी गई । लाडले खान ने 25 फरवरी को स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी से परिजनों को मुलाकात करवाया । इरफान अंसारी ने भरोसा दिलाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर पूरे जानकारी देंगे और मदद ली जायेगी और पार्थिव शरीर को साऊदी से झारखंड मंगाया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा सत्र के दौरान 27 फरवरी को डॉक्टर इरफान अंसारी ने लाडले खान और मृतक शादाब की पत्नी हिना बीवी और उसके तीनों बच्चों को लेकर भेंट की और पूरी जानकारी दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तुरंत कहा कि इतना लेट से मुझे क्यों बताया, मैं कोशिश करता हूं और पार्थिक शरीर को मंगाने का प्रयास करता हूं और उन्होंने सऊदी अरब में संपर्क किये । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अथक प्रयास के बाद सऊदी अरब सरकार ने लगभग 67 दिनों के बाद पार्थिव शरीर साऊदी से लखनऊ भेज दिया



गया । परिजन एंबुलेंस लेकर लखनऊ पहुंचे ,और 7 मार्च को ही लखनऊ से पार्थिव शरीर लेकर डाल्टनगंज मुस्लिम नगर आ गए, और तरावीह की नमाज के बाद नजदीक के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया।

**इंतजार खत्म :** शादाब का पार्थिव शरीर आने की जानकारी जैसे ही मस्जिद से ऐलान किया गया तो, आसपास के लोग शादाब के घर के पास जुटने लगे थे, जो परिचित हैं उनका रो रो के बुरा हाल था। और उनके पुराने दिनों को भी याद कर रहे थे । बताया जा रहा है कि 24 जुलाई 2024 को शादाब अपने साढ़ू के साथ सऊदी अरब रोजी रोटी कमाने के लिए गए थे, इसी दौरान अचानक 17 जनवरी को यह सूचना मिली कि उसकी मृत्यु हो गई । तब से परिवार के लोग परेशान थे। पार्थिव शरीर परिजनों तक पहुंचे इसके लिए समाजसेवी लाडले खान की मेहनत रंग लाई वहीं प्रभात मंत्र अखबार ने अपने स्तर से इस खबर को प्रमुखतः के साथ प्रकाशित करते रहे ताकि सरकार त्वरित निर्णय ले। वही हुआ भी, सरकार ने पुरजोर कोशिश की जिसका सार्थक परिणाम यह हुआ कि मृतक शादाब राइन का पार्थिव शरीर उनके परिजनों को सौंपा दिया गया और शादाब को अब अपने परिजनों और बस्ती वालों के हाथों की मिट्टी नसीब हो गया।

# शहर में अपराधियों का मनोबल बढ़ा कोयला कारोबारी को मारी गोली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** छिनताई, रेप, लूट, हत्या की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। लगातार डीजीपी अनुराग गुप्ता अपराध पर कंट्रोल करने के लिए एसपी, एस एसपी को निर्देश पर निर्देश दे रहें हैं। लेकिन थानेदार असफल ह रहे है। भले पुलिस घटना के कुछ घंटे में कुछ मामलों का निष्पादन कर रहे हैं बावजूद इसके अपराधी डरने का नाम नहीं ले रहा है। चान्हो डबल मर्डर में पुलिस ने गिरफ्तार किया,तओ दूसरे दिन बरियातू इलाके में कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर दिनदहाड़े हुए जानलेवा हमला कर दिया गया। इधर विधनसभा बजट सत्र चल रहा है और भाजपा लगातार सदन में सत्ता पक्ष को यह कहते हुए घेर रहा है कि इस सरकार में कानून व्यवस्था ठप है। बता दे कि बरियातू थाना क्षेत्र के सेंट्रल अकादमी के पास सुबह में बिपिन मिश्रा कोयला कारोबारी को गोली मारकर घायल कर दिया है। घटनास्थल पर आइजी अखिलेश झा,एसएसपी चंदन सिन्हा सिटी एसपी राज कुमार मेहता और



एटीएस एसपी ऋषभ झा भी पहुंचे । बताया जा रहा है कि घायल बिपिन मिश्रा ट्रांसपोटिंग का काम करते हैं। बिपिन मिश्रा को दो गोली मारी गई है। एक हाँथ में, तो दूसरा गर्दन को छूते हुए निकल गयी। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए मेडिका अस्पताल भर्ती कराया गया है। कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा के अंगरक्षक ने पुलिस को बताया कि अपराधियों ने दोनों तरफ से फायरिंग किया है। तीन की संख्या में अपराधी थे। अंगरक्षक ने भी पिस्टल से दो और रायफल से फायरिंग की लेकिन किसी भी अपराधी को गोली नहीं लगी।

# राज्यपाल से जेपीएससी अध्यक्ष और नीलाम्बर पीताम्बर विवि के कुलपति ने की शिष्टाचार भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के नवनियुक्त अध्यक्ष एल. खियांग्ते ने शुक्रवार को राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने उन्हें आयोग के कार्यों की समीक्षा करने की सलाह दी और झारखंड लोक सेवा आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में गति, पारदर्शिता और निष्पक्षता लाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रयास से आयोग अपनी खोई हुई विश्वसनीयता पुनः प्राप्त करेगा, जिससे जनमानस में इसकी छवि बेहतर होगी और विद्यार्थियों की शिकायतें दूर होंगी। इसके अलावा, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से पलामू के नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डॉ. डीके सिंह ने भी राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने डॉ. सिंह से विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की स्थिति में सुधार लाने के लिए व्यापक प्रयास करने की अपील की। उन्होंने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने, अकादमिक कैलेंडर का पालन करने और सत्र के नियमितीकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

# अगर आप भी ऋण लिए हैं, तो पीएनबी में जाकर ऋण से मुक्ति पाये

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पंजाब नैशनल बैंक, राँची मंडल द्वारा गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) खाता धारकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से 7 मार्च, 2025 को अपनी सभी शाखाओं में ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएनबी राँची शाखा में आयोजित ऋण मुक्ति शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान कार्यालय से महाप्रबंधक प्रवीण कुमार शर्मा, राँची मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, सस्त्रा प्रमुख अभिजीत गुप्ता, उप मंडल प्रमुख नितिन कुमार बंका और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस शिविर के माध्यम




से ग्राहकों को अपने ऋण भुगतान करने का सुनहरा अवसर मिला। बैंक ने एकमुश्त ऋण निपटान योजना के तहत अधिक से अधिक छूट देकर ग्राहकों को लाभान्वित करने का प्रयास किया, जिससे ग्राहक कानूनी कार्रवाई से मुक्त हो सके तथा वित्तीय स्थिरता प्राप्त कर सके। इस दौरान इच्छुक ऋणी ग्राहकों ने ओटीएस योजना के तहत रियायती दर पर अपने ऋण का निपटान किया।

# केंद्रीय सरना स्थल के पास से रैम्प को 48 घंटे के अंदर हटाये : पुष्कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सिरम टोली केंद्रीय सरना स्थल के मुख्य द्वार के पास फ्लाई ओवर का रैंप हटाने की मांग को लेकर मानव श्रृंखला राज्यपथ, हरमु रोड से अरगोड़ा चौक तक बनाया गया। मानव श्रृंखला कार्यक्रम का समर्थन करते झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो व कोषाध्यक्ष सरोजनी कच्छप ने कहा कि सरना स्थल की आड़ में झारखंड के अस्तित्व, अस्मिता एवं पहचान को मिटाने का साजिश षड्यंत्र किया जाना दुर्भाग्य की बात हैं। हम विकास कार्यों का विरोधी नहीं बल्कि समर्थक हैं लेकिन विकास हमारे भाव भावनाओं ,भाषा, संस्कृति, संस्कार विरासतों, धरोहरों, परंपरा वगैरह को मिटाकर करना न्याय संगत नहीं है। हम झारखंड के लोग प्राकृतिक के पूजक जल ,जंगल ,जमीन की रक्षा पर्यावरण की सुरक्षा चाहते हैं. हम अपनी धार्मिक स्वतंत्रता पर विश्वास करते हैं। फ्लाइ ओवर का निर्माण कर रहे कंपनी जुटको केंद्रीय सरना स्थल के पास से रैम्प को 48 घंटे के अंदर में हटाए व बहु बाजार गुन्गु टोली तक बने फ्लाइ ओवर से जोड़ने का काम करें। ऐसा नहीं किए जाने पर 24 मार्च 2025 को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा अपनी मांगों के साथ सिरम टोली केंद्रीय सरना स्थल के पास से रैम्प हटाने की मांग को लेकर विधानसभा का घेराव- प्रदर्शन करेगी।

# श्री महावीर मंडल ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री महावीर मंडल , बड़ा तालाब राँची के प्रांगण में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू , पूर्व अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू , पूर्व मंत्री कैलाश केसरी , ललित ओझा , राकेश सिंह , चैती दुर्गापूजा महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे महामंत्री गोपाल पारीक , राम बानर सेना के अध्यक्ष लंकेश सिंह , महावीर मंडल कांके से नकुल तिर्की , समाजसेवी सुनील गुप्ता , उपेंद्र रजक एवं सरना समाज के रंजीत उरांव उपस्थित थे । समारोह का संचालन श्री महावीर मंडल राँची के




पूर्व मंत्री ललित ओझा ने की एवं धन्यवाद ज्ञापन गोपाल पारीक ने की ।होली मिलन समारोह में श्री महावीर मंडल राँची के सभी नेतृत्वकर्ताओ का स्वागत मंडल के पदाधिकारियों के द्वारा अबीर - गुलाल लगाकर किया गया । होली मिलन समारोह में मिश्रा ने सभी अखाड़ाधारियों एवं नेतृत्वकर्ताओ का अभिवादन किया एवं सभी से रामनवमी मोहत्सव 2025 को ऐतिहासिक रूप से मनाने का निर्णय लिया । मिश्रा ने सभी से श्री रामनवमी महोत्सव 2025 की तैयारी शरू करने का आवाहन किया एवं होली के बाद प्रथम मंगलवार (18.03.2025) को प्रथम मंगळवारी जुलूस की तैयारी करने का आवाहन किया एवं अपने अपने अखाड़ा में झंडा स्थापित करने को कहा ।होली मिलन समारोह में श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व उपाध्यक्ष राज किशोर , सुभाष साहू , राहुल सिन्हा चंकी , सुनील रंजन सहाय प्रकाश चंद्र सिन्हा , सुनील शर्मा, रमेश केडिया , राम अनुज सिंह , इंदर सिंह , प्रकाश साहू , टिंकू महतो , अमित केसरी सहित सैकड़ों अखाड़ाधारी एवं नेतृत्वकर्ता उपस्थित थे ।

# लोगों को नहीं है फुलो झानो योजना की जानकारी : कुशवाहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बजट सत्र में शुक्रवार को भाजपा विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि राज्य के लोगों को फुलो झानो योजना की जानकारी ही नहीं है। ऐसे में हड़िया और दारू बेचने वाली महिलाएं किस प्रकार से योजना का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने राज्य में बालू की किल्लत के चलते आवास योजनाएं पूरी नहीं होने आरोप सरकार पर लगाया। उन्होंने कहा कि बालू का ठेका बिचौलिए के हाथों में है। ऐसे गरीबों के घर कैसे बन पाएंगे। उन्होंने कहा? कि उनके क्षेत्र में पांच सड़कों का टेंडर हुआ था, लेकिन मेसर्स सिदिलिया कंस्ट्रक्शन ने अब तक काम शुरू नहीं किया है। ऐसे संवेदकों पर सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। विधायक ने पीएम आवास योजना की राशि एक लाख 20 हजार को बढ़ाने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना में काम केवल कागजों पर ही होता है। विधायक ने कहा कि गठबंधन सरकार ने अपनी सात गारंटी में ओबीसी आरक्षण की सीमा को बढ़कार 27 प्रतिशत करने का वादा किया था, जिसे सरकार पूरा करे। झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने मुख्यमंत्री से राज्य में पेसा कानून को लागू करने की मांग की। उन्होंने पूर्व की रघुवर सरकार पर ग्राम सभा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने ग्राम प्रधानों को गैरमजरूआ जमीन की रसीद काटने से रोका और इस जमीन का लैंड बना दिया। इससे भूमिहीन लोगों की जीविका छीन गई। ऐसे लोग गैरमजरूआ और गोचर जमीन पर



खेती कर जीवन यापन करते थे। उन्होंने सरकार से राज्य् के 13 जनजातीय जिलों में पेसा कानून को सख्ती से लागू करने की मांग की। हेमलाल ने केंद्र सरकार पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी और सीबीआई के जरिए प्रताड़ित कर पांच माह तक जेल में रखने का आरोप लगाया।

# स्कूली बच्चों को नशे का लगा रहा था लत, पुलिस ने दबोचा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** डीएसपी वन अमर पांडेय ने पत्रकारों को बताया कि टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के सरला बिरला पब्लिक स्कूल के समीप, नशीले पदार्थ(कैप्सूल, सीरप) बेचते हुए दो युवाओं को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पिठोरिया निवासी सहबाज खान एवं गुड्डू खान शामिल है। ये लोग अधिकतर युवा वर्ग और स्कूल, कॉलेज के बच्चों को कैप्सूल व सीरप बिक्री किया करते थें। दोनों के पास से भारी मात्रा में शहबाज खान के पास से एक बाइक, 75 बोतल कफ सिरप, 6 पत्ता यानी 144 पीस नशीला कैप्सूल और 1340 रुपये कैश जब्त किये गये हैं। स्कूली बच्चों को टारगेट कर उन्हें यह नशीली दवाइयां बेचते हैं। थानेदार रंजीत कुमार सिन्हा ने नशीले पदार्थ बेचने वालों का भंडाफोड़ किया। क्षेत्र के लोगों ने उनके बेहतर कार्यशैली की सराहना कर रहे हैं। लोगों का कहना है की टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के सिलवे और होरहाप में जमकर अवैध शराब का धंधा चल रहा है।

# महिलाओं ने पारंपरिक धरोहर को जीवंत बनाए रखा है: अंबा प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बड़कागांव की पूर्व विधायक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव, पश्चिम बंगाल सह प्रभारी अंबा प्रसाद ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर महिलाओं के लिए शुभकामना संदेश दिया है। अंबा प्रसाद ने महिलाओं को पारंपरिक धरोहर को जीवंत बनाए रखने का सूत्रधार बताते हुए कहा कि झारखंड की महिलाओं ने अपनी लोकसंस्कृति को बचाने और उसे एक नए आयाम तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।अंबा प्रसाद ने कहा कि झारखंड की लोक संस्कृति, जिसमें पारंपरिक लोककला, लोकगीत, नृत्य, हस्तशिल्प, खानपान और रीति-रिवाज शामिल हैं, को संरक्षित और संवर्धित

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष



करने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने न केवल अपनी पारंपरिक धरोहर को जीवंत बनाए रखा है, बल्कि उसे समकालीन संदर्भों में पुनर्परिभाषित भी किया है, जिससे यह आजीविका और स्वावलंबन का साधन बना है।

**बेंगाबाद की सर्किल इंस्पेक्टर ममता कुमारी ने कहा:** मीरा की अमर भक्ति जहर से मर नहीं सकती, झांसी वाली रानी किसी से डर नहीं सकती,मदर टेरेसा, कल्पना हो या सानिया मैरी कॉम असंभव क्या है दुनिया में जो नारी कर नहीं सकती। उन्होंने आगे कहा कि महिला बेटी, बहन , मां, पत्नी जिस रूप में रही है वे ताकतवर है, शक्तिशाली है। महिला बहुत सशक्त और शक्तिशाली रही है महिला आत्मनिर्भर है।

**महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है:** डॉ मिस्फ़िका हसन राष्ट्रीय मंत्री, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सह झारखंड उच्च न्यायालय अधिवक्ता ने कहा कि महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ी है, चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान। अगर हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता देना ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जी सकें।

# शिक्षा केवल डिग्री नहीं, चरित्र निर्माण की आधारशिला : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल-सह-रांची विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, नैतिकता और समाज के प्रति संवेदनशीलता की सीख देती है। राज्यपाल शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के 38वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार, शोध और व्यावहारिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली बेटियों की सराहना करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान ने बेटियों के लिए शिक्षा और आत्मनिर्भरता के नए द्वार खोले हैं। राज्यपाल ने झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों के सतत विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय को जनजातीय समाज, पर्यावरण, जैव विविधता



और पारंपरिक चिकित्सा जैसे विषयों पर अनुसंधान को बढ़ावा देना चाहिए। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में न्यू इंडिया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की दिशा में हो रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान देने की अपील की। उन्होंने झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिद्ध-कान्हू, फूलो-झानो, नीलांबर-पीतांबर जैसे वीरों के संघर्ष केवल इतिहास नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि हमारे इतिहास में कई महान विभूतियां हैं, जिन्होंने संघर्षों के बीच मार्ग प्रशस्त किया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने अन्याय के खिलाफ विद्रोह किया। स्वामी विवेकानंद ने आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया।

# घटना को अंजाम देने जुटे थे तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने पत्रकारों को बताया कि कालू लामा गैंग के तीन गुर्गे जो अपराध की घटना को अंजाम देने की तैयारी एदलहातू के मुड़ा होटल में कर रहे थे,जिसकी सूचना पुलिस को मिल गई थी, इसी सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और तीन अभियुक्तों को पिस्टल के साथ दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों में अंकित कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह , अंकुश कुमार शामिल है। इसके पास से दो पिस्टल, पांच जिंदा गोलियां और 50 हजार



रुपये कैश जब्त किये गये हैं। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये तीनों बदमाश इलाके में दहशत फैलाने के मकसद से किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने इसके मंसूबो को नकाम कर दिया। इस छापेमारी में सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा , बरियातु थानेदार मनोज कुमार, एसआई पुजा विभुती उरांव, एएसआई मुकेश कुमार साह और सिपाही अजीत कुमार सिंह आदि शामिल थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, शनिवार, 8 मार्च 2025 | पेज 4


## एडवोकेट एसोसिएशन के सदस्य हाजी शकील अहमद क़ा हुआ इंतकाल



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांके प्रखंड क्षेत्र के ओयना के रहने वाले एडवोकेट जमील अख्तर का छोटा भाई 42 वर्षीय एडवोकेट शकील अहमद उर्फ वकील क़ा शुक्रवार की सुबह सात बजे घर से मेदांता अस्पताल ले जाने के क्रम में इंतकाल हो गया,मृतक के बड़े भाई जमील अख्तर ने बताया की एक महीना पहले उन्हें सेकंड हार्ट अटैक आया था, जिसका इलाज मेदांता हॉस्पिटल इरबा में चल रहा था, इलाज के बाद स्थिति में सुधार के बाद उन्हें घर लाया गया था, लेकिन शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गया इसके बाद उन्हें आनंद फाइनेंस में मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उन्हें जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया,मौत की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गया,परिजनों व रिश्तेदारों में मातम छा गई,लोग घर पर आकर एक झलक मायत को देखने के लिये लालाहित थे, शुक्रवार की दोपहर तीन बजे ओयना कब्रस्तान में जनाजे की नमाज पढ़ी गई और सुपुर ए खाक नम आँखो से किया गया, मालूम हो कि शकील अहमद एडवोकेट एसोसिएशन के सदस्य थे.वह अपने पीछे पत्नी दो छोटे-छोटे बेटे और एक बेटी सहित पूरा भरा परिवार छोट गए,जनाजे की नमाज ओयना मस्जिद के इमाम व खतिब मौलाना जमालूद्दीन मजाहरी ने पढ़ाई, जनाजे की नमाज में जन सैलाब उमर पाड़ा था, जनाजे की नमाज में मेदांता हॉस्पिटल के सीनियर सलाहकार सईद अहमद अंसारी,रांची अंजुमन के पूर्व सदर अबरार अहमद,अनवार अहमद अंसारी, एडवोकेट हफीजुद्दीन अंसारी, एडवोकेट मुमताज खान हुमायूं रशीद, परवेज आलम, एडवोकेट शाहिद अंसारी, एडवोकेट हसमत, हाजी अयूब अंसारी,शाहिद हसन, मोतिउर रहमान, एडवोकेट शाहिद जमाल, इंडियन पब्लिक स्कूल चंदवे के चेयरमेन मुजीब अली सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## माह-ए-रमजान इस्लाम का सबसे पवित्र महीना : मिन्हाज आलम



**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पवित्र माह-ए-रमजान का महीना इस्लाम धर्म में सबसे पवित्र एवं रमजान अल्लाह ताला का महीना है। उक्त बातें अंजुमन इस्लामिया कमेटी हेसल के सहसचिव सह कांग्रेस पार्टी के सोशल मीडिया प्रभारी मिन्हाज आलम ने कही। उन्होंने कहा कि रमजान के पूरे 30 दिन यानी ईद का चांद निकलने तक मुसलमानों को रोजा रखना होता हैं, रोजा सभी मुसलमान महिलाएं, पुरुष एवं नौजवान पर वाजिब है सिर्फ बच्चों एवं बीमार को छोड़कर। उन्होंने कहा कि रोजा का मतलब सिर्फ भूखे रहना ही नहीं बल्कि भूख प्यास के साथ पूरे जिस्म का भी रोजा रखना है, मतलब की हर बुराई एवं गुनाह से दूर रहकर रखा गया रोजा अल्लाह कबूल करता हैं रमजान के महीने में रोजा रखने का विशेष महत्व है इस दौरान इबादत के साथ-साथ पांचों वक्त की नमाज और तरावीह की नमाज का भी विशेष स्थान है रमजान का यह पवित्र महीना रोजे के माध्यम से आत्मसंयम, इबादत और जरूरतमंदों की सहायता करने का एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों पर रोजा इसलिए फर्ज है ताकि इस खास बरकत वाले रूहानी महीने में उनसे कोई गुनाह ना हो पाये यह खुदाई असर का नतीजा है। रमजान लगभग हर इस्लामी नजरियों से खुद को बदलता है और हर तरह से अल्लाह की रहमत पाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह-ए-रमजान ना सिर्फ रहमतों और बरकतों का महीना है बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम भाईचारे और इंसानियत का भी संदेश देता है।

## विप्रो जीई हेल्थकेयर की हेल्थ यात्रा पश्चिम बंगाल में स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकी लेकर आई

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेल्थकेयर तकनीक के अग्रणी वैश्विक प्रदाता विप्रो जीई हेल्थकेयर ने अपनी हेल्थ यात्रा जारी रखी है - एक हेल्थकेयर अभियान जिसका उद्देश्य सीमित हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और पहुंच वाले टियर 3 और 4 शहरों में रोगियों के निदान और उपचार पर उन्नत तकनीक के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, यह पहल निदान सटीकता में सुधार और नैदानिक कार्यप्रवाह को सुव्यवस्थित करने के लिए उन्नत अल्ट्रासाउंड और रोगी देखभाल तकनीकों का उपयोग करने के बारे में फ्रंटलाइन चिकित्सकों को शिक्षित करके उच्च गुणवत्ता वाली रोगी देखभाल तक पहुंच का विस्तार करना चाहती है।

## सेंसोडाइन की रिकॉर्ड-तोड़ दंत चिकित्सा पहल से बाजार में पहुंच बढ़ेगी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हेलियन के प्रीमियम ओरल केयर ब्रांड सेंसोडाइन ने महाकुंभ 2025 में 27,396 स्क्रीनिंग पूरी करके 24 घंटे में सबसे ज़्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स हासिल किया है। इस पहल का उद्देश्य सक्रिय ओरल हेल्थ जागरूकता को बढ़ावा देना है, साथ ही सेंसोडाइन के 20 के छोटे टूथपेस्ट पैक को भी लॉन्च किया गया, जिससे भारतीय बाजार में किफ़ायती और सुलभता बढ़ेगी।30 से ज़्यादा IDA-सदस्य डेंटिस्ट और 200 से ज़्यादा प्रमोटरों की मदद से इस अभियान ने ए डेंटल फ्रेंड और स्मिलो के सहयोग से मोबाइल तकनीक का लाभ उठाया। इस पहल ने सेंसोडाइन के वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे 2025 अभियान की शुरुआत की, जिसमें उपभोक्ता शिक्षा, डिजिटल चेक-अप और कॉर्पोरेट स्वास्थ्य शिविरों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

## चतुर्थ शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीयकृत मध्य विद्यालय चकला ओरमांझी में चतुर्थ शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य रूप से उपस्थित चकला पंचायत के मुखिया शिवनाथ मुंडा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। मौके पर उपस्थित पूर्व उप मुखिया आफताब आलम ने कहा कि जब भी विद्यालय में अभिभावक शिक्षक बैठक होती है तो आप सभी अपना समय निकालकर बैठक में जरूर पहुंचे। और दूसरे अभिभावकों को भी साथ में लाने का प्रयास करें। और अपने बच्चों का जो भी समस्या हो खुलकर बैठक में अपनी बातें रखें। बैठक की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिमलेश कुमार मिश्रा एवं संचालन कर रहे विद्यालय के सहायक शिक्षक सह शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बड़ाईक ने बैठक में उपस्थित मुखिया शिवनाथ मुंडा जी को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बच्चों के संख्या के अनुपात विद्यालय में बेंच डेक्स बहुत ही कम है। जिसके चलते बच्चों को बैठने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस पर उपस्थित मुखिया ने कहा कि मैं बहुत जल्द विद्यालय में बेंच डेक्स की व्यवस्था करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से मुखिया शिवनाथ मुंडा, पूर्व उप मुखिया आफताब आलम, विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिमलेश कुमार मिश्रा, सतीश बड़ाईक दिनेश कुमार कच्छप मो मुस्तफा अंसारी आशा कुमारी प्रभा देवी सुषमा कुमारी सहित अभिभावक गण उपस्थित है।



# करांजी इराकी मोहल्ले में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

## अमन, भाईचारे और देश की तरक्की के लिए मांगी गई दुआएं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** करांजी इराकी मोहल्ले की मस्जिदे फातिमा में रमज़ान-उल-मुबारक के पहले जुमा के मौके पर भव्य दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में रोजेदारों ने इसमें शिरकत की और सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार किया। इस दौरान देश में अमन, शांति और तरक्की के लिए खास दुआएं मांगी गई।



कार्यक्रम में बेड़ो प्रखंड के उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने भी शिरकत की। उन्होंने कहा, ÷रोजा सिर्फ इबादत ही नहीं, बल्कि यह सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इफ्तार के दौरान मिल-बैठकर खाना आपसी मोहब्बत और भाईचारे को बढ़ावा देता है, जिससे समाज में प्रेम और सौहार्द मजबूत होता है।

इमाम अनीसुर रहमान ने रमज़ान की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा, रमज़ान-उल-मुबारक बेहद बरकत वाला महीना है। इस पाक महीने में जितनी ज्यादा इबादत की जाए, उतनी कम है। रोजेदारों को चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा कुरान की तिलावत करें और देश-समाज की भलाई के लिए दुआ करें।

हाफिज इमरान ने भी रमज़ान की फजीलत बताते हुए कहा, इस महीने में अल्लाह अपने बंदों की दुआएं कुबूल करता है। जो रोजेदार इस तपती गर्मी में भी सच्चे दिल से रोजा रखते हैं, अल्लाह उनकी हर जायज़ मुराद पूरी करता है और उनके गुनाह माफ कर देता है। हमें चाहिए कि इस पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा रोजे रखें और इबादत करें।

इफ्तार से पहले हाफिज इमरान ने खास दुआ कराई और इसके बाद मगरिब की नमाज की इमामत की।

इस मौके पर इमाम अनीसुर रहमान, सनाउल्लाह, इरशाद, ओसामा, मुस्तफा, नौशाद, तालिब, बबलू खान, इमरान हाफिज साहब, जावेद, रुस्तम अंसारी एवं इराकी कमेटी के तमाम सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने रमज़ान की मुबारकबाद दी और आपसी एकता, भाईचारे और देश की तरक्की के लिए दुआएं मांगी गई।

# सीसीएल प्रबधंन के साथ हुई वार्ता के बाद इनमोसा का आंदोलन हुआ स्थगित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** इनमोसा द्वारा सीसीएल मे होने वाले आंदोलन को प्रबधंन के साथ हुई साकारात्मक वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया है।इसकी जानकारी देते हुए इनमोसा के क्षेत्रिय अध्यक्ष एसडी राम और क्षेत्रिय सचिव अनिल कुवंर ने बताया कि छः मार्च को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस मे इनमोसा एंव सीसीएल प्रबंधन के बीच वार्ता हुई।वार्ता मे सीसीएल प्रबंधन की ओर से सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह,इनमोसा के राष्ट्रीय महामंत्री पीएन मिश्रा,राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सीसीएल के उप महासचिव विजय कुमार सिंह शामिल हुए।वार्ता मे सीसीएल अधिकारियो और इनमोसा के बीच कई प्रमुख बातो पर विस्तार से चर्चा की गई।



साथ ही इनमोसा के मांगो पर चर्चा की गई,जिसमे मुख्य रूप से प्रमोशन पर सीएमडी एनके सिंह ने कहा कि माइनिंग स्टॉफ का प्रमोशन समय से होना चाहिए और आने वाले बजट मे इनमोसा की जो मांगे है उसे शत प्रतिशत पूरा किया जायगा।वही यूनिट से लेकर सीसीएल स्तर तक के सभी कमेंटी मे भागीदारी की मांग पर सीएमडी ने सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया।माइनिंग स्टॉफ के डेजिग्नेशन के चेंज करने के मुद्दे को सीएमडी ने कोल इंडिया का मुद्दा बताया,साथ ही इस दिशा मे काम कर समस्या का समाधान करने की बात कही।सीएमडी ने इनमोसा के प्रतिनिधियों से बात करते हुए उनकी मांगों को सीसीएल स्तर से लेकर कोल इंडिया स्तर तक अधिकारियों से बात कर पूरा करने का आश्वासन दिया एवं सीसीएल में किए जाने वाले आंदोलन को समाप्त करने की अपील की।सीएमडी के अपील के बाद इनमोसा द्वारा 10 मार्च को सीसीएल मुख्यालय के समक्ष होने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित कर दिया गया।इस मौके पर सीसीएल के अध्यक्ष रामराज सिंह, इसीएल के अध्यक्ष समीर चक्रवर्ती, विकाश कान्त सिन्हा,हरेन्द्र कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह,शशांक शेखर,सुधीर कुमार सहित इनमोसा के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खलारी के मस्जिदों में रोजेदारों ने रमजान माह के पहले जुम्मे की नमाज अदा की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी कोयलांचल के सभी मस्जिदों में रमजान माह के पहले जुम्मा पर रोजेदारों और नमाजियों ने नमाज अदा की.क्षेत्र के बुकबुका पंचायत स्थित जामा मस्जिद, जीटाइप, खलारी बाजारटांड़, नया बस्ती, जेहलाटांड़, धमधमियां, डकरा, राय सहित अन्य जगहों पर स्थित मस्जिदों में लोगों ने पहले जुम्मा की नमाज अदा किया. वहीं जुम्मे की नमाज के बाद लोगों ने देश में अमन और शांति की दुआ भी मांगी. खलारी जामा मस्जिद के इमाम नेहाल अहमद जेयाई ने जुम्मे की नमाज पढ़ायी. नमाज से पूर्व उन्होंने अपने तकरीर मे रोजा व नमाज के महत्व पर प्रकाश डाला.उन्होंने कहा कि बालिग हुए प्रत्येक मुस्लमानो पर रोजा व नमाज फर्ज है.करीब एक वर्ष के लंबे अंतराल के बाद रमजान का पवित्र महीना आता है. एक महीने तक लोग रोजा, नमाज, फितरा, जकात, सदका, तरावीह की नमाज पर विशेष ध्यान देकर खुदा की ईबादत व कुरान पाक की तिलावत करते है. उन्होंने कहा कि माहे रमजान का यह महीना बरकत वाला होता है और इस एक महीने मे लोगो के गुनाहो का फैसला होता है. रमजान महीने मे गरीबो की मदद करना भी शवाब का काम होता है. उन्होने रमजान महीने मे सभी से रोजा रखने, नमाज पढ़ने, फितरा व जकात बांटने, गरीबो की मदद करने की अपील की.



# मैकलुस्कीगंज थाना परिसर में चार दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ



**खलारी :** मैकलुस्कीगंज थाना परिसर स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में चार दिवसीय शिव प्रतिष्ठात्मक रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा से हुआ. महायज्ञ के प्रारंभ होते ही पूरा मैकलुस्कीगंज भक्तिमय हो गया.इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश लेकर निकलीं. गगनभेदी जयकारों के बीच यात्रा थाना परिसर से प्रारंभ होकर दामोदर नदी तक पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के बाद पवित्र जल भरकर महिलाएं पुनः मंदिर प्रांगण लौटीं और यज्ञ मंडप का फेरा लगाया. मंत्रोच्चारण के बीच कलशों की स्थापना की गई, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो उठा.इस दौरान आरा, बिहार से आए मुख्य आचार्य जयप्रकाश पांडे और उनके सहयोगियों के सान्निध्य में पंचांग पूजन किया गया. यज्ञ के मुख्य यजमान हेमलाल साव और गौरी देवी के साथ दीपक कुमार साव एवं कुमारी खुशबू, बबलू यादव, श्रीकांत शर्मा एवं संगीता देवी, अजित कुमार वर्मा एवं नूतन कुमारी ने मंडप प्रवेश कर पांचों वेदी का पूजन किया.आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच देव आवाहन किया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा.महायज्ञ के दौरान भजन-कीर्तन, का भी आयोजन किया गया है । शनिवार को महायज्ञ के दूसरे दिन विशेष पूजन, अरणी मंथन और जलाधिवास का आयोजन किया जाएगा. अरणी मंथन की प्रक्रिया के तहत पारंपरिक विधि से पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलित की जाएगी, जो यज्ञ में आहुतियों के लिए आवश्यक होती है. वहीं जलाधिवास अनुष्ठान के तहत मूर्तियों को पवित्र जल में स्थापित कर आध्यात्मिक शुद्धिकरण किया जाएगा. इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह देखा जा रहा है.बड़ी संख्या में श्रद्धालु महायज्ञ स्थल पर जुट रहे हैं. यह आयोजन 10 मार्च तक चलेगा, जिसके अंतिम दिन पूर्णाहुति, महाप्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया जाएगा. यज्ञ को सफल बनाने में थाना प्रभारी गोविंद कुमार, शशी साहू, जितेंद्र नाथ पांडे, मनोहर यादव, श्याम सुंदर सिंह, अनिल गंझू, पुतुल देवी, सुबोध रजक, पुष्पा खलको, विजय गुप्ता, कुलदीप साहू, अनिल गुप्ता, एसआई दीपक कुमार साहू, एसआई अजित वर्मा, गगन राम, उमेश कुमार सिंह, अमित कुमार राम, निरंजन प्रसाद, उदय सिंह, अजय कुमार झा, प्रभात रंजन सहित दर्जनों महिलाओं और श्रद्धालुओं अपना सहयोग कर रहे है.

## मक्का मदीना के जियारत से लौटे तीर्थ यात्री का मुरी स्टेशन पर भव्य स्वागत



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी स्टेशन में उमरा के दौरान शुक्रवार को मक्का मदीना के जियारत से लौटे तीर्थ यात्री का भव्य स्वागत किया गया।15 दिन के तीर्थ यात्रा से आए मौलाना तबारक हुसैन फैजी,मो हारून,गुलाम मुस्तफा,महिरुदीन अंसारी, अनवर हुसैन,मेराज अंसारी, सज्जाद अंसारी, मेहबूब आलम,मो सोबराती यासिन को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया और गले मिले,हाथ मिलाए, हाथों को चुमा।काफी भावुक पल लोगों के बीच रहा।जब परिजन अपने परिवार से मिले। तीर्थ यात्रियों से मिलने वालों में मो फारूक,मो उस्मान, चांद हुसैन,मंजुर आलम, शमशेर हुसैन,मजीद आलम, जफरूल हुसैन,मो मंसुर, मो जब्बार , मुस्लिम, शहीद, अजीम, इसाक, क्युम, सोहेल, हासिम, अनीस, शमीम,जसीम,आरिफ अनवर, रिजवान समेत आसपास के दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोग आए थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन के दूसरे दिन शुक्रवार को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेवक शिविर में एनएसएस गीत प्रस्तुत कर स्वच्छता की शपथ ली । इस दौरान कॉलेज परिसर, शिविर परिसर, मंदिर परिसर समेत अन्य कई स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया, तथा लोगों को अपने घरों एवं मुहल्ले में साफ सफाई रखने की सलाह दी गई। तथा स्वच्छता को लेकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम का नेतृत्व स्वयंसेवक यूनिट 1 के संध्या कुमारी तथा यूनिट 2 के देवाशीष कुमार ने किया ।इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार एवं अर्चना कोइरी तथा स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## बालिग होने के साथ सभी पर रोजा और नमाज फर्ज : हाफिज मुमताज

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे शुक्रवार को रमजान महीने के पहले जुम्मे की नमाज अदा की गई।नमाज अदा करने के लिए क्षेत्र के सभी मस्जिदो मे नमाजियो की काफी भीड़ देखी गई।जानकारी के अनुसार रमजान महीने के पहले जुमे की नमाज अदा करने को लेकर नमाजियो की भीड़ 12 बजे से मस्जिदो मे आना शुरु हो गया।बचरा जामा मस्जिद मे जुम्मे की नमाज पढ़ने के लिए भारी संख्या मे नमाजियो की भीड़ देखी गई।बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज आलम ने जुम्मे की नमाज पढ़ायी।नमाज से पूर्व उन्होंने अपने तकरीर मे रोजा व नमाज के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि बालिग हुए प्रत्येक मुस्लमानो पर रोजा व नमाज फर्ज है।करीब एक वर्ष के लंबे अंतराल के बाद रमजान का पवित्र महीना आता है।एक महीने तक लोग रोजा, नमाज,फितरा,जकात, सदका,तरावीह की नमाज पर विशेष ध्यान देकर खुदा की ईबादत व कुरान पाक की तिलावत करते है।उन्होंने कहा कि माहे रमजान का यह महीना बरकत वाला होता है और इस एक महीने मे लोगो के गुनाहो का फैसला होता है।रमजान महीने मे गरीबो की मदद करना भी पूण्य का काम होता है।उन्होने रमजान महीने मे सभी से रोजा रखने,नमाज पढ़ने,फितरा व जकात बांटने,गरीबो की मदद करने की अपील की।अंत मे क्षेत्र,राज्य व देश की खुशहाली एंव अमन चैन और भाईचारगी के लिए दुआ मांगी गई।पिपरवार क्षेत्र के बचरा,राय,बेहरा, कल्याणपुर,न्युमंगरदाहा, पुरानीराय सहित अन्य जगहो पर रमजान महीने के पहले जुम्मे की नमाज अदा क़ी गई।ज्ञात हो कि पवित्र माहे रमजान के महीने मे जुम्मे की नमाज का काफी महत्व है।जिसको लेकर कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदो मे लोगो की काफी भीड़ देखी गई।

## कार और बाइक में भिड़ंत, बाइक सवार बेलाल अंसारी की मौके पर हुई मौत

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के हेसल रिंग रोड टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार को शाम लगभग 5 ~ 40 बजे एक हेरियर कार और बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। इस घटना में बाइक सवार बेलाल अंसारी (45) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार महिला व पुरूष बाल-बाल बच गए । मौका देखकर कार सवार व्यक्ति भाग गए । घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बेलाल अंसारी आयुर्वेदिक दवा का काम करता था उसी को लाने के लिए विकास गया हुआ था और वापस आ रहा था उसी क्रम में राँची - पुरूलिया पथ ओवरब्रिज के तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे फॉरविलर कार और मोटरसाइकिल में भिड़ंत हो गया जिससे चिलदाग निवासी बेलाल अंसारी का मौके पर मौत हो गया ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## नए मैनुअल ट्रांसमिशन ग्रेड में टोयोटा लेजेंडर पेश



**जमशेदपुर/रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शानदार प्रदर्शन, रोमांचकारी और स्टाइलिश एसयूवी की बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा लेजेंडर 4x4 का मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) वैरिएंट (रूपांतर) पेश किया। रोमांच चाहने वाले ड्राइविंग के उत्साहियों के लिए डिज़ाइन किया गया यह नया वैरिएंट पावर, लग्जरी और अत्याधुनिक तकनीक का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान करते हुए जुड़ाव और नियंत्रण को बेहतर करता है। किसी भी इलाके में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार, लेजेंडर ने 2021 में भारत में अपनी शुरुआत की, जिसमें उन्नत 4x4 क्षमता हैं, जो इसे ऑफ-रोड रोमांच के लिए आदर्श साथी बनाती हैं। लेजेंडर 4x4 एमटी के केंद्र में जाना-माना 2.8लीटर डीजल इंजन है, जिसे बेजोड़ पावर डिलीवरी के लिए इंजीनियर किया गया है। 204 पीएस की पावर और 420 एनएम का टॉर्क पैदा करने वाला यह पावरट्रेन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अपनी ड्राइव पर पूर्ण नियंत्रण पसंद करते हैं। यह 46,36,000 रुपये की एक्स शोरूम कीमत पर उपलब्ध है। सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के उपाध्यक्ष, वरिंदर वाधवा ने कहा, हम टोयोटा लेजेंडर के नए ग्रेड का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं। इसे हमारे मूल्यवान ग्राहकों की बढ़ती मांगों और प्राथमिकताओं के जवाब में विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है।

## पीटीटी कॉलेजों के पाठ्यक्रम के सातवें पेपर में ओड़िया का भी विकल्प हो : दशरथ गागराई



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां के विधायक दशरथ गागराई ने राज्य में संचालित प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण (पीटीटी) महाविद्यालय के पाठ्यक्रम के सातवें पेपर में ओड़िया भाषा को भी विकल्प के रुप से चुनने का प्रावधान करने की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को विधान सभा में शून्य काल के दौरान इस मामले को उठाते हुए कहा कि राज्य में संचालित प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण (पीटीटी) महाविद्यालय के पाठ्यक्रम के सातवें पेपर में भाषा चुनने का विकल्प है। इसमें हिंदी,अंग्रेजी, उर्दु समेत जनजातीय एवं क्षेत्रीय चुनने का विकल्प दिया गया है। परंतु इस सूची में ओड़िया भाषा का विकल्प नहीं दिया गया है। ओड़िया भाषा झारखंड की द्वितीय राजभाषा है। काफी संख्या में छात्र इस भाषा में पठन पाठन करते है।

## तैलिक साहू समाज का होली मिलन समारोह 9 मार्च को



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष राकेश साहू की अध्यक्षता में जुगसलाई कैंप कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में 9 मार्च 2025 को सिदगोड़ा पेट्रोल पंप के सामने भास्कर भवन मैदान में आयोजित होने वाले भव्य होली मिलन समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष राकेश साहू ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5 बजे राजकुमार म्यूजिक पार्टी की रंगारंग प्रस्तुति से होगी, जबकि भोजन की व्यवस्था 7 बजे से रहेगी। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे और समाज के विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में वरीय उपाध्यक्ष शिवलोचन साह, जिला सचिव शैलेंद्र कुमार, अशोक साहू, पूजा साहू, इंद्र नारायण साह, गणेश साव, क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र साहू सहित अन्य समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लाभुकों ने कम वजन की बकरी लेने से किया इंकार, वापस लौटाया



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत खरसावां के लाभुकों को वितरित करने के लिये लाये गये बकरी व बकरा को लाभुकों ने वापस कर दिया। लाभुकों ने इसके पीछे तर्क दिया कि सरकार की ओर से तय किये मापदंडों के अनुसार बकरा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। लाभुकों में चार बकरी व एक बकरा वितरित किये जाने का प्रावधान है। बकरा व बकरी का वजन आठ से दस के किलोग्राम के भीतर होना चाहिये। परंतु लाभुकों को वितरित करने के लिये लाये गये बकरा व बकरी का वजन इससे काफी कम था। बकरी वितरण के लिये पहुंचे प्रमुख मनेंद्र जामुदा, जिप सदस्य काली चरण बानरा व सावित्री बानरा समेत मुखियाओं ने भी आपत्ती दर्ज की। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी कम वजन के बकरी का वितरण से इंकार कर दिया। इसके बाद लाभुकों में वितरण करने के लिये लाये गये बकरा व बकरी को वापस लौटा दिया गया। साथ ही एजेंसी को बकरा-बकरी वितरण में पारदर्शिता बरतने का निर्देश देते हुए तय मापदंड अपनाने को कहा गया।

## श्री ब्रह्मर्षि विकास मंच का होली मिलन 09 मार्च को आदित्यपुर सुभाष पार्क में



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** श्री ब्रह्मर्षि विकास मंच, सरायकेला-खरसावां की एक बैठक मंच के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी रविवार, 09 मार्च को आदित्यपुर स्थित नेताजी सुभाष पार्क में प्रस्तावित होली मिलन समारोह को सफल बनाने पर चर्चा की गई। समारोह को कार्यरूप देने के लिए सर्वसम्मति से सुबोध कुमार सिंह को संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष श्रीराम ठाकुर, अवधेश्वर ठाकुर, अजय कुमार सिंह, विनीत प्रसाद सिन्हा, चंद्रमा पांडे, नवल किशोर सिंह, भोगेंद्र नाथ झा, अर्जुन शाही, सुशील मिश्र, राजकुमार सिंह, कृष्ण मुरारी सिंह, कुमार देवेंद्र, सुधाकर ठाकुर,श्यामज्ञानी शाही, जैनेंद्र कुमार मुन्ना, सतीश शर्मा, संजय मिश्रा, रविन्द्र सिंह, राजेश चौधरी, शंभूनाथ प्रसाद, जैनेन्द्र कुमार मुन्ना, हरेंद्र तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, लक्ष्मण ठाकुर, अरूण राय, पवन कुमार, शैलेन्द्र कुमार, राजू मिश्रा, पंकज सिंह समेत समाज के कई लोग उपस्थित थे।

## पटमदा में विधायक प्रतिनिधि ने किया स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का शिलान्यास



**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के पटमदा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू ने पटमदा प्रखंड परिसर में लावा उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इसकी स्वीकृति जिला परिषद से 15 वें वित्त आयोग की निधि से मिली है। इस दौरान जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, संजय सिंह, सुजीत महतो, विमल मंडल, कृष्ण मोहन कुंभकार, सिजेन हेंब्रम, स्वपन महतो, साधुपद दास आदि उपस्थित थे। इस संबंध में चंद्रशेखर टुडू ने बताया कि 15 वें वित्त विभाग से करीब 54 लाख रुपए से स्वीकृत योजना का निर्माण कार्य मेसर्स बालाजी कंस्ट्रक्शन जमशेदपुर को मिला है। उन्होंने बताया कि विधायक मंगल कालिंदी के अथक प्रयास से स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। स्वास्थ्य उपकेंद्र बन जाने से लावा पंचायत के लोगों को इलाज में सुविधा मिलेगी।

# चंपाई आंख में पट्टी बांध बैठे थे सीएम की कुर्सी पर, अब घुसपैठ व बांग्लादेशी आ रहे नजर : गणेश महाली

### - झामुमो जिला कमेटी की कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** सरायकेला के भाजपा विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा आगामी 23 मार्च से संथाल में धर्मांतरण एवं बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को लेकर आंदोलन छेड़े जाने के विषय पर झामुमों नेता गणेश महाली ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चंपाई सोरेन को पार्टी और पाला बदलने के बाद घुसपैठ और बांग्लादेशी के मुद्दे नजर आ रहे हैं। इससे पूर्व जब वे राज्य की कमान संभाले थे तो उनके आंखों पर पट्टी बंधा था। उन्होंने कहा कि झारखंड में रहने वाले सभी लोग झारखंडी हैं। यहां कोई भीतरी या बाहरी नही हैं। इससे पूर्व झामुमो जिला कमेटी की ओर से आदित्यपुर नगर एवं गम्हरिया प्रखंड कमेटी गठन को लेकर शुक्रवार को आदित्यपुर स्थित एसिया भवन में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर आदित्यपुर नगर एवं गम्हरिया प्रखंड कमेटी गठन को लेकर कई कार्यकर्ताओं ने समर्थकों के साथ अपनी मजबूत दावेदारी जिला संयोजक डॉ शुभेंदु महतो, पूर्व प्रत्याशी रहे गणेश महाली, केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी, कृष्णा बास्के समेत अन्य नेताओं के बीच पेश की। बताया गया है कि कार्यकर्ताओं की दावेदारी को सूचीबद्ध कर केंद्रीय कमेटी को भेजा जाएगा, जिस पर अंतिम मुहर लगेगी। कार्यक्रम को कई नेताओं ने भी संबोधित किया और पार्टी संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। इस सम्मेलन में काफी संख्या में आदित्यपुर एवं गम्हरिया क्षेत्र के महिला व पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टीआरएफ ने पूर्वी सिंहभूम जिले से 20 क्षय रोगियों को लिया गोद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टीआरएफ को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से कम से कम 05 क्षय रोगियों को उनके उपचार के दौरान गोद लेने का अनुरोध प्राप्त हुआ। वहीं प्रधानमंत्री क्षय रोग मुक्त भारत अभियान में सरकार के साथ सहयोग करते हुए पूर्वी सिंहभूम जिले से 20 रोगियों को गोद लिया और उनके उपचार के दौरान पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और कर्मचारी स्वैच्छिकता गतिविधियों के तहत, टीआरएफ ने जमशेदपुर के साकची स्थित जिला क्षय रोग केंद्र में 20 पोषण आहार पैकेट वितरित किए। मौके पर टीआरएफ की महिला कर्मचारी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कौशिक दत्ता, प्रमुख-कॉर्पोरेट सेवाएँ और संचार और सिविल सर्जन कार्यालय के अन्य स्थानीय स्वास्थ्य और कल्याण अधिकारियों के सहयोग से कार्यक्रम में शामिल हुए।

## रांगामाटी टीकर मिलनचौक फोर लेन निर्माण समेत कई सड़कों के मांग को ले सीएम से मिले सविता महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सड़क निर्माण के मांग को लेकर शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में उन्होंने रांगामाटी टीकर भाया मिलनचौक 19 किमी सड़क को फोर लेन निर्माण करने, चांडिल प्रखंड के डोबो फुटबॉल मैदान से पारडीह काली मंदिर 8 किमी सड़क का निर्माण करने, कांड्रा चांडिल गोलचक्कर से गिद्धिबेड़ा तक 6.3 किमी सड़क का निर्माण करने व कांड्रा खुंटी ईचागढ़ पथ 8.9 किमी सड़क का निर्माण का मांग किया। मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी सड़को का निर्माण कराया जाएगा। उक्त जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो महतो ने दी।

## सोनारी जमीन फर्जीवाड़ा मामले में राजभवन ने लिया संज्ञान, जांच टीम पहुंची



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोनारी में सीएनटी जमीन का अवैध तरीके से रजिस्ट्रेशन एवं म्यूटेशन कराए जाने का मामला रांची में राजभवन पहुंचने के बाद त्वरित एक्शन हुआ है। राज्यपाल ने जांच का आदेश दिए हैं। फलस्वरूप जांच टीम निर्माणाधीन भवन का जायजा लेने जमशेदपुर स्थित सोनारी पहुंची। जेएनएसी के रजनीश कुमार दलबल के साथ उक्त भू-खंड पर पहुंचे। उधर शिकायतकर्ता शैलेंद्र महतो भी जांच में सहयोग करने करने के लिए पहुंचे। जांच टीम शैलेंद्र महतो से भी वस्तुस्थिति के बारे में पूछताछ की। बताया जाता है कि पूर्व में शिकायत मिलने पर उक्त भूखंड के निर्माण पर रोक लगा दिया गया था। परंतु जब जांच टीम जांच स्थल पर पहुंची तो वहां निर्माण कार्य जारी था। जिस पर सबों ने आश्चर्य व्यक्त किया। शैलेंद्र महतो ने बताया कि तमाम वस्तुस्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जांच रिपोर्ट राजभवन को सौंपे जाने के बाद हम आगे की रणनीति पर काम करेंगे।

**क्या है मामला :** शैलेंद्र महतो ने बताया कि सोनारी स्थित आशियाना गार्डेन परिसर में लगभग 15 डेसिमल जमीन, प्लाट नं 566 , खाता नंबर - 3 , हल्का संख्या - 6 , थाना संख्या - 1156 प्रह्लाद महतो का है। जिसे किशोर गोलछा नामक व्यक्ति फर्जी दस्तावेज बनाकर निधि खेतान, अभिनव खेतान, सालू खेतान, मंजू खेतान को बेच दिया था। जिसमें संतोष खेतान की मुख्य भूमिका है। आरोप है कि इसकी शिकायत सीओ से पूर्व में की गई थी। परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई, फलस्वरूप विगत दिन राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मामले में कार्रवाई का अनुरोध किया गया था।


## 2 लाख अस्थाई कर्मचारी का मेडिकल संबंधित सुविधा को लेकर इंटक की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल, आदित्यपुर के मेडिकल सुपरीटेंडेंट डॉ पी मिंज, डॉ एसएन साहा एवं झारखंड इंटक का एक प्रतिनिधिमंडल एवं झारखंड प्रदेश इंटक के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में जमशेदपुर एवं इसके आसपास में रहने वाले लगभग 2 लाख अस्थाई कर्मचारी के परिवारों को मेडिकल सम्बंधित सुविधाओं को ले विस्तृत चर्चा की गई। वहीं वर्तमान में चल रही सुविधाओं एवं अच्छे प्रबन्ध की सराहना की गई एवं साथ ही साथ एक मांग पत्र भी सौंपा गया। जिसमें जमशेदपुर में एक सुपर स्पेशलिस्ट ईएसआई अस्पताल की सुविधा होनी चाहिए, वर्तमान में जो अस्पताल है उसमें डायलिसिस, एमआरआई, सीटी स्कैन की सुविधा एवं कैंसर, हार्ट, किडनी से सम्बंधित बीमारियों के इलाज की व्यवस्था भी होनी चाहिए आदि मांग की गई। बैठक में डॉक्टर एम पी मिंज, डॉक्टर एस एन साहा के अलावा प्रतिनिधि मंडल में झारखंड इंटक के प्रदेश अध्यक्ष एवं सचिव (इंटक) , राकेशश्वर पांडे, टाटा वायर एम्पलाई यूनियन के उपसभापति श्रीकांत सिंह, गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के उपसभापति एवं डिप्टी प्रेसीडेंट परविंदर सिंह सोहल, एवं महामंत्री मनोज कुमार सिंह, झारखण्ड इंटक के कोषाध्यक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजीव श्रीवास्तव, पूर्वी सिंहभूम जिला इंटक के अध्यक्ष राजेश सिंह राजू, सरायकेला खरसावां के इंटक के अध्यक्ष केपी तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह , टाटा पावर यूनियन के महामंत्री पिंटू श्रीवास्तव टीआरएफ यूनियन के महामंत्री अंजनी कुमार , अस्पताल प्रबंधन के कई लोग उपस्थित थे।

## पोटका विधायक संजीव सरदार ने विधानसभा में उठाया चिकित्सकों की कमी का मुद्दा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड विधानसभा में पोटका विधायक संजीव सरदार ने अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की संबंधित मामला जोरदार तरीके से उठाया। विधायक ने शून्यकाल में बेहद गंभीर मुद्दे को उठाते हुए कहा कि पोटका विधानसभा क्षेत्र के डुंगरी, भूमरी, मानुपुर, डुमरिया, आंवलटोला और आसनबनी के उप-स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों के नहीं होने के कारण गरीब और असहाय लोगों को इलाज के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को मजबूरी में महंगे निजी क्लीनिकों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ रहा है।

**विधायक ने की चिकित्सकों के पदस्थापन की मांग**

विधायक संजीव सरदार ने सरकार से मांग की कि इन स्वास्थ्य केंद्रों में अविलंब चिकित्सकों का पदस्थापन किया जाए ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मुद्दे को प्राथमिकता देनी चाहिए और जल्द से जल्द चिकित्सकों की पदस्थापना करनी चाहिए, ताकि लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान मिल सके। अब इस पहल के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को उम्मीद है कि सरकार इस मांग को जल्द से जल्द पूरा करेगी और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति में सुधार लाएगी।

## चांडिल पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया हत्याकांड का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल थाना क्षेत्र के कपाली ओपी अंतर्गत कामारगोड़ा में फॉरेस्ट एरिया के पास पुलिस ने गुरुवार की सुबह में एक युवक का शव बरामद किया था। युवक की चापड़ से गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मृतक की पहचान पूर्वी सिंहभूम जिले के सोनारी थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू ग्वाला बस्ती निवासी जयरंजन सिंह के पुत्र शिवम कुमार सिंह (19 वर्ष) के रूप में की गई थी। तत्पश्चात मृतक के भाई शुभम कुमार सिंह के लिखित आवेदन के आधार पर चांडिल (कपाली ओपी) थाना कांड सं0-36/25, धारा-103(1)/61(2)/351(3) बीएनएस अंकित किया गया। कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सरायकेला खरसावां के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत के दिशा निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चांडिल के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा तत्परतापूर्वक कार्य करते हुये तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्य के आधार पर कांड के प्राथमिकी अभियुक्त राहुल दास (21 वर्ष) एवं मोहम्मद आसिफ उर्फ आसिफ खान (21 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया। राहुल दास सोनारी में प्रमोद सिंह के मकान में किराये पर रहता है। जबकि मोहम्मद आसिफ उर्फ आसिफ खान, कपाली ओपी अंतर्गत डैमडुबी, अंसार नगर (नियर कब्रिस्तान) निवासी है। दोनों आरोपियों को कांड अंकित होने के 24 घंटा के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के अपराध स्वीकारोक्ति बयान/निशानदेही पर घटना कारित करने में प्रयुक्त स्कूटी व बाइक, 2 मोबाइल फोन, अभियुक्त राहुल दास का खून लगा चप्पल एवं घटनास्थल से अन्य सामानों को जब्त किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को माननीय न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## टाउन हॉल में जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन आयोजित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, समग्र शिक्षा एवं नई शिक्षा नीति पंचायत प्रतिनिधि/ स्थानीय प्राधिकार को महत्पूर्ण कार्य दिए गए हैं। स्थानीय प्राधिकार को 03-18 आयु वर्ग के सभी बच्चों का शिशु पंजी अद्यतीकरण, नामांकन, ठहराव एवं 12वीं कक्षा तक शिक्षा पूर्ण कराने की जिम्मेदारी दी गई है। इस जिम्मेवारी से अवगत कराने एवं अपेक्षित सहयोग हेतु शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन टाउन हॉल सिदगोड़ा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान, जिला परिषद सदस्यगण तथा जिला अंतर्गत सभी पंचायतों के मुखिया, डीईओ मनोज कुमार, डीएसई आशीष पांडेय तथा शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी, कर्मी इस अवसर पर मौजूद रहे। जिला परिषद अध्यक्ष ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र के संपूर्ण विकास में मुखियागण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विकास कार्यों का क्रियान्वयन हो या शिक्षा, स्वास्थ्य या अन्य जनोपयोगी कार्य तथा सरकारी संस्थाओं से आमजनों को मिलने वाली सेवायें और सुविधायें, इन सभी का सतत पर्यवेक्षण कर अपना योगदान दें। शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य करने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। उप विकास आयुक्त ने स्कूलों में बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल देते हुए अपने पूर्व के अनुभवों को मुखियागण के साथ साझा किया । कार्यक्रम को जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक ने भी संबोधित किया तथा बच्चों का ड्रॉप आउट रोकने, नियमित स्कूल भेज जाने, शिक्षकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता आदि का सतत पर्यवेक्षण कर सहयोग करने की बात कही।

# होली के आगाज के साथ ही राजकीय फूल पलास का बढ़ रहा महत्व

### - कैमिकल युक्त रंग ले रहा पलास फूल से बने प्राकृतिक रंग की जगह

अरूण कुमार माझी @ प्रभात मंत्र

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में पलाश के फूल का आज भी बहुत ही महत्व है। जहां आदिवासी संस्कृति और सभ्यता का लगाव आदिकाल से पलाश फूल से रहा है। वहीं पलास फूल से होली में रंग व अबीर बनाने का प्रचलन है। बसंत के चढ़ते ही पलाश के पेड़ों पर नारंगी रंग के फूल देख आदिवासी बालाओं का मन झूम उठती हैं। बालाओं के जुड़े में सजने वाला झारखंड के राजकीय फूल पलाश की गरिमा कुछ खास है। खास बात यह है कि होली में रंगों का भी उपयोग किया जाता है। आदिवासी समुदाय के संस्कृति में पलास फूल का महत्वपूर्ण स्थान है। बसंत के चढ़ते ही पलास के पेड़ों पर चटख नारंगी रंग के

फूल बालाओं को झूमने पर मजबूर कर देता है। पलाश के फुल खिलते ही शादी विवाह का रस्में शुरू हो जाता है। हालांकि समय के साथ पलास फूल से बनने वाले होली का रंग कैमीकल युक्त रंग ने पलास फूल की जगह ले रहा है। जाने माने चिकित्सक सह तिरूलडीह उप स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ हरेंद्र सिंह मुण्डा ने बताया कि



पलास फूल से ग्रामीण क्षेत्रों में रंग बनाया जाता था और लोग उस प्राकृतिक रंग से होली खेलते थे। उन्होंने बताया कि समय के साथ काफी बदलाव हो रहा है। लोग कैमीकल युक्त रंग का उपयोग कर रहे हैं, जो शरीर के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने कहा कि पलास फूल से बने प्राकृतिक रंग से शरीर में किसी तरह का नुक़सान नहीं होता है। उन्होंने लोगों को कैमीकल युक्त रंग का उपयोग से बचने और होली में रंग से किसी तरह का एलर्जी होने या दिक्कत होने पर चिकित्सक से संपर्क करने का अपील किया। ग्रामीण क्षेत्र मे पलाश फूल को सुखाकर कुटपीस कर अबीर बनाया जाता है। पलाश फुल को पानी मे भींगोकर होली के दिन रंग बनाया जाता है। लोग बताते हैं की यह प्राकृतिक रंग बनता है जिसे होली खेलने में किसी भी तरह का खतरा नहीं होता। आधुनिक समय में इस पर्व को लोग पर्यावरण संरक्षण से भी जोड़ कर देखते हैं क्योंकि इसमें रंगों का इस्तेमाल नहीं होता है और पानी की भी बचत होती है। वही आदिवासी महिलाएं पलास फूल को जूड़े में लगाकर श्रृंगार करती हैं। सास्कृतिक कार्यक्रमों में इसका खास स्थान है।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# सौदेबाजी का ट्रंप कार्ड

**बीते** शुक्रवार अमेरिका के व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच जो अप्रिय विवाद हुआ, उसे पूरी दुनिया ने देखा। विश्व की महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच पहली बार ऐसी तीखी नोकझोंक देखने को मिली। शायद यह मामला उजागर न होता यदि दोनों नेता प्रेसवार्ता में टीवी कैमरों के सामने न बैठे होते। दरअसल, एक तरफ बड़बोले ट्रंप थे तो दूसरी ओर कूटनीति में अपरिपक्व कहे जाने वाले जेलेंस्की थे, जो रूस से निरंतर खतरे को देखते हुए सुरक्षा की गारंटी मांग रहे थे। वहीं ट्रंप यूक्रेन को दी मदद की कीमत उसके खनिज भंडारों पर कब्जे के रूप में मांग रहे थे। निस्संदेह, तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने यूक्रेन की भरपूर मदद की। यदि यूक्रेन युद्ध में टिक पाया तो उसके पीछे अमेरिका व यूरोपीय देशों की आर्थिक व सैन्य मदद थी। लेकिन सत्ता बदलने के बाद ट्रंप कहते रहे हैं कि अमेरिका के करदाताओं का पैसा यूं युद्ध में नहीं झोंका जा सकता, यूक्रेन को मदद की कीमत चुकानी होगी। वैसे खुलेआम युद्ध विराम के लिये सौदेबाजी से अमेरिका की छवि को लेकर कोई अच्छा संदेश दुनिया में नहीं गया। निस्संदेह, ट्रंप की युद्धविराम की कोशिश सार्थक पहल है लेकिन शांति की कीमत वसूलना सभ्य समाज के लिये कोई अच्छी बात भी नहीं है। दरअसल, यूक्रेन प्रस्तावित समझौते में खुद को छला महसूस कर रहा है। एक तो रूस के द्वारा कब्जाये क्षेत्र को वापस न देने की बात की जा रही है तो दूसरे इस बात की गारंटी भी नहीं दी जा रही है कि रूस फिर से हमला नहीं करेगा। दरअसल, जेलेंस्की रूस पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। इस लिये उसकी सोच रही है कि पहले अमेरिका उसे सुरक्षा की गारंटी दे। ऐसी मांग करना कोई गलत भी नहीं है क्योंकि पिछले तीन साल से यूक्रेन लगातार रूस के घातक हमलों को झेल रहा है। लेकिन पूरी दुनिया में यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि ट्रंप शांति स्थापना के प्रयासों की कीमत यूक्रेन के बहुमूल्य खनिज कब्जाकर वसूलें। फिलहाल ट्रंप व जेलेंस्की की नोकझोंक के बाद समझौता व युद्धविराम का मसला खटाई में जाता दिख रहा है। लेकिन हकीकत यह भी है कि यूरोपीय देशों के यूक्रेन के पक्ष में एकजुट होने के बाद भी उसका लंबे समय तक युद्ध में टिका रहना संभव न होगा। यही वजह है कि यूरोप के भरपूर समर्थन के बावजूद निश्चित नहीं कहा जा सकता कि यूक्रेन रूस का मुकाबला पहले ही तरह कर पाएगा। वहीं वजह साफ है कि नाटो के यूरोपीय सदस्य बिना अमेरिकी मदद के यूक्रेन को सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते। वहीं दूसरी ओर कूटनीतिज्ञों का कहना है कि एक महाशक्ति से युद्धरत रहते हुए यूक्रेन दूसरी महाशक्ति को नाराज नहीं कर सकता। दरअसल, यूक्रेन में रूस ही नहीं, अमेरिका व यूरोपीय देश भी अपने हित देखकर कदम उठा रहे हैं। कहा जा रहा है कि ट्रंप से टकराव की कीमत यूक्रेन को चुकानी पड़ सकती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जेलेंस्की के व्हाइट हाउस आने से पहले ट्रंप जोर्डन, ब्रिटेन, फ्रांस के शीर्ष नेताओं के साथ तल्ख व्यवहार कर चुके थे। हालांकि, भारतीय प्रधानमंत्री ट्रंप से मुलाकात के दौरान किसी भी टकराव को टालने को अपनी प्राथमिकता बनाए रहे। भारत को पता है कि ट्रंप जब कनाडा व यूरोपीय देशों के नेताओं को नहीं बख्श रहे तो हमें अपने सम्मान व हितों की रक्षा खुद करनी होगी। वह भी तब जब ट्रंप अमेरिका फर्स्ट का नारा लगातार लगा रहे हैं। उन्होंने टैरिफ लगाने में गोरे देश कनाडा तथा चीन को भी नहीं बख्शा। भारत के टैरिफ के भेदभाव को लेकर ट्रंप लगातार मुखर रहे हैं। कथित अवैध अप्रवासी भारतीयों के साथ अमेरिका ने जैसा अमानवीय व्यवहार किया, वह किसी से छिपा नहीं है। भारत को अच्छी तरह पता है कि हमारा सदाबहार मित्र रूस अब ट्रंप के करीब है और ब्रिक्स के देश चीन के ज्यादा नजदीक हैं। ऐसे में हमें अपने हितों की रक्षा अपने बूते ही करनी होगी।

> विश्व की महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच पहली बार ऐसी तीखी नोकझोंक देखने को मिली। शायद यह मामला उजागर न होता यदि दोनों नेता प्रेसवार्ता में टीवी कैमरों के सामने न बैठे होते। दरअसल, एक तरफ बड़बोले ट्रंप थे तो दूसरी ओर कूटनीति में अपरिपक्व कहे जाने वाले जेलेंस्की थे, जो रूस से निरंतर खतरे को देखते हुए सुरक्षा की गारंटी मांग रहे थे। वहीं ट्रंप यूक्रेन को दी मदद की कीमत उसके खनिज भंडारों पर कब्जे के रूप में मांग रहे थे। निस्संदेह, तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने यूक्रेन की भरपूर मदद की। यदि यूक्रेन युद्ध में टिक पाया तो उसके पीछे अमेरिका व यूरोपीय देशों की आर्थिक व सैन्य मदद थी। लेकिन सत्ता बदलने के बाद ट्रंप कहते रहे हैं कि अमेरिका के करदाताओं का पैसा यूं युद्ध में नहीं झोंका जा सकता, यूक्रेन को मदद की कीमत चुकानी होगी। वैसे खुलेआम युद्ध विराम के लिये सौदेबाजी से अमेरिका की छवि को लेकर कोई अच्छा संदेश दुनिया में नहीं गया। निस्संदेह, ट्रंप की युद्धविराम की कोशिश सार्थक पहल है लेकिन शांति की कीमत वसूलना सभ्य समाज के लिये कोई अच्छी बात भी नहीं है। दरअसल, यूक्रेन प्रस्तावित समझौते में खुद को छला महसूस कर रहा है।

### राजनीति और राजनेताओं की ओर न देखकर नए विकल्प खोजने की तैयारी करनी चाहिए

# केजरीवाल के लिए जी का जंजाल बनी कैग रिपोर्ट

**राकेश कुमार आर्य**

> दिल्ली में कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार को सत्ता से बाहर फेंकने में सफल हुए केजरीवाल उस समय देश के प्रमुख नेताओं को भ्रष्टाचारी कहकर कोसते फिरा करते थे। उन्होंने मुलायम सिंह यादव, सोनिया गांधी, शरद पवार और मायावती जैसी राजनीतिक हस्तियों को नाक से पानी पिला दिया था। लोगों ने केजरीवाल को राजनीति में एक नई आशा के रूप में देखा था। देश के अधिकांश लोगों को ऐसा लगा था कि वह राजनीति में कुछ नया कर पाने में सफल होंगे।

**जो** अपने आप को कट्टर ईमानदार कहते थे, वे इस समय कट्टर बेईमान सिद्ध हो चुके हैं। कभी कैग की रिपोर्ट को आधार बनाकर दिल्ली में कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार को सत्ता से बाहर फेंकने में सफल हुए केजरीवाल उस समय देश के प्रमुख नेताओं को भ्रष्टाचारी कहकर कोसते फिरा करते थे। उन्होंने मुलायम सिंह यादव, सोनिया गांधी, शरद पवार और मायावती जैसी राजनीतिक हस्तियों को नाक से पानी पिला दिया था। लोगों ने केजरीवाल को राजनीति में एक नई आशा के रूप में देखा था। देश के अधिकांश लोगों को ऐसा लगा था कि वह राजनीति में कुछ नया कर पाने में सफल होंगे। दिल्ली की जनता ने उन्हें दिल्ली की कमान सौंपकर सारे देश को यह संदेश दिया था कि अब प्रचलित राजनीति और राजनेताओं की ओर न देखकर नए विकल्प खोजने की तैयारी करनी चाहिए। केजरीवाल धूमकेतु की भांति राजनीति के शिखर पर चढ़े। राजनीति को उन्होंने अपनी चमक से एक बार भौचक्का सा कर दिया था। तब किसी ने भी यह नहीं सोचा था कि वह इतनी शीघ्रता से नीचे आ जाएंगे ? परन्तु आज का सच यही है कि केजरीवाल अपने राजनीतिक जीवन के सबसे बुरे दिनों से गुजर रहे हैं। उनके कर्मों का फल ऐसा ही आना था। उन्होंने राजनीति में 'रेवड़ी संस्कृति' को स्थापित कर एक नई राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता को जन्म दिया। जिसमें जनता के लोक कल्याणकारी कार्यों की ओर ध्यान न देकर देश प्रदेश के खजाने को खाली करने पर राजनेताओं ने ध्यान देना आरंभ किया। निसंदेह भाजपा ने भी इस 'राजनीतिक अपसंस्कृति' को अपनाने में कोई संकोच नहीं किया। यह कितना रोचक तथ्य है कि जो केजरीवाल कभी कैग की रिपोर्ट को आधार बनाकर शीला दीक्षित को सत्ता से बेदखल करने में सफल हुए थे, आज उन्हीं के लिए कैग की रिपोर्ट जी का जंजाल बन चुकी है। उन्होंने कभी कैग की रिपोर्ट को ही आधार बना कर लोकपाल विधेयक लाने की मांग की थी, परन्तु जब वह सत्ता में आए तो उन्होंने लोकपाल विधेयक लाने की ओर तनिक भी ध्यान नहीं दिया। इसके विपरीत उन्होंने यह दिखाने का प्रयास किया कि वह स्वयं ही लोकपाल हैं अर्थात वे स्वयं इतने ईमानदार हैं कि उन्हें अपने ऊपर किसी लोकपाल को स्थापित करने की आवश्यकता नहीं है। अपने इसी अहंकारी स्वभाव के कारण उन्होंने जेल जाकर भी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया। यद्यपि दिल्ली सहित सारे



देश की जनता उनसे उस समय यह अपेक्षा कर रही थी कि वे अपने आप को दूध का धुला सिद्ध करने के लिए राजनीति में किसी नए आदर्श की स्थापना करेंगे। केजरीवाल यह भूल गये कि राजनीति अपेक्षाओं का खेल है और जब कोई राजनेता अपेक्षाओं से खिलवाड़ करता है तो समय आने पर उसकी अपनी अपेक्षाएं ही बलि का बकरा बन जाती हैं। इसी को इतिहास की क्रूर नियति कहते हैं। आज के केजरीवाल इसी नियति का शिकार बन चुके हैं। वह देश में रोहिंग्या मुस्लिमों के मसीहा बनते जा रहे थे। बांग्लादेशी घुसपैठियों के वह 'बेताज बादशाह' बन चुके थे। इसी प्रकार खालिस्तानी आतंकियों को भी वह अपना समर्थन दे रहे थे। कथित किसान आंदोलन के उग्रवादी जिस समय लालकिले की प्राचीर पर जाकर अपना झंडा चढ़ा रहे थे, उस समय भी वह किसी बड़े 'राजनीतिक खेल' की प्रतीक्षा कर रहे थे या कहिए कि किसी बड़े भारी विनाश की प्रतीक्षा कर रहे थे, जिसमें वह स्वयं में भविष्य का एक हीरो देख रहे थे। इस प्रकार कट्टर बेईमान कट्टर देश विरोधी शक्तियों के हाथों में खेल रहा था। ऐसे में यदि उसे कट्टर देशविरोधी भी कह दिया जाए तो कोई अतिशयोक्ति न होगी। उन्होंने राजनीति की शब्दावली को न्यूनतम स्तर पर लाकर राजनीति को घटिया स्वरूप प्रदान किया। राजनीतिक शालीनता को उन्होंने झूठों के पुलिंदों में बदल दिया। यहां तक कि राजनीतिक वेशभूषा को भी उन्होंने पैंट शर्ट अथवा पेंट और टीशर्ट में परिवर्तित कर दिया। 'मफलर संस्कृति' को उन्होंने आम आदमी के नाम पर स्थापित करने का प्रयास किया, परंतु बहुत शीघ्र ही पैंट शर्ट अथवा टी शर्ट और पेंट या मफलर संस्कृति वाले लोग देश के मतदाताओं के लिए घृणा का पात्र बन गए। इसके पीछे केजरीवाल की राजनीतिक कार्य शैली ही महत्वपूर्ण रही। वह भली प्रकार जानते थे कि उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान रहा था, परंतु इसके उपरांत भी अपनी चालाकी का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को गाली देनी आरंभ की और जनता में यह भ्रांति फैलाने का प्रयास किया कि कांग्रेस नहीं बल्कि भाजपा उन्हें राजनीतिक पूर्वाग्रह के चलते जेल में पहुंचा रही है। जबकि देश की जनता जानती थी कि उन्हें जेल में पहुंचाने का काम न्यायालय कर रहा था। केजरीवाल अपनी प्रशंसा अपने आप ही करते रहे। उन्होंने जनता के सामने अपने आप को न केवल कट्टर ईमानदार साबित करने का प्रयास किया बल्कि सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया की राजनीतिक कार्य शैली को भी सराहने की सारी सीमाओं को लांघ गए। उन्होंने दिल्ली की जनता सहित देश के मतदाताओं में भी यह भ्रम फैलाने का प्रयास किया कि उनकी शिक्षा नीति न केवल भारत के लिए अपितु सारे विश्व के लिए एक अच्छा मॉडल बन सकती है। जिसे लेकर वह इतने उत्साहित रहे कि मनीष सिसोदिया को राष्ट्रीय पुरस्कार देने की मांग करने से भी नहीं चूके। जबकि यह केजरीवाल ही थे, जिन्होंने भारतीय शिक्षा संस्कारों को कभी अपनी शिक्षा नीति में सम्मिलित नहीं किया। उन्होंने ईसाइयों और मुसलमानों को प्रसन्न करने के लिए भारतीय शिक्षा संस्कारों की दिल्ली की शिक्षा नीति में पूर्णतया उपेक्षा की। वह नहीं चाहते थे कि देश की शिक्षा नीति में वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, दर्शन आदि का चिंतन कहीं स्थान प्राप्त करने में सफल हो सके। देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू की भांति वह कथित भारतीयता को भारत के लिए अपमानजनक मानने वाले नेता हैं। उन्होंने एक तानाशाह की भांति अपने आप को राजनीति में दीर्घकाल तक स्थापित करने का प्रयास किया। इसके लिए उन्होंने हर हथकंडा अपनाया। करोड़ों रुपया उन्होंने विज्ञापनों पर खर्च कर अपने आप को एक मॉडल के रूप में स्थापित करना चाहा। परंतु उनके सारे प्रयास व्यर्थ गए। जनता का अधिक देर तक कोई भी नेता मूर्ख नहीं बना सकता। केजरीवाल भी इसके अपवाद नहीं थे। यद्यपि वह अपने आप को अपवाद समझने की भूल कर रहे थे। उन्होंने अपने चेहरे को चाहे लाख बार छुपाने का प्रयास किया हो, परंतु दिल्ली की जनता ने उनका चेहरा बेनकाब कर दिया। आज बेनकाब केजरीवाल जनता के सामने आने से बच रहे हैं।

दृष्टि कोण

# छोटे शहरों के नौजवानों की कहानी आशियाना मैकरॉबर्टगंज

**रमन** हितकारी आशियाना मैकरॉबर्टगंज में कानपुर के क्राइस्ट चर्च कॉलेज के दोस्त, रेहान फजल के संबंधों और उनके परिवार के साथ अपने बीच घनिष्ठ संबंधों पर भी कलम चलाते हैं। वे एक अध्याय दक्षिण एशिया के अग्रणी पत्रकारों में से एक रेहान फजल को समर्पित करते हैं। छोटे शहरों के नौजवानों की कहानी आशियाना मैकरॉबर्टगंज जवाहरलाल नेहरू विश्वविदृालय (जेएनयू) के पूर्व छात्र और शिक्षक गोपालस्वामी पार्थसारथी के प्रति गहरे सम्मान का भाव रखते हैं, जिनकी सरपरस्ती में जेएनयू देश का श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान बना। वे जेएनयू के पहले उप वुलपति थे। हालाँकि, एक सवाल पूछने का मन कर रहा हैः क्या जेएनयू बिरादरी उस शख्स के नाम से वाकिफ है जिसने जेएनयू परिसर की शुरुआती इमारतों को डिजाइन किया था? उस शख्सियत का नाम था सी.के. वुकरेजा थे। वे एक सिद्ध वास्तुकार थे। कह सकते हैं कि पार्थसारथी और वुकरेजा ने जेएनयू की बुनियाद रखी थी। आशियाना मैकरॉबर्टगंज' में, नामवर पत्रकार और लेखक रमन हितकारी दोनों के बारे में लिखते हैं। गंगा ढाबा जेएनयू परिसर में गंगा, झेलम और सतलुज छात्रावासों के करीब है। इसे तेजबीर नाम के एक जाट सज्जन चलाते थे। गंगा ढाबा आधी रात के बाद तक खुला रहता। नींबू पानी और बन ऑमलेट गंगा ढाबा के सिग्नेचर पेशकश रहे। नींबू पानी और बन ऑमलेट थोड़ा अजीबोगरीब कांबिनेशन लग सकता है, फिर भी जेएनयू के भीतर इसके काफी चाहने वाले खूब रहे हैं। गंगा ढाबा गवाह है अंतहीन चर्चाओं का। 1982 में, दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को पूर्वांचल छात्रावास, जेएनयू से जोड़ने वाला रूट नंबर 615 शुरू किया। उस समय दिल्ली एशियाई खेलों की मेजबानी करने की तैयारी कर रही थी। शहर का सौंदयाकरण किया जा रहा था और इसे महत्वपूर्ण खेल आयोजन के लिए तैयार किया जा रहा था। तब कई नए बस मार्ग शुरू किए गए, जिनमें उपर्युक्त 615 शामिल था, जो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (अजमेरी गेट साइड) और पूर्वांचल छात्रावास के बीच चली थी। रमन हितकारी 'आशियाना मैकरॉबर्टगंज' में इस महत्वपूर्ण बस रूट को याद करते हैंः ठ वो मई का महीना था, और धूप तेज थी। साल था 1984 का। मैं सफदरजंग बस स्टैंड पर खड़ा था, एक छोटा सा बैग और एक पानी की बोतल लिए। मुझे इंतजार था बस नंबर 615 का जेएनयू पहुंचने के लिए। मुझे जेएनयू में अपनी प्रवेश परीक्षा देने के लिए जाना था। मेरा पेपर दोपहर 2:30 बजे शुरू होने वाला था, और मैं लगभग 1:15 बजे तक बस स्टैंड पर खडाथा। मैं घबराया हुआ था। जब मैंने परीक्षा देने की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी, बस नंबर 615 आ गई। मैं इसमें सवार हो गया।ठ यह 615 के साथ रमन हितकारी के जुड़ाव की शुरुआत थी, जो जेएनयू में अपने पूरे समय में उनके जीवन का एक अभिन्न अंग बना रहा। वास्तव में, जवाहरलाल नेहरू विश्वविदृालय (जेएनयू) के कई पीढ़ियों के छात्र इस बस रूट पर निर्भर रहे हैं। वे इससे गहराई से जुड़े हुए हैं। शिक्षक, छात्र, और जेएनयू से किसी भी तरह से जुड़े किसी भी व्यक्ति के लिए 615 को भुलाना संभव नहीं है। यह सुपर बाजार, पूवा न्यायालय, राष्ट्रीय संग्रहालय, सफदरजंग रोड, लक्ष्मीबाई नगर, सरोजिनी नगर, आर.के. पुरम, मुनिरका गांव, वसंत विहार से होकर गुजरती है, और अंततः गोदावरी छात्रावास और पूर्वांचल छात्रावास तक पहुंचती है। लगभग 20 मिनट के बाद वही बस अपना मार्ग फिर से शुरू करती है। इसकी लगभग 50 मिनट की यात्रा के दौरान इसमें जेएनयू के छात्र सवार होते हैं। उनके बीच बस में ही बस के भीतर ही चर्चाएं और बहसें चलती रहती हैं। रमन हितकारी की पहली पुस्तक उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों, जिनमें कानपुर, लखनऊ और प्रयागराज (हालांकि वह पुराने नाम, इलाहाबाद को पसंद करते हैं) में बिताए गए उनके शुरुआती वर्षों की यादों से भरी हुई है। उनके विवरणों को पढ़कर, मुझे अपनी हालिया प्रयागराज यात्रा फिर ये याद आने लगी। वे प्रयागराज के सिविल लाइन्स, इंडियन कॉफी हाउस, एल चिको रेस्तरां वगैरह का जिक्रा करते हैं। मैंने इन सब जगहों को हाल ही में देखा। मेरा इलाहाबाद से मेरा पहला परिचय धर्मवीर भारती के उत्वृष्ट उपन्यास, गुनाहों का देवता के माध्यम से हुआ। यह उपन्यास इलाहाबाद शहर को बेहतरीन तरीके से चित्रित करता है। मेरी हिदुस्तान टाइम्स की पूर्व सहयोगी पूनम सक्सेना ने भारती जी के उपन्यास का अंग्रेजी अनुवाद किया। मुझे वह भी पसंद आया था। मैंने चंदर और सुधा के माध्यम से इलाहाबाद के समाज को गहराई से देखा-समझा था। को एक बार पढ़ना शुरू किया, तो मैं इसे दो दिनों में पढ़ गया।

कुछ अलग

# बड़ी चुनौती है जलवायु परिवर्तन से निपटना

**आजादी** के बाद के 70 सालों में जलवायु परिवर्तन से भारत में ही आपदाओं में आठ गुणा से भी ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इसका खुलासा पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में कार्यरत संगठन 'आई फारेस्ट' की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक आजादी के बाद के शुरुआती सालों में जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदा यानी बाढ़, चक्रवात, हीटवेव आदि की तादाद कुल मिलाकर 27 ही थी, लेकिन उसके बाद के बरसों में इनकी तादाद बढ़कर आठ गुणा का आंकड़ा पार कर गयी। इसमें 1998 में गुजरात में व 1999 में ओडिशा में आये भीषण चक्रवात से हुई तबाही, 2013 में उत्तराखंड में आई जल प्रलय और 2014 में आये हुदहुद और अम्फान नामक आये भीषण चक्रवात से हुई तबाही व 2019 में जून से सितम्बर के बीच मानसून मौसम में 110 फीसदी से अधिक हुई बारिश से देश के 14 राज्य बाढ़ के भीषण प्रकोप से प्रभावित रहे। फानी तूफान के कहर तथा 1998, 2002, 2003 और 2015 में हुई भीषण तापमान वृद्धि और भीषण लू की घटनाओं को लोग भूले नहीं हैं। यदि हम वर्ष 1991 से 2000 तक जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदाओं का जायजा लें तो इस दौरान 96 आपदाओं का देश को सामना करना पड़ा। जबकि उसके बाद वर्ष 2020 तक देश की जनता को 210 आपदाओं का कहर झेलना पड़ा। वर्ष 2024 तो देश के लिए अभूतपूर्व गर्मी की मार वाला रहा, अप्रैल से जुलाई तक सबसे खराब और सबसे लम्बे समय तक चलने वाली गर्मी की लहरों यानी भयंकर लू की मार सहने को देश विवश हुआ। इस दौरान देश के 741 जिलों में से लगभग 500 जिलों का दैनिक तापमान कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पर्यावरण और मानवाधिकार संगठन 'जर्मन वॉच' के क्लाइमेट इंडेक्स से खुलासा हुआ है कि जलवायु से जुड़ी आपदाओं में भारत दुनिया के शीर्ष 10 देशों में जिनमें डोमिनिका, चीन, होंडुरास, म्यांमार, इटली, ग्रीस, स्पेन, वानुआतू और फिलीपींस शामिल हैं, में छठे स्थान पर है और यहां साल-दर-साल आपदाएं विकराल होती जा रही हैं। बीते तीन दशकों में अकेले भारत में जलवायु परिवर्तन से जन्मी मौसमी आपदाओं से देश को कुल 180 अरब डालर का नुकसान हुआ और औसतन 4,66,45,209 लोग प्रभावित हुए। 1993 से 2022 के बीच देश में हुई चरम मौसमी घटनाओं में करीब 80 हजार लोगों की जानें गयीं। जबकि दुनिया में आठ लाख लोग मौत के मुंह में चले गये और 4.2 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। इन आपदाओं से सालाना 2000 डॉलर का देश की अर्थव्यवस्था पर बोझ पड़ रहा है, साथ ही 2675 जिंदगियां हर साल इनकी शिकार होती हैं। इस बारे में जलवायु विशेषज्ञ लारा शेफर कहते हैं कि समूची दुनिया में जलवायु संकट तेजी से खतरनाक होता जा रहा है। पिछले तीन दशक सबूत हैं कि ग्लोबल साउथ के देश विशेष रूप से चरम मौसमी घटनाओं से जूझ रहे हैं। हम जलवायु संकट के अप्रत्याशित और महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे हैं। यह समाज को अस्थिर करने में अहम भूमिका निभाएगा। वहीं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस का कहना सही है कि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्य अब भी पहुंच से बाहर हैं। यही कारण है कि जलवायु आपदा टालने में दुनिया पिछड़ रही है। समय की मांग है कि समूचा विश्व समुदाय सरकारों पर दबाव बनाये ताकि वे समझ सकें कि इस दिशा में हम पिछड़ रहे हैं और तेजी से आगे बढ़ने की ज़रूरत है। यदि वैश्विक प्रयास तापमान को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने में कामयाब रहे तो भी दुनिया के 96.1 करोड़ लोगों के लिए यह सबसे बड़ी समस्या होगी।

देश दुनीया से

# निरस्त्रीकरण आज विश्व की आवश्यकता है

**वास्तव** में आज मानवता की रक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना, मानवता के सिद्धांतों को बनाए रखना, देश के सभी नागरिकों की सुरक्षा करना, सतत विकास को बढ़ावा देना, राज्यों के बीच विश्वास और भरोसा बढ़ाना और सशस्त्र संघर्ष को रोकना और समाप्त करना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। निरस्त्रीकरण आज विश्व की आवश्यकता है हर वर्ष 5 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि यह दिवस विशेष रूप से युवाओं में निरस्त्रीकरण के मुद्दों के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। गौरतलब है कि इस दिवस की शुरुआत 'शांति और सुरक्षा' के लिए निरस्त्रीकरण और अप्रसार के महत्व को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2021 में संयुत्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) द्वारा इसकी स्थापना की गई थी। यदि हम यहां इसके इतिहास की बात करें तो इस संदर्भ में 7 दिसंबर 2022 को संयुत्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव अपनाया और प्रति वर्ष 5 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता दिवस' के रूप में घोषित किया। गौरतलब है कि 5 मार्च 2023 को अंतर्राष्ट्रीय निरस्त्रीकरण और अप्रसार जागरूकता दिवस का पहला आयोजन किया गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष 24 से 30 अक्टूबर तक 'संयुत्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण सप्ताह' मनाया जाता है। कहना चाहूंगा कि इस सप्ताह का आयोजन निरस्त्रीकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाता है। इसी तरह से, परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस 26 सितंबर को मनाया जाता है।सच तो यह है कि आज पूरा विश्व बारूद के ढ़ेर पर खड़ा हुआ है। संपूर्ण विश्व में हथियारों की होड़ लगी हुई है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि आज विश्व में अमेरिका सबसे बड़ा हथियार निर्यातक देश है, जबकि रूस दूसरे स्थान पर है।प्रांस, चीन और जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किगडम, स्पेन, दक्षिण कोरिया, इजरायल भी शीर्ष हथियार निर्यातक देशों में शामिल हैं।वास्तव में, वैश्विक हथियार व्यापार एक बहुत बड़ा उद्योग है, जो सदियोंसदि यों से अस्तित्व में है। कहना ग़लत नहीं होगा कि हर साल दुनिया में अरबों डॉलर के हथियारों की खरीद- फरोख्त की जाती है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2021 में दुनिया भर में हथियारों का व्यापार 127 बिलियन डॉलर था। आज स्थिति यह है कि दुनिया के विभिन्न हथियार निर्यातक देश हर साल हथियार बेचकर अरबों-खरबों रुपये कमाते हैं।स्वीडिश थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीटूट के अनुसार, वर्ष 2019- 23 की अवधि के लिए भारत दुनिया का शीर्ष हथियार आयातक था, जिसमें वर्ष 2014-18 की अवधि की तुलना में आयात में 4.7™ की वृद्धि हुई थी। वहीं, यूोन में युद्ध की पृष्ठभूमि में, रिपोर्ट में यह बात कही गई है कि वर्ष 2014-18 और वर्ष 2019-23 के बीच यूरोपीय देशों द्वारा हथियारों के आयात में 94™ की वृद्धि हुई है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2019-23 में 10 सबसे बड़े हथियार आयातकों में से नौ, जिनमें भारत, सऊदी अरब और कतर के शीर्ष 3 शामिल हैं, एशिया और ओशिनिया या मध्य पूर्व में थे। वर्ष 2022-23 में 30 से अधिक देशों से प्रमुख हथियारों का हस्तांतरण प्राप्त करने के बाद यूोन वैश्विक स्तर पर चौथा सबसे बड़ा हथियार आयातक बन गया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यूरोप के राज्यों ने वर्ष 2014-18 और वर्ष 2019-23 के बीच प्रमुख हथियारों के अपने आयात को लगभग दोगुना (ऋ94 प्रतिशत) कर दिया। वर्ष 2019-23 में एशिया, ओशिनिया और मध्य पूर्व में हथियारों की कहीं बड़ी मात्रा प्रवाहित हुई, जहां 10 सबसे बड़े हथियार आयातकों में से नौ हैं। संयुत्त राज्य अमेरिका ने वर्ष 2014-18 और वर्ष 2019-23 के बीच अपने हथियारों के निर्यात में 17 प्रतिशत की वृद्धि की, जबकि रूस के हथियारों का निर्यात आधा हो गया। रूस पहली बार तीसरा सबसे बड़ा हथियार निर्यातक था, जो प्रांस से ठीक पीछे था। बहरहाल, कहना चाहूंगा कि आज अमरीका, रूस और चीन जैसी बड़ी ताक़तों की आपसी होड़ बढ़ने के कारण हथियारों के वैश्विक कारोबार में लगातार बढ़ोतरी हुई है।हैरानी की बात तो यह है कि आज पूरे विश्व में हथियारों का कारोबार तेज़ी से फल-फूल रहा है। हर साल हथियारों का कई बिलियन डॉलर का अंतरराष्ट्रीय कारोबार होता है। आंकड़े बताते हैं कि आज भारत दुनिया के हथियार बेचने वाले 25 बड़े देशों में की सूची में शामिल है।भारत 2015 से 2019 की अवधि तक दूसरा सबसे ज्यादा हथियार खरीदने वाला देश रहा। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2023-24 देश में 1.27 लाख करोड़ रुपये के हथियारों का निर्माण हुआ यानी रक्षा उत्पादन किया गया। यह उत्पादन वर्ष 2014-15 की तुलना में 2.7 गुना ज्यादा है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार वेंद्र सरकार 2029 तक रक्षा निर्यात को 50, 000 करोड़ रुपये तक बढ़ाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं कि हथियारों की होड़ के कारण आज दुनिया विनाश के मुहाने पर खड़ी हुई है। यदि हम यहां रूस-यूोन युद्ध की ही बात करें तो तीन साल की जंग में यूोन 18 प्रतिशत तक सिवुड़ गया है। दोनों देशों (रूस-यूोन) के बीच विध्वंस, तबाही और बर्बादी में हजारों लाखों लोग मारे जा चुके हैं। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार रूस-यूोन युद्ध से अब तक 1-1.5 खरब डॉलर (लगभग 80-125 लाख करोड़ रुपये) का नुकसान हो चुका है, जो कि बहुत बड़ी क्षति है। युद्ध के कारण कोई भी देश बहुत पीछे चला जाता है और उससे उबरना बहुत ही मुश्किल होता है। युद्ध के कारण आर्थिक व जानमाल को तो नुकसान पहुंचता ही है पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र भी व्यापक असर पड़ता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इजरायल में युद्ध ने 67.57 अरब डॉलर का नुकसान पहुंचाया है, जहां स्वास्थ्य और शिक्षा का बजट जंग में खर्च हुआ। वहीं, गाजा और वेस्ट बैंक में 50 अरब डॉलर का निवेश बर्बाद हुआ, बेरोज़गारी दर 80™ तक पहुंच गई और 61™ लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि निरस्त्रीकरण का मतलब है-' हथियारों को कम करना, सीमित करना या खत्म करना।' वास्तव में, यह आम तौर पर किसी देश के सैन्य या किसी खास तरह के हथियारों को संर्दभित करता है।

आप का नजरीया

# ग्लेशियरों पर संकट के बीच हमारी जिम्मेदारी

**हाल** ही में उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा ग्राम के पास हुई हिमस्खलन की घटना में बीआरओ के मजदूर दब गए थे, जिनमें से कुछ को बचा लिया गया, लेकिन कई की जानें नहीं बच सकीं। दरअसल, हिमस्खलन की घटनाएं पूरी दुनिया में बढ़ रही हैं, जिससे अचानक बाढ़ें आ रही हैं और सड़कों पर वाहन सवार सैलानियों की मौतें हो रही हैं। फरवरी, 2021 में उत्तराखंड की नीती घाटी में हिमस्खलन के कारण ऋषिगंगा और धौलीगंगा नदियों में बाढ़ आई, जिससे व्यापक तबाही हुई। इस घटना के चलते वैश्विक स्तर पर हिमस्खलनों और ग्लेशियरों के संकट को लेकर चर्चा शुरू हुई। ऐसे में सवाल उठता है कि ग्लेशियरों के पिघलने की प्रक्रिया में मानवीय गतिविधियों का भी योगदान है, जिससे इन घटनाओं की आवृत्ति बढ़ रही है। ग्लेशियरों का पिघलना प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन मानवीय हस्तक्षेप जैसे जलविद्युत परियोजनाओं, निर्माण कार्यों और पर्यावरणीय असंतुलन ने इसे और बढ़ा दिया। इसलिये, हमें इन संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ से हिमालयी ग्लेशियरों का पिघलना दुगनी दर से बढ़ गया है। वे हर साल आधे मीटर की मोटाई खो रहे हैं और कुछ क्षेत्रों में पीछे भी खिसक रहे हैं। गढ़वाल हिमालय में पिछले चार दशकों में औसतन 18 मीटर प्रति वर्ष ग्लेशियर पीछे खिसक रहे हैं। ग्लेशियरों के पिघलने की दर तापमान, बारिश, नमी, हवाओं की गति और सूर्य की किरणों के परावर्तन पर निर्भर करती है। पिघलते ग्लेशियरों से उत्पन्न जल से गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी सदानीरा नदियों का अस्तित्व है, जो वर्षा के बिना भी बहती रहती हैं। यदि ग्लेशियरों का पिघलना जारी रहता है, तो इससे समुद्र स्तर 230 फुट तक बढ़ सकता है, जो वैश्विक जल संकट का कारण बन सकता है। नदियों में पानी की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, गंगा और यमुना के स्रोतों, गंगोत्री और यमुनोत्री के ग्लेशियरों को नैनीताल उच्च न्यायालय ने 20 मार्च, 2017 को एक आदेश में न्यायिक जीवित मानव का दर्जा दिया। हालांकि ग्लेशियर स्वयं मौसमी बदलाव और बढ़ते तापमान से काल-कवलित हो रहे हैं, लेकिन इनकी सतह जब सूर्य की किरणों को परावर्तित करती है, तो वे वातावरण संतुलन में भी मदद करती हैं। छोटे ग्लेशियर्स औसतन 70 से 100 मीटर तक मोटे होते हैं, जबकि बड़े ग्लेशियर्स 1.5 किमी तक मोटे हो सकते हैं। गतिक ग्लेशियर्स अपनी यात्रा के दौरान शिलाओं को तोड़ते हुए उन्हें उनके मूल स्थानों से दूर ले जाते हैं, जिससे हिमस्खलन के दौरान हिमखंडों के साथ बड़ी-बड़ी शिलाओं की भी बौछार होती है। जब ये हिमखंड और शिलाएं नदियों-नालों में गिरती हैं, तो कभी-कभी बहते पानी की राह रोक अस्थायी बांध बना देती हैं। इन बांधों के टूटने से अचानक बाढ़ों और तबाही का खतरा उत्पन्न हो सकता है। हिमस्खलनों के अतिरिक्त, बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियरों में उत्पन्न होती और फैलती ग्लेशियल झीलें सर्वाधिक चिंता का कारण बन रही हैं। जिनके टूटने पर भारी मात्रा में पानी बहकर ये अचानक बाढ़ों का कारण बनती है, जिसे ग्लेशियल आउटबर्स्ट फ्लड कहा जाता है।

# प्रधानाचार्य की लापरवाही हुई उजागर, एडमिट कार्ड जारी नहीं होने से परीक्षा में बैठने से वंचित रह गए दो छात्र

## प्रधानाचार्य कहा हल्ला गुल्ला करोगे तो भविष्य ख़राब कर देंगे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** विद्या के मंदिर में भी अजब गज़ब कारनामा देखने को मिल रहा है जहां प्रधानाचार्य के लापरवाही का खामियाजा दो छात्र भुगत रहें हैं ताजा मामला मॉडल विद्यालय का है।जहां प्रधानाचार्य कमलेशप्रताप यादव की मनमानी रवैये से छात्राओं का एक साल का मेहनत पर पानी फिर गया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि दोनों छात्र मॉडल विद्यालय का छात्र है जिनका रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरा गया था।शिक्षक के द्वारा सर्वर डाउन होने की दुहाई दी जा रही है।उक्त मामला प्रखंड के लेवाड़ गांव के नौवीं कक्षा के दो छात्र और छात्रा का मामला है छात्र पंकज कुमार एवं सुमन कुमारी ने विरोध जताते हुए कहा कि रजिस्ट्रेशन का शुल्क 530 रूपये जमा किया था इसके बावजूद भी एडमिट कार्ड नहीं दिया गया।छात्र का आरोप है की जब मेरे पिताजी स्कूल ग़ए और प्रधानाचार्य से बात किया तो उन्होंने बताया कि गलती हो गई।अब एक वर्ष जो भी पढ़ाई का ट्यूशन फी आएगा हम दे देंगे।ज्यादा हल्ला गुल्ला नहीं कीजिएगा अगर हल्ला किया तो आपका बच्चे का भविष्य खराब कर देंगे। इस तरह से बच्चों का भविष्य अंधकार की ओर जा रही है।ये छोटी-मोटी बात है कह कर पल्ला झाड़ रहे हैं उनकी एक छोटी सी गलती की खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। इस संबंध में प्रधानाचार्य कमलेश प्रताप ने बताया कि इनका रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरा गया था चालान भी कट गई और सर्वर डाउन की वजह से एडमिट कार्ड नहीं आया अब हम क्या कर सकते हैं।

# उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई।जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अबुआ आवास, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित, पेयजलापूर्ति, उग्रवादी हिंसा से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## बंद पड़े जलमीनार की मरम्मत को लेकर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा का धरना प्रदर्शन



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में खराब पड़े जलमीनार की मरम्मती की मांग को लेकर शुक्रवार को हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पार्टी के झारखंड प्रदेश युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अतुल सिंह ने अपने समर्थकों के साथ आदर्श नगर स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान हम पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और जल्द से जल्द जलमीनारों की मरम्मत कराने की मांग की। धरना का नेतृत्व कर रहे हम पार्टी के नेता अतुल सिंह ने बताया कि पिछले साल 11 दिसंबर 2024 को प्रखंड क्षेत्र के खराब पड़े जलमीनारों की सूची विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत पांडेय को सौंपी गई थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि एक महीने के भीतर सभी जलमीनारों को ठीक कर दिया जाएगा, लेकिन तीन महीने बीत जाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। मौके पर अतुल सिंह ने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है, और ग्रामीण इलाकों में पहले से ही पानी की किल्लत से हाहाकार मचा हुआ है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही सभी खराब जलमीनारों को दुरुस्त नहीं किया गया, तो जनता को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

## दो मोटरसाइकिल की हुई टक्कर में एक घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांकी पथ पर बनियों ग्राम के समीप गुरुवार की देर शाम दो मोटरसाइकिल की टक्कर में शंकर यादव 40 वर्ष पिता स्वर्गीय बिंदेश्वर यादव ग्राम हथडीह थाना बालूमाथ घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से शंकर यादव को घायल अवस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। बताया जाता है कि शंकर यादव टोरी शिवपुर रेल लाइन निर्माण कार्य में मजदूर का काम करता था और वह मजदूरी करके अपने घर जा रहा था इसी बीच पीछे से एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने धक्का मार दिया।

# किसान मेला का हुआ आयोजन सैकड़ो में पहुंचे किसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत रामनवमी मेला कांड में शुक्रवार को किसान मेला का आयोजन किया गया। मेला कृषि विज्ञान केंद्र चतरा के तत्वाधान में आत्मा के द्वारा लगाया गया। मेला प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।मेला का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य अनिता देवी, प्रमुख, मुखिया निर्मला देवी तथा उप परियोजना निदेशक राजेश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप्रज्वलित कर किया।मेला में प्रखंड से सैंकड़ों किसान पहुंचकर अपने खेतों में उत्पादित फल, फूल, सब्जी प्रदर्शनी लगाया। इस मौके पर उप परियोजना निदेशक किसानों को उन्नत खेती को लेकर जानकारी दिया। जनप्रतिनिधियों ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रखंड के किसान काफी मेहनती है। वे अपने खेतों में उत्पादित फल, फूल, सब्जी का अच्छी उत्पादन कर मेले में प्रदर्शनी लगाने का काम किया, जो काफी सराहनीय है। जनप्रतिनिधियों ने मौके पर उपस्थित कृषि विभाग व आत्मा के अधिकारी व कर्मियों से यहां के किसानों बेहतर मार्गदर्शन के साथ साथ कृषि कार्य में इनका सहयोग देने की बात कही। वहीं मेला में बेहतर प्रदर्शनी करने वाले 75 किसानों को छोटे छोटे कृषि यंत्र तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। मौके पर एटीएम अमरेंद्र पांडेय, बीटीएम प्रभात कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# मनोज कुमार वर्मा दुबारा बने जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को जेएमएम पार्टी प्रखंड सम्मेलन सह प्रखंड कमिटी विस्तार की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा व संचालन राजेश कुशवाहा ने किया। इस मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति व जेएमएम नेता मनोज चंद्रा मुख्य रूप से उपस्थित थे। कमिटी पुनर्गठन में अध्यक्ष पद के लिए दो लोगों ने अपना नाम पेश किया।इनमें मनोज कुमार वर्मा तथा बहादुर दांगी शामिल थे। आपसी सहमति नहीं बनने के कारण वोटिंग के माध्यम से अध्यक्ष पद का चयन किया गया। इनमें मनोज को सर्वाधिक 16 मत प्राप्त हुए। जबकि बहादुर को मात्र 11 मत प्राप्त हुआ।समिति में सचिव देवदीप पासवान, उपाध्यक्ष संजय यादव, कोषाध्यक्ष संदीप दास का मनोनयन किया गया। मौके पर आलोक रंजन, देवनारायण दांगी, प्रमेश्वर दांगी, संतान सोनी, रोहन यादव, विकास समेत अन्य मौजूद थे।

## आम्रपाली में लोक जनसुनवाई कार्यक्रम में रैयतों ने किया विरोध, प्रबंधन के विरुद्ध की नारेबाजी



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के उड़सू में आम्रपाली परियोजना के विस्तार हेतु शुक्रवार को लोक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता अरविंद कुमार व संचालन सीओ विजय दास ने किया। निर्धारित कार्यक्रम लगभग डेढ़ घंटे विलम्ब शांतिपूर्वक शुरू हुआ लेकिन जैसे हीं ग्रामीणों को आभास हुआ कि प्रबंधन अपने नुमाइंदों के जरिए लोगों को गुमराह कर सिर्फ अनापत्ति हासिल करना चाह रही है। जीएम अमरेश कुमार सिंह के अभिभाषण सुनते हीं भू-रैयत आक्रोशित होकर भड़क गये। कार्यक्रम में मौजूद स्थानीय महिला-पुरुषों ने जमकर नारेबाजी करते हुए जीएम हटाओ आम्रपाली बचाओ, दादागिरी नहीं चलेगी, नहीं चलेगी के नारे लगाने लगे। फलतः अधिकारियों को कार्यक्रम बीच में हीं स्थगित करना पड़ा। सहमति पत्र में कुल 16 लोगों ने हस्ताक्षर किया कुमरांग कला से 7, बिंगलात से 6 एवं उड़सू से 2 लोग शामिल हैं। आक्रोश ग्रामीण महिलाओं ने कहा परियोजना में वर्षो से जमे जीएम पूर्व में यही परियोजना ने पियो पद पर थे। इनका खोखले वादे ग्रामीणों को गुमराह करके अपना काम निकालने, डरा धमका कर जमीनों पर कार्य किया जाता हैं। वर्षो से जमे जीएम के कार्यकाल में दो-दो बार सीबीआई कार्रवाई करके घूस लेते अधिकारी को भी गिरफ्तार किया है। इतनी बड़ी करवाई के बाद भी जीएम को जमे रहना हम लोगों को भय के माहौल में जीना पड़ रहा है। इस मामले में चतरा अपर समाहर्ता अरविंद कुमार ने बताया कि वहां के रैयतों ग्रामीणों द्वारा जनसुनवाई में जो पीड़ा बातें रखा गया है उसे नोट किया गया है। सभी मांगों को चतरा उपायुक्त पास भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा जनसुनवाई कार्यक्रम सफल हुआ या ग्रामीणों के विरोध से असफल हुआ, ये पर्यावरण विभाग ही बताएंगे।

**परियोजना विस्तार के लिए फर्जी अनापत्ति हुई तो करेंगे आत्मदाह**

विरोध कर रहे भू-रैयत गणेश प्रसाद, विजय साव सूलेंदर साव ने कहा कि तमाम जनप्रतिनिधियों व ग्रामीण अपने हस्ताक्षरित पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन को अपनी मांगों से अवगत पूर्व में हीं करा चुके हैं। सहमति देने वाले महज 16 लोग हीं पांच गांवों के भाग्य विधाता नहीं हैं। प्रलोभन से या ग्रामीणों के फर्जी हस्ताक्षर का उपयोग कर अगर अनापत्ति हुई तो आंदोलन का हर विकल्प अपनाया जायेगा। फिर भी न्याय नहीं मिला तो तिल तिल मरने से अच्छा सामूहिक आत्मदाह करने पर विचार किया जाएगा।

**स्थानीयों के उपेक्षा और कुटनीतियों पर घिरा रहा प्रबंधन**

लगभग डेढ़ घंटे चले कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रबंधन को कुनीतियों पर जमकर घेरा। चाहें भारी प्रदूषण से हो रही समस्या हो या अलग ट्रांसपोर्टिंग सड़क नहीं होने दुर्घटनाओं में अकाल मौत। वहीं जीएम ने परियोजना से स्थानीय ट्रक व हायवा मालिकों का लाभार्जन तथा आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार उपलब्ध होने के हवाले दिया गया है।

# पुलिस ने माओवादी मनोहर गंझु के घर चिपकाथा इश्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार व्यवहार न्यायालय के आदेश पर बालूमाथ पुलिस ने भाकपा माओवादी के उग्रवादी मनोहर जी उर्फ मनोहर गंझु उर्फ दिनेश गंझु के घर इश्तेहार चिपकाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए तेतरियाखांड पिकेट प्रभारी रामकुमार पांडे ने बताया कि भाकपा माओवादी के उग्रवादी मनोहर जी उर्फ मनोहर गंझु के घर बालूमाथ थाना कांड संख्या 93/21 धारा 385, 387 भा.द.वी 17 सीएल एक्ट के अभियुक्त मनोहर गंझु पिता बिलासपति गंझु ग्राम बसिया टोला टेमराबार थाना बालूमाथ निवासी के घर न्यायालय के आदेश पर चिपकाया गया है ।माओवादी का यह उगवादी पिछले कई वर्षो से फरार चल रहा था।दर्ज कांड संख्या 93/21 के तहत उग्रवादी ने चंदवा के रहने वाले रोड कॉन्ट्रेक्टर संतोष कुमार सिंह को मोबाइल पर धमकी दिया था। सन्तोष सिंह जो चंदवा से गोनिया तक एनएच 22 पथ निर्माण कार्य कर रहा था ।जिसको उग्रवादी ने बंद करने व लेवी की मांग किया था । पुलिस ने बताया कि अगर उग्रवादी न्यायालय के आदेश पर चिपकाए गए इस इश्तेहार के बावजूद सरेंडर नहीं करता है ।तो न्यायालय के आदेश पर आगे की कार्रवाई करते हुए कुर्की जब्ती भी किया जा सकता है।

# समाहरणालय सभागार में होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में होली पर्व के दौरान सुरक्षा व विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के निर्देश दिए। सभी प्रखंडों में शांति समिति की बैठक कराने, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात करने, अश्लील/विद्वेष फैलाने वाले गानों पर रोक लगाने, अवैध शराब बिक्री पर नियंत्रण और सोशल मीडिया की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने विधि व्यवस्था बिगाड़ने वालों को चिह्नित कर धारा 107 के तहत कार्रवाई करने व संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च कराने का निर्देश दिया। आपात स्थिति में संपर्क करें-कंट्रोल रूमः 06565-247981 / 08987796308-साइबर सेलः 6206159795 / 112 बैठक में जिले के वरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# जेएमएम ने की पंचायत कमिटी का विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड के सिबला पंचायत व साल्वे पंचायत मे जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व मे पंचायत कमिटी का विस्तार किया। कमिटी विस्तार के क्रम मे संयोजक मंडली कामेश्वर भोगता, अनिल तुरी, बीरेंद्र पासवान, लाल आशीष नाथ शाहदेव उपस्थित रहे। सिबला पंचायत के लिए अध्यक्ष शंकर गंझु, उपाध्यक्ष एजाजुल मियाँ, सचिव महेश यादव कोषाध्यक्ष उमेश लोहरा सर्व सम्मती से चुने गए। साल्वे अध्यक्ष नरेश उरांव बनाए गए साथ ही सचिव कोषाध्यक्ष भी बनाए गए। बैठक मे जेएमएम पार्टी की नीति सिद्धांत के बारे मे लोगों बताया गया वहीं सभी कार्यकर्त्ताओं को जनजन तक पहुंचाने की बात कही। मौके पर भोला राम, जीतेन्द्र गंझु, रुपल उरांव, बिहारी उरांव, लक्ष्मण उरांव सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

# लोगों की समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। मनिका प्रखंड के औराटांड से आए हुए दिव्यांग संजय उरांव ने इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल की फरियाद रखी जिस पर उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को त्वरित करवाई करते हुए ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याएं रखीं तथा लोगों से प्राप्त आवेदन के आलोक में उपायुक्त ने समस्या निदान के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। जन शिकायत निवारण में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से जमीन विवाद, मुआवजा, इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल निर्गत करने संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन आन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें।उपायुक्त के निर्देशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।

# होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ थाना परिसर में शुक्रवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों से होलिका दहन स्थल का निरीक्षण, डीजे पर प्रतिबंध समेत अन्य विशेष बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कई निर्देश भी दिए। इसके उपरांत बैठक में उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए अनुमंडल विपिन कुमार दुबे ने लोगो से सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाने का अपील करते हुए कहा कि रंगो का त्योहार होली भाई चारा स्थापित करने का त्योहार है। होली का त्योहार को हर कोई भाईचारा के साथ मनाए। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया ने बताया की संवेदनशील जगहों पर पुलिस की निगरानी रखी जाएगी। साथ ही गश्ती दल नियुक्त किए जाएंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी, समाज को जागरूक रहने की जरूरत है। सोशल मीडिया पर नजर रखी जाएगी। कोई भी बात पोस्ट करने से पहले तथ्यों की जांच कर लें। असामाजिक तत्वों पर पुलिस की निगरानी रहेगी। जोर जबरदस्ती किसी को रंग न लगायें । कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिले तो अविलंब थाना को सूचना दी जाय। वहीं बैठक के दौरान होली के उपलक्ष पर होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी समाज के प्रमुख जनों से जानकारी प्राप्त की। साथ ही सभी अनुमंडल वासियों को होली का अग्रिम बधाई दिया। बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य स्तेला नगेसिया, इंस्पेक्टर पीर मोहम्मद,प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा, पुअनि बंधन तिर्की, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज, बिहारी जयसवाल, ब्रजमोहन जयसवाल, संजय जयसवाल, राकेश कुमार, निजामुद्दीन खान, राजेश नगेसिया मुखिया सहित अन्य दर्जनों गणमान्य एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 1728 बोतल नकली शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, ट्रैक्टर जब्त

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पाण्डे को गुप्त सूचना पर हंटरगंज थाने पुलिस को बड़ी सफलता मिली। एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि हंटरगंज थाना क्षेत्र के तरवागड़ा की ओर से बिहार की तरफ एक ट्रैक्टर के ट्राली में भारी मात्रा में नकली शराब को छुपाकर गुप्त रूप से ले जाया जा रहा है। एसपी के निर्देश पर पुलिस निरक्षक सह थाना प्रभारी पप्पू कुमार शर्मा के नेतृत्व में अवैध अंग्रेजी नकली शराब की कालाबाजारी पर रोकथाम के लिए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने उक्त सूचना का सत्यापन में गुरुवार करीब 10 बजे थाना क्षेत्र के डाहा मोड के समीप छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें एक महिंद्रा कंपनी ट्रैक्टर ट्राली पर ईट व मिट्टी के नीचे छुपाकर भारी मात्रा में नकली शराब के साथ दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। प्रेस वार्ता करते हुए हंटरगंज पुलिस निरक्षक सह थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में ट्रैक्टर से नकली बिहार भेजा जा रहा है। इसी आलोक में छापामारी अभियान चलाया गया।

# सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे मेडिकल कॉलेज अस्पताल, कर्मियों मे मची अफरा- तफरी, दिखे एलर्ट मोड में

- निरीक्षण के बाद सांसद ने सुपरिटेंडेंट से की लम्बी वार्ता, कहा सिस्टम में करें सुधार, अन्यथा करेंगे दूसरा उपाय
- जब सांसद ने पूछा किस कानून के तहत बेडशीट, कम्बल,व्हील चेयर के लिए बंधन रखते हैं मोबाइल और 100 रुपए नगद, तो सुपरिटेंडेंट की बोलती हुई बंद
- हर महीने जहां 40 हज़ार मरीज आते हैं वहां अव्यवस्था कतई बर्दाश्त नहीं करूंगा : मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को दोपहर 12ः00 जैसे ही अचानक औचक निरीक्षण करने हजारीबाग सदर अस्पताल/ मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे तो यहां अफरा-तफरी मच गई। प्रबंधन, चिकित्सक, चिकित्साकर्मी सभी एलर्ट मोड में दिखे। सांसद मनीष जायसवाल सीधे ट्रामा सेंटर पहुंचे जहां पर्ची काउंटर में घंटों से पर्ची के इंतजार में खड़े लोगों के समस्याओं से रूबरू हुए और फ़िर यहां इमरजेंसी ओपीडी, ड्रेसिंग रूम, प्लास्टर रूम का निरीक्षण करने के पश्चात सीधे अधीक्षक डॉ.अनुकरण पूर्ति के कार्यालय कक्ष में पहुंचे और अस्पताल के कुव्यवस्था से जुड़े विभिन्न सवालों को जब बारी-बारी से रखा तो कई सवालों पर सुप्रिटेंडेंट घिरते नजर आए। दरअसल उन्हें पिछले दिनों यह शिकायत मिली थी कि अस्पताल में 100 रुपए पैसे लेकर या मोबाइल गिरवी रखकर कंबल, व्हीलचेयर और स्ट्रेचर दिया जा रहा है। कुछ लोगों ने यह भी शिकायत की थी कि बेडशीट भी नहीं मिल पाता है और बेडशीट रहते हुए भी चिकित्सा कर्मियों द्वारा बोला जाता है कि बेडशीट नहीं है।

**सांसद मनीष जायसवाल ने सुपरिटेंडेंट डॉ. अनुकरण पूर्ति से** अस्पताल परिसर में अधिष्ठापित दो पीएसए ऑक्सीजन प्लांट बंद होने, पंजीकरण काउंटर ने मेन पावर की कमी, विभिन्न वार्डों में बेडशीट, कंबल, व्हील चेयर, स्ट्रेचर के लिए मरीजों के परिजनों से मोबाइल और पैसा जमा कराए जाने, विभिन्न वार्डों में मरीज से कैथेटर लगाने, ड्रेसिंग करने सहित अन्य सुविधा के लिए भी मनमानी वसूली किए जाने, रविवार की रात को अस्पताल का जांच घर कार्य नहीं करने, हॉस्पिटल के सीनियर डॉक्टर दूसरी पाली के ओपीडी और विशेषकर रात्रि में उपलब्ध नहीं रहने, लेबर रूम में मनमानी वसूली किए जाने, अस्पताल का अल्ट्रासाउंड अब तक चालू नहीं किए जाने, पोस्टमार्टम में देरी एवं चिकित्सक मनमानी करने के कारण कईएक बार मुर्दों के साथ परिजनों को घंटों इंतजार कराए जाने, ब्लड बैंक का प्लाज्मा



सेपरेशन का कार्य शुरू नहीं हो पाने और हॉस्पिटल कैम्पस में अस्पताल कर्मियों द्वारा व्यसन का सेवन किए जाने सहित अन्य मामले को गंभीरता से कई सवाल पूछा और इसपर लिखित जबाव भी मांगा है। सांसद मनीष जायसवाल ने लम्बी वार्ता करने के बाद जताते हुए कहा कि सिस्टम में जल्द सुधार करें अन्यथा दूसरा उपाय हमलोगों को करना भी आता है। सांसद मनीष जायसवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस अस्पताल में हर महीने 40000 से अधिक हमारे मरीज सफर करते हो वहां की अव्यवस्था कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ना ही यह उम्मीद की जाएगी की जनकल्याण के लिए संचालित सरकारी अस्पताल में हमारे मरीज से कंबल, व्हील चेयर, स्ट्रेचर सहित अन्य सामग्री की आवाज में मोबाइल गिरवी रखा जाएगा या रुपए वसूले जाएंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने सभी चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों की उपस्थिति और ड्यूटी रोस्टर भी सुप्रिटेंडेंट से मांगते हुए कहा कि आप मुझे रोस्टर उपलब्ध कराएं मैं बताऊंगा कि कौन उपस्थित रहते हैं और कौन नहीं। सांसद मनीष जायसवाल ने एक महीने के अंदर मेडिकल कॉलेज अस्पताल का यह दूसरा निरीक्षण किया। उन्होंने इस निरीक्षण के बाद स्पष्ट किया कि समाज के अंतिम पायदान के जरूरतमंद लोगों को उचित स्वास्थ सुविधा मिले इस दिशा में हुए सतत प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चिकित्सा और चिकित्सा कर्मी अच्छे कार्य करेंगे तो हम उन्हें प्रोत्साहित भी करेंगे लेकिन गैर कानूनी कार्य करेंगे तो बक्शे भी नहीं जाएंगे। वार्ता के दौरान सुपरिटेंडेंट डॉ.अनुकरण पूर्ति ने सांसद मनीष जायसवाल को आश्वस्त किया कि जल्द ही स्थिति में व्यापक सुधार किया जाएगा और इसकी शुरुआत भी कर दी गई है । सांसद मनीष जायसवाल मेडिकल कॉलेजेस अस्पताल के सुपरिटेंडेंट से वार्ता करने के लिए उसके पश्चात पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से सदर अस्पताल/ मेडिकल कॉलेज अस्पताल की व्यवस्था में अचानक से गिरावट आई है। हम लोगों का संघर्ष हमेशा से रहा है कि जरूरतमंद लोगों को उचित स्वस्थ लाभ दिलाया जा सके। लेकिन अचानक से यहां की प्रबंधक के लापरवाही के कारण चिकित्सा सेवा में आई भारी गिरावट को देखते हुए मैंने खुद निरीक्षण कर मरीजों से हाल जाना और फिर प्रबंधन से वार्ता करते हुए उन्हें लिखित शिकायत किया और जवाब भी मांगा। सांसद मनीष सहसवान ने यह भी कहा कि जब आप संतोषजनक नहीं आया तो निश्चित रूप से सरकार के स्तर तक बात को लेकर जरूर जायेंगे और जबतक व्यवस्था में सुधार न हो जाए तक तक संघर्ष जारी रखेंगे।

**मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद**

हजारीबाग के जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के

सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, मैंगो मन सह समाजसेवी मनोज गुप्ता, पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा,अजय पाण्डेय, अनिल मिश्रा, पवन गुप्ता, अनिल पाण्डेय, मुकेश साव, सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य कई लोग मौजूद रहें ।

## होली को लेकर दारू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई



**दारू (हजारीबाग) (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** होली को लेकर दारू थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता इंस्पेक्टर मोहम्मद शाहिद रजा वा संचालन थाना प्रभारी सफीक खान ने किया। इंस्पेक्टर ने अपने संबोधन में कहा कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले के ऊपर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रशीद ने अपने संबोधन में कहा कि त्यौहार शांति पूर्ण मनाए और सोशल मीडिया पर किसी तरह का आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचे। वही अंचल अधिकारी राम बालक कुमार ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि रंगों का त्योहार होली को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। थाना प्रभारी सफीक खान ने कहा कि मेरी नजर उन हुड़दंगियों पर विशेष रूप से है जो शराब पीकर जैसे तैसे गाड़ी चलाते है। साथ ही कहा कि अवैध शराब को लेकर छापेमारी जारी रहेगी। इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के लोग शामिल थे।

## स्व. तिलेश्वर साहू की पुण्यतिथि बरही स्थित उज्जैना हाउस में आज मनाई जाएंगी



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रही हाउस, उज्जैना में 8 मार्च को भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस नेता सह तैलीक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने बरही विधानसभा के सभी सम्मानित कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, महिला पुरुष को इस श्रंद्धाजलि सभा में आने कर विनीत आग्रह किया है।

## डीवीसी कोनार में हिंदी कार्यशाला का शुभारंभ



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ कोनार डैम में शुक्रवार को हिंदी कार्यशाला का आयोजन कोनार डैम मुख्य कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में किया गया। कार्यशाला का संचालन हिंदी अधिकारी अशोक कुमार ने किया। एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का शुभारंभ परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। परियोजना प्रधान राणा रंजीत सिंह ने हिंदी को बढ़ावा देने के लिए कार्यालय का कार्य ज्यादा से ज्यादा हिंदी में करे। राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से कर्मचारियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रबंधक असैनिक पवन कुमार, डीवीसी उच्च और मध्य विद्यालय के प्राचार्य भरत महतो और राजेश्वर रजक के साथ मुख्य कार्यालय के राजेश कुमार और अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

## पुआल में लगी आग, हजारों रुपये के पुआल जलकर खाक



**कटकमसांड़ी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के कंचनपुर पंचायत के गोविंदपुर (गंडके) गांव में लीलो महतो के पुआल में लगी आग ।इस अगलगी में पुआल के ढेर के बगल में गोहाल में बंधे जानवर झुलस कर घायल हो गए ।आग को झारखंड अग्निशमन के जवानों और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत से बुझाया। इस घटना में लीलो महतो को करीब बीस से पच्चीस हजार रुपए की क्षति हुई है ।

## बरही मे खाटू श्याम दरबार का आयोजन 10 मार्च को

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर पंचायत के दुर्गा मंडप स्थित प्रांगण में आगामी 10 मार्च दिन सोमवार को संध्या 7ः00 बजे से श्री श्याम परिवार द्वारा भव्य श्याम दरबार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूजा अनुष्ठान के साथ फूलों की होली, इत्र वर्षा, श्याम रसोई के साथ, भजन संध्या सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भजन कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक कलाकार शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय केशरी, दीपक केशरी, सुजीत केशरी, दीपू केशरी, आशीष केशरी, सौरव केशरी, शिवम केशरी, रंजन केशरी, संतोष केशरी, अशोक केशरी,भीम केशरी, प्रमोद केशरी,रमेश केशरी अरविंद केसरी, संजय केशरी सहित सभी श्रद्धालु कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल, में श्रीदस महोत्सव का शुभारंभ आज शाम 04 बजे से होगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, और स्कूल प्रांगण को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है। बच्चों ने आज अंतिम चरण का फुल ड्रेस रिहर्सल किया, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और आकर्षण का अंदाजा लगाया जा सकता है। इस भव्य आयोजन में बरही विधायक मनोज कुमार यादव, बरही स्रुब्ब्ह अजीत कुमार विमल और द्धष्ट्रक्र-ह्लह्रस्रु डॉ. विश्वनाथ पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रधानाचार्य रोहित सिंह ने बताया कि इस महोत्सव में 5000 से अधिक अभिभावक अपने बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए उपस्थित रहेंगे। यह महोत्सव न केवल बच्चों की प्रतिभा



का प्रदर्शन करेगा, बल्कि अभिभावकों और आमंत्रित अतिथियों के लिए भी अविस्मरणीय अनुभव साबित होगा। इस महोत्सव में स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे, जिनमें नृत्य, नाटक, संगीत और अन्य रोचक कार्यक्रम शामिल हैं। प्रत्येक प्रस्तुति दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार की गई है। महोत्सव की तैयारियों में स्कूल के शिक्षक और कर्मचारी भी पूरी मेहनत से जुटे हुए हैं।

## रमजान के पहले जुमे में उमड़ी नमाजियों की भीड़, दुआ के लिए उठे हजारों हाथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** रमजान-उल-मुबारक के पहले जुमे को बड़कागांव प्रखंड के बादम, बड़कागांव, चट्टी, सिरमा, छवानिया, डाडी, चेपा, सिंदूवारी, महूदी, बलिया, कनोदा, नापो, महुगाई, इस्लाम पुर, हाहे, रुद्दी आदि गांव के मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। वक्त से पहले ही नमाजी मस्जिदों में पहुंच गए। सभी मस्जिदों में उलेमाओं ने नमाज अदा कराने के पहले तकरीर करते हुए रमजान माह की फजीलत बयां की। नमाज में मुल्क व कौम की तरक्की व अमन की दुआ कराई गई। माहे रमजान का पहला जुमा होने के कारण लोगों में खासा उत्साह था। सुबह से ही लोग नमाज की तैयारियों में लगे हुए थे। दोपहर को जैसे ही मस्जिदों से अजान की आवाज आई तो नमाजियों ने मस्जिदों की तरफ रुख करना शुरू कर दिया। नमाज पढ़ने



के लिए बड़ों के साथ-साथ बच्चे भी काफी उत्साहित थे। प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम स्थित जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। जुमे की नमाज से पहले तकरीर करते हुए मस्जिद के इमाम ने कहा केवल रोजा रखना ही फर्ज नहीं है, बल्कि जकात और फितरा देना भी फर्ज है। जकात और फितरे से वैसे लोग भी रमजान और ईद की खुशी मना पाते हैं जिनके पास कुछ भी नही होता है। अपने आस पड़ोस के गरीबों को ज्यादा से ज्यादा मदद करें ताकि उनका भी रमजान और ईद खुशी से गुजरे।

## कटकमदाग थाना में होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमदाग ।** थाने में अंचल अधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में होली एवं रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी शिव बालक प्रसाद कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार भी मौजूद रहे। अंचल अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि कटकमदाग क्षेत्र पहले से ही आपसी भाईचारे का प्रतीक रहा है तथा पूर्व की भांति आने वाले त्योहारों को भी हम सभी मिलजुल कर एवं शांतिपूर्वक मनाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सौहार्द्य पूर्णिमा माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए थाना क्षेत्र के सभी जगह पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस वैसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई



करेगी जो आपसी सौहार्द को बिगड़ने का काम करेंगे। थाना प्रभारी ने कहा की सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप फेसबुक इंस्टाग्राम आदि पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर है तथा ऐसा करने वालों के ऊपर पुलिस नजर बनाए हुए हैं।

## नव प्राथमिक विद्यालय डुमरियाडीह में बच्चों के बीच ड्रेस का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत नव प्राथमिक विद्यालय डुमरियाडीह में 82 छात्र-छात्राओं के बीच ड्रेस,जूता मौजा का वितरण किया गया। पोशाक का वितरण अल्पसंख्यक महासमिति के अध्यक्ष मोहम्मद क्यूम ने किया। मौके पर मोहम्मद क्यूम ने कहा कि यह झारखंड सरकार की बहुत महत्वाकांक्षी योजना है, गरीब बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को समय-समय पर ड्रेस पोशाक उपलब्ध कराती है, आप सभी अभिभावकों को जरूरत है, बच्चों को समय पर स्कूल भेजिए, साफ सुथरा स्कूल भेजिए, ताकि बच्चे पढ़ाई मन लगाकर करें जिससे शिक्षा रहित एक अच्छे समाज की कल्पना की जा सकती है। बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें, शिक्षा से ही जीवन सफल हो सकता है, सरकार पढ़ाई के लिए



किताब छात्रवृत्ति के अलावा पोशाक मुहैया करा रही है। ताकि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रह सके। मौके पर सहायक अध्यापक मोहम्मद मंसूर आलम, लियाकत अंसारी, हाफिज तैयब, अकबर मियां, फारूक अंसारी, मुस्तफा अंसारी, समीना खातून सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ मुखिया करें नियमित बैठक, शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए करे अनुश्रवण : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के द्वारा जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन 7 मार्च को स्थानीय नगर भवन में किया गया। इस कार्यक्रम में सभी पंचायतों के मुखिया एवं बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय शामिल हुई। उपायुक्त ने इस कार्यक्रम के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए उपस्थित सभी मुखियाजनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा सभी मुखियाजनों को कई दायित्व सौंपे गए है। पंचायत अंतर्गत जितने भी शिक्षण संस्थान तथा विद्यालय है उन संस्थानों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान हो इसके लिए नियमित रूप अनुश्रवण किए जाने चाहिए। साथ ही साथ शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कौन कौन से प्रभावी कदम उठाए जा सकते है इस ओर प्रयास किए जाने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली बच्चों में ड्रॉप आउट एक प्रमुख समस्या है, इसमें कमी लाने के लिए मुखियाजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि मुखियाजनों को विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ नियमित बैठक कर ड्रॉप आउट की संख्या में कमी लाने तथा विद्यालयों में सौ फीसदी बच्चों की उपस्थिति हो इसके लिए भी प्रयास करें। उन्होंने विद्यालयों में दिए जाने वाले मध्यान भोजन की गुणवत्ता पर भी नियमित निरीक्षण करने की बात




कही। उपायुक्त ने कहा कि मुखियाजनों को पंचायती राज व्यवस्था के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण शक्तियां दी गई है जिनका प्रयोग कर शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के प्रयास करने चाहिए। पंचायतो के अंतर्गत आने वाले सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता,शौचालय,पानी की व्यवस्था या अन्य किसी भी प्रकार की समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक निराकरण के प्रयास करें।

**मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों के मुखिया को अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर उपायुक्त के हाथों किया गया सम्मानित**

इस जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम में सभी 16 प्रखंडों से एक-एक मुखिया का चयन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुखियाजनों को उपायुक्त के हाथों सम्मानित किया गया। जिनमें बरही प्रखंड के मलकोको पंचायत के मुखिया विजय यादव,बड़कागांव प्रखंड के चेपाकलां के मुखिया अनिकेत कुमार नायक, बरकट्ठा के गयपहाड़ी पंचायत के मुखिया कलावती देवी, विष्णुगढ़ के सारुकुदुर पंचायत के मुखिया उत्तम कुमार महतो,चलकुशा पंचायत के मुखिया अलख देव सिंह, चौपारण के बच्छई पंचायत के मुखिया देवाकी महतो,डाडी के डाडी पंचायत के मुखिया लखन लाल महतो, दारू प्रखंड के इरगा पंचायत के मुखिया अनीता देवी, हजारीबाग के सदर पंचायत के मुखिया कृष्ण प्रसाद मेहता, इचाक के मंगुरा पंचायत के मुखिया मीरा देवी, कटकमदाग के मसरातु पंचायत के मुखिया ज्योति देवी, कटकमसांडी के कटकमसांडी के मुखिया श्रीति पांडे, केरेडारी के केरेडारी पंचायत के मुखिया सोनिया देवी, पद्मा प्रखंड के मुखिया अनिल कुमार मेहता एवं टाटीझरिया के टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव को उपायुक्त के हाथों सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी,जिला शिक्षा अधीक्षक व अन्य मौजूद थे।

## हरली में करोड़ों की लागत से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लटक रहा है ताला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु ( हजारीबाग) :** दारू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हरली में करोड़ों की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार है और इसपर ताला लटक रहा है। इस संदर्भ में हरली पंचायत की मुखिया फरजाना खातून ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बनाने में करोड़ों रुपए खर्च की गई लेकिन बेकार पड़ा है। पिछले दो वर्षो से केवल झाड़ियां साफ कराई जाती है और बदरंग दीवारों को निपाई पुताई की जाती है। कोई ना कोई योजना के द्वारा रिपेयरिंग हो जाता है। इसकी सूचना मैंने विभाग और संबंधित अधिकारियों को दिया परंतु अबतक कुछ हो नहीं पाया केवल टेंडर निकालकर बार-बार इसका रिपेयरिंग चल रहा है। सरकार की रेवेन्यू को बर्बाद किया जा रहा है। इसमें आम जनता को इलाज के लिए हजारीबाग जाना पड़ रहा है। अस्पताल न खुलने के कारण आम जनों का मेरे ऊपर दबाव भी बढ़ रहा है संबंधित अधिकारियों को कई बार इस बात से अवगत कराया परंतु इसका साफ कहना है कि डॉक्टर की कमी है जिसके कारण नहीं खुल पाया। यदि ऐसा रहा तो आम जनता के साथ में बहुत जल्द धरना प्रदर्शन करूंगी।

**क्या है आम जनता की राय**

पंचायत की आम जनता कि राय है कि अस्पताल बने वर्षो हो गए लेकिन अब तक नहीं खुल पाया यदि यहां सुविधा दी जाती तो हमें इलाज के लिए दर दर भटकना नहीं पड़ता वहीं कुछ लोगों का कहना है कि करोड़ों के लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया और इसमें केवल बदरंग दीवार और झाड़ियां साफ कराई जाती है। यहां सड़क, और गढ़वाल का कार्य भी पूरा हो चुका है फिर भी गेट में ताला लटक रहा है। यदि यह स्वास्थ्य केंद्र चालू होता है तो हम सभी को इलाज के लिए दर भटकना नहीं पड़ेगा। पेटो उप स्वास्थ्य केंद्र का चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अमरेश कुमार ने इस संदर्भ में कहा कि पिछले वर्ष जब मुझे स्वास्थ्य केंद्र सौंपा गया था तो इसमें इलाज जारी था लेकिन आवागमन के लिए सड़क, गढ़वाल और कुछ आंतरिक भाग में समस्याएं थी अभी रिपेयरिंग कार्य चल रहा है जैसे ही मुझे ठेकेदार द्वारा पुनः सौंपा जाएगा तो यहां इलाज शुरुआत की जाएगी। साथ ही कहा कि ठेकेदार ने कहा है कि होली के बाद या मार्च के अंत तक मुझे हस्तांतरित किया जाएगा उसके बाद इसे हम लोग फिर से प्रारंभ करेंगे लेकिन डॉक्टर के अभाव के कारण थोड़ी समस्या आ रही है। फिर भी इसे चालू कराएंगे।


**Jharkhand Education Project Council**
JSCA, Stadiun Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi - 834004
Phone: 0651-2444501, 2444502, Fax-2444506,
e-mail: jepcranchil@gmail.com

**Ref. No.:QU/40/76/2025/836** **Date: 07/03/2025**

**E-Tender Notice**

JEPC, Ranchi invites E-Bids for Supply & installation of Library Furniture, Dual Desk, Reading Corner, Green Chalk Board for PM SHRI Schools. Bidders can download bid documents from website **https://jharkhandtenders.gov.in** from 08.03.2025 (1100 AM), onwards. Last date/Time for receipt of bids through e-tender is 24.03.2024 up to 03:00 PM.)

Sd/-
(Shashi Ranjan)
State Project Director

PR NO-348111 (Jharkhand Education Project Council) 24-25

## सयाल अबेंडकर भवन में 14 अप्रैल को धूमधाम से मनेगी बाबा साहब कि जयंती

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सयाल उतरी पंचायत स्थित गुरुवार को अंबेडकर जयंती समारोह धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक कि गई। वहीं इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर कि जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। साथ ही अंबेडकर सामुदायिक भवन के बगल में बने बाबा साहब के आदमकद प्रतिमा को सजाया जाएगा। वहीं जंयती समारोह में सयाल उरीमारी के विभिन्न स्कूलों के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं इस बैठक में सयाल उतरी मुखिया प्रतिनिधि सतेन्द्र यादव, पुर्व जिला पार्षद प्रतिनिधि विरेन्द्र पासवान,खजांची राम,पीटूं सिंह,प्रभु पासवान, कृष्णा कुमार, बिमलेश कुमार, राजेन्द्र चौहान, बिनोद कुमार,अर्जुन सिंह, बजरंग राम, संजय यादव,प्रेम पासवान, सुचित राम,सतीश वर्मा, अमित सिंह, ब्रजेश कुमार आदि लोग मौजूद थे।



## रामगढ़ के डॉ.हिरालाल कुमार को खोरठा में पीएच.डी. की उपाधि मिली

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राँची विश्वविद्यालय राँची के 38 वें दीक्षांत समारोह में रामगढ़ जिला के सुदूरवर्ती ग्राम बुढ़ाखुखरा निवासी डॉ. हिरालाल कुमार ने पीएच.डी. का उपाधि प्राप्त किया,पीएच.डी.का शीर्षक खोरठा भाषा व्याकरण एक विश्लेषणात्मक अध्ययन है प्रमुख रहा इसके अलावा डॉ. कुमार का खोरठा भाषा और साहित्य से जुड़े कई पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है जो विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओ के सिलेबल को ध्यान में रखकर लिखा गया है जिसका लाभ छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता की परीक्षाओं में मिल रहा है,साथ ही इनका अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों शोधपत्र प्रकाशित हो चुके है।वर्तमान समय में डॉ. हिरालाल कुमार उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय खपिया डाड़ी में टीजीटी शिक्षक के रूप में कार्यरत है। पीएच.डी.उपाधि मिलने पर इनके माता रुदिया देवी पिता मुखलाल महतो,शिक्षकों,मित्रों और परिवार के सादस्यों ने बधाई दिया है।डॉ. कुमार अपने परिवार में पीएच.डी. धारण करने वाले तीसरे सदस्य है।



## शोकाकूल परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व सांसद रघुनाथ पांडे

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रोफेसर रघुनाथ पांडे रामगढ़ नगर परिषद के दिग्वार शोकाकूल परिवार भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के दादा जी बीगु गिरी के घर मिलने पहुंचे बीगु गिरी के बहन सदुम देवी 75 वर्ष का देहांत दिनांक 17 2.2025 को उनके पैतृक आवास दिग्वार में हुआ था संसद के साथ भाजपा नेता सुदन सिंह पार्षद कुलदीप कुशवाहा वार्ड पार्षद अर्जुन यादव विजय गिरी विनोद प्रसाद भागीरथ गिरी वरुण गिरी सुनील गिरी राहुल गिरी मुकुल गिरी अर्जुन कुशवाहा दिलीप कुशवाहा दिलेश्वर कुशवाहा डॉक्टर रोहन लाल सहित परिवार के लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जिले में जल संकट से बचाव हेतु सभी जलमीनार की मरम्मती के संबंध में जनप्रतिनिधि व पदाधिकारियों को दिया निर्देश

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार आगामी गर्मी के मौसम के मद्देनजर जिले के सभी क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर जिला अंतर्गत पेयजल से संबंधित नलकूपों, डीप बोरिंग, जलमीनार की मरम्मती के संबंध में जनप्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारियों को दिया निर्देश।सर्वेक्षण सूची के आधार पर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ से प्राप्त सूची के आलोक में प्रथम चरण में प्रत्येक पंचायत में तीन-तीन कुल 316 योजनाओं का मरम्मती कार्य डीएमफटी मद से कराने की स्वीकृति प्रदान करते हुए संबंधित ग्राम पंचायत को कार्यकारिणी एजेंसी नामित कर जिले में खराब पड़े पेयजल संबंधित नलकूपों, डीप बोरिंग, जलमीनार की मरम्मती करने एवं आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी जिला वासियों को पेयजल की समस्याओं से निजात हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया गया। वही उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्यकारी एजेंसी द्वारा योजना कार्यान्वयन के पूर्व पुण¬ सुनिश्चित कर लिया जाए की योजना सामाजिक लाभ एवं उन्नति का है आदि योजना सामाजिक लाभ का नहीं है तो इसे किसी भी परिस्थिति में कार्यान्वित नहीं किया जाएगा योजना का कार्यान्वयन प्राक्कलित विशिष्टियों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ कराना सुनिश्चित करेंगे प्राक्कलन में दर्ज गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के अनुरूप कार्य नहीं करने पर कार्यकारी एजेंसी पर विधिवत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।योजना निर्माण मरम्मती का कार्य 25 दिनों के अंदर पूर्ण कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## रामगढ़ में मो. जब्बार अंसारी को नोटरी के रूप में नियुक्त किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिनिस्ट्री ऑफ लॉ एंड जस्टिस,डिपार्टमेंट ऑफ लीगल अफेयर्स, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के पत्रांक संख्या नोटिस नंबर 11013/13/2023-NC, दिनांक 08/03/2024 के आलोक में (rule(9) of the notaries Rules1956) के तहत मो0 जब्बार अंसारी अधिवक्ता सिविल न्यायालय रामगढ़ निवासी नई सराय को झारखंड प्रदेश में under the Notaries Act1952(53 श्द्ध1952) के तहत दिनांक 28/02/2025 को नोटरी,भारत सरकार की नियुक्ति पत्र ऑन लाइन उप विधिक सलाहकार ,विधि एवम न्याय मंत्रालय,विधि कार्य विभाग नईदिल्ली द्वारा प्रदान किया गया,एवम इन्हे नोटरी के रूप में सम्पूर्ण व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में व्यवसाय करने के लिए प्राधिकृत किया गया है



# श्रीवास्तव गिरोह का सरगना अमन श्रीवास्तव को दो दिनो के पुलिस रिमांड पर पतरातु थाना लाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** माननीय न्यायालय के आदेशानुसार श्रीवास्तव गिरोह का सरगना अमन श्रीवास्तव को पतरातू थाना काण्ड सं0-292/24, दिनांक-10.12.2024 धारा-109/111 (2) (बी) / 308 (4)/324/361 बी0एन0एस0 एवं 27 आर्म्स एक्ट में दिनांक-05.03.2025 को दो दिनो के पुलिस रिमांड पर पतरातु थाना लाया गया था।पतरातू थाना में अमन श्रीवास्तव के साथ रामगढ़ पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ किया गया जिसमें उसके संगठन / वर्तमान गतिविधि / पूराने लंबित कांडो के सहयोगी एवं रंगदारी के रूप में लिये जाने वाले पैसो के संबंध में रामगढ़ पुलिस द्वारा उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूछताछ किया गया है, जिसमें अमन श्रीवास्तव के द्वारा पुलिस के समक्ष अपने संगठन एवं सहयोगी के बारे में कई जानकारी दिया गया है।दिनांक 10.12.2024 को समय करीब 15¬20 बजे पतरातू रेलवे क्रॉसिंग के पास निर्माणाधीन ओभरब्रीज में लगा पोकलेन मशीन पर फायरिंग की घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार करते हुए इनके गिरोह के सदस्य 1. साहिल सिंह, उम्र 23 वर्ष, पिता-सुजान सिंह, पता-डेलाटोली, कोकर, थाना-सदर, जिला-राँची तथा 2. राहुल वर्मा, उम्र-करीब 28 वर्ष, पिता-गोपाल राम, पता-नयू नगरा टोली, थाना-लालपुर, जिला- राँची के द्वारा घटना कारित करने की बात बताया है।माननीय न्यायालय के द्वारा दिया गया दो दिनो का रिमांड अवधि पूर्ण होने के पश्चात शुक्रवार को अमन श्रीवास्तव को मेडिकल जाँच कराकर माननीय न्यायालय के समक्ष उपस्थित किया गया। तत्पश्चात माननीय न्यायालय के द्वारा अमन श्रीवास्तव को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।



# पीवीयूएन लिमिटेड द्वारा गेगड़ा गांव में किसानों के लिए जमीनी प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** झारखंड के ग्रामीण परिदृश्य में जहां किसान मेहनत से अपनी आजीविका चलाते हैं वहां जानकारी सबसे बहुमूल्य फसल साबित हो सकती है। इसी सोच के साथ, पीवीयूएन लिमिटेड ने आज गेगड़ा गांव में किसानों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।यह पहल किसानों की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई थी। बीते कुछ हफ्तों में,बिरसा कृषि विश्वविद्यालय,रांची के कृषि (ऑनर्स) के अंतिम वर्ष के छात्रों ने पीवीयूएनएल की सामुदायिक विकास टीम के साथ मिलकर एक व्यापक आवश्यकता मूल्यांकन सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण में पाया गया कि किसानों को फसल चक्र, आधुनिक सिंचाई तकनीकों,जैविक खेती के तरीकों,तथा जैविक खाद और उर्वरक बनाने की जानकारी नहीं थी। इसके अलावा,कई किसान सरकारी सब्सिडी और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (ष्ठक्चञ्ज) योजनाओं से अनजान थे। आज गेगड़ा के खेत एक जीवंत कक्षा में बदल गए। युवा और बुजुर्ग किसान,पुरुष और महिलाएं सभी उत्सुकता और उम्मीद के साथ एकत्र हुए। कृषि प्रशिक्षुओं, स्थानीय कृषि मित्रों



और पीवीयूएनएल के कर्मचारियों ने उन्हें सरल और प्रभावी सिंचाई तकनीकों से अवगत कराया,जिससे जल संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके। जैविक खेती पर आयोजित सत्रों ने किसानों को स्थायी कृषि विधियों की जानकारी दी,जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटे पीवीयूएनएल ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी देने के लिए सूचनात्मक पुस्तिकाएं भी वितरित कीं जिनमें योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया गया था।यह पहल न केवल किसानों को तकनीकी ज्ञान से सशक्त बना रही है बल्कि समुदाय और पीवीयूएनएल के बीच सहयोग और विश्वास को भी मजबूत कर रही है।

## बसंतपुर पंचायत के केबीपी परियोजना में चल रहे धरना प्रदर्शन का समर्थन हेतु 8 मार्च को जयराम महतो का शुभ आगमन होगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि शनिवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमो सह डूमरी विधायक टाइगर जयराम महतो बसंतपुर पंचायत अंतर्गत केबीपी परियोजना के विरोध में चल रहे धरना प्रदर्शन का समर्थन के लिए पहुंचेंगे! इस धरना प्रदर्शन में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के केंद्रीय, जिला ,प्रखंड, पंचायत व सक्रिय सदस्य उपस्थिति होंगे ! धरना प्रदर्शन मुख्य रूप से 12/14 दिनों से चल रहा है ! इस धरना प्रदर्शन में प्रभावित गांवों के महिला पुरुष धरना पर बैठे हुए हैं ! मांडू क्षेत्र के प्रभावित गांव ,बसंतपुर ,पचडा ,कोतरे ,बालमहुआ ,इचाकडीह ,बरगइया, रहावन ,पचमो, हुरदाग, लइयो, दनिया ! यहां एक कंपनी है कंपनी का नाम पावर मेक लिमिटेड और उनके सहयोगी अमर लिमिटेड के माध्यम से खनन कार्य होना सुनिश्चित हुआ है! झुमरा पहाड़ के अस्तित्व को बचाने की जरूरत है! बसंतपुर कोतरे परियोजना सीसीएल की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है! इस परियोजना के लिए 1162 हेक्टेयर जमीन, यानी




2872 एकड़ जमीन जंगल को उजाड़ कर 50 लाख मिट्रिक टन प्रति वर्ष कोयला का उत्पादन करना लक्ष्य है! यह परियोजना क्षेत्र वासियों के लिए अभिशाप साबित होगा! सरकार को इसके लिए वैकल्पिक ऊर्जा की स्रोतों की खोज करनी चाहिए! कोयला वर्तमान में है इसके निकाले जाने के बाद समाप्त होगा! इसलिए सरकार को रिन्यूएबल सोर्स ऑफ एनर्जी की ओर पहल करनी चाहिए, न कि जंगल नष्ट करना चाहिए ! कुछ साल के बाद वहां के लोग को पलायन करने को मजबूर होना पड़ेगा !लोग सोचे, विचार तभी अपना जल , जंगल,जमीन दे ।

## श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा जारी किए गए बाबा श्याम के खजाने के कूपन की लॉटरी जारी किया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा जारी किए गए बाबा श्याम के खजाने के कूपन की लॉटरी आगामी 10 मार्च को फागुन महोत्सव के उपलक्ष में मंदिर प्रांगण से दोपहर 1¬00 से समिति के पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में निकाली जाएगी। उसका प्रथम पुरस्कार सवा किलो चांदी का निशान एवं 20 सवा पाव चांदी के निशान अन्य 20 लोगों के बीच लॉटरी के द्वारा निकाले जाएंगे ।इसके अलावा जितने भी अन्य कूपन धारी को एक-एक चांदी का सिक्का निश्चित उपहार के खजाने के रूप में मिलेगा। अभी मंदिर प्रांगण से यह कूपन उपलब्ध है जिन्हें भी प्राप्त करना हो ले सकते हैं। साथ-साथ फागुन उत्सव की तैयारी भी जोरों पर चल रही है बाबा के भव्य श्रृंगार के अलावा भंडारा के साथ बाहर से बाबा के गुणगान हेतु विभाग मिश्रा उर्फ गुड़िया अपने भजनों से भक्तों को रिझाएंगी ।कई जगह से बाबा के निशान यात्रा श्याम भक्तों के द्वारा मंदिर प्रांगण तक निकल जाएगी जिसकी सूचना मिल रही है। इस अवसर पर श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट की अध्यक्ष सांवर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल गोयल, उपाध्यक्ष राजेश पथरवा ,कोषाध्यक्ष संजय चौधरी ,सहसचिव विकास अग्रवाल, भवन निर्माण मंत्री रमेश अग्रवाल जी, श्री शंकर अग्रवाल, श्री श्याम परशुरामपुरिया ,शिवकुमार अग्रवाल, सुशील गर्ग, शंभू अग्रवाल सुरेश बगड़िया, ओम प्रकाश अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, विनय अग्रवाल, दीपक मंगलम, महेश अग्रवाल, मुकेश बौंदिया, आदि थे ।

## झारखंड में खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं अंतिम सर्वे सेटलमेंट लागू करने की मांग को लेकर रामगढ़ विधायक की प्रभावी पहल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान रामगढ़ की सम्मानित विधायक ममता देवी जी ने झारखंड में 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति एवं अंतिम सर्वे सेटलमेंट को लागू करने की पुरजोर मांग उठाई। उन्होंने विधानसभा के शून्य काल में इस महत्वपूर्ण विषय को रखते हुए कहा कि यह नीति झारखंड के मूल निवासियों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक है।ममता देवी ने स्पष्ट किया कि झारखंड की जनता वर्षों से इस नीति की प्रतीक्षा कर रही है, जिससे उन्हें सरकारी नौकरियों, शैक्षणिक संस्थानों, और अन्य क्षेत्रों में प्राथमिकता मिल सके। साथ ही, उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि झारखंड में अंतिम सर्वे सेटलमेंट को लागू करना आवश्यक है ताकि भूमि विवादों को खत्म कर मूलवासियों के हक को सुरक्षित किया जा सके।विधायक ममता देवी ने कहा झारखंड की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। 1932 के खतियान को आधार बनाकर स्थानीय नीति लागू करना समय की मांग है, जिससे यहां के मूल निवासियों को उनके अधिकार मिल सकें। इसके साथ ही, अंतिम सर्वे सेटलमेंट को भी लागू किया जाना चाहिए ताकि झारखंड के लोगों को भूमि अधिकार से संबंधित कोई समस्या न हो और उनका हक सुनिश्चित हो सके। मैं सदन के माध्यम से सरकार से अपील करती हूं कि इस पर जल्द से जल्द ठोस निर्णय लिया जाए।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ इंजीनियरिंग संकाय द्वारा ड्रोन टेक्नोलॉजी पर पांच दिवसीय बूट कैंप भव्य ड्रोन शो के साथ संपन्न हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय और एनआईटी राउरकेला द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पांच दिवसीय ड्रोन टेक्नोलॉजी बूट कैंप 3 से 7 मार्च तक चला और इसका समापन एक शानदार ड्रोन शो के साथ हुआ।अंतिम दिन के प्रथम सत्र में बी.आई.टी मेसरा के प्रोफेसर डॉ कौशिक कुमार ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए क्वैड कॉप्टर के डिज़ाइन एंड एनालिसिस पर अपना शोध प्रस्तुत किया।इस कार्यक्रम में छात्रों, शोधकर्ताओं और टेक्नोलॉजी प्रेमियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।बूट कैंप के दौरान प्रतिभागियों को ड्रोन डिजाइनिंग, असेंबलिंग, प्रोग्रामिंग और उड़ान तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने ड्रोन की कार्यप्रणाली, उपयोग और सुरक्षा मानकों पर विशेष सत्र आयोजित किए।इसके अलावा, कृषि, रक्षा, आपदा प्रबंधन और सर्वेक्षण क्षेत्रों में ड्रोन टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोग पर भी चर्चा की गई। प्रतिभागियों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए फ्लाइट सिमुलेशन और रियल-टाइम ड्रोन ऑपरेशन का भी अभ्यास कराया गया। 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति महोदया प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ)अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार ने हार्दिक शुभकामनाएं दिए। बूट कैंप के समापन अवसर पर एक भव्य ड्रोन शो आयोजित किया गया, जिसका संचालन एन. आई. टी राउरकेला के % उड़ान% टीम के सदस्य शुभम कुमार और अभिलाष ने किया, जिसमें कई तरह के ड्रोन ने आकाश में बेहतरीन कलाबाजी दिखाई। इस शो ने प्रतिभागियों और दर्शकों को रोमांचित कर दिया।समापन समारोह में राधा गोविंद विश्वविद्यालय और एनआईटी राउरकेला के प्रोफेसर जे. श्रीनिवास, बी.आई.टी मेसरा के प्रोफेसर डॉ कौशिक कुमार, फैक्लटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ अवनीश कुमार ने छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए और इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षणों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गयी की वित्तीय वर्ष 2024 -25 में वर्तमान में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी दी गई एवं अब तक दिए गए लाभुकों के लाभ के संबंध में भी जानकारी दी। मौके पर उपायुक्त ने प्राप्त 2024 25 में आवंटन एवं खर्च के संबंध में भी जानकारी ली वहीं उन्होंने शेष बचे राशि को रोजगार सृजन हेतु



स्वीकृत आवेदनों का दस्तावेज को अच्छे से जांच उपरांत योग्य लाभुकों को लाभ देने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिन लाभों का राशि स्वीकृत हो चुकी है उन्हें अभिलंब लाभ देने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन-जिन लाभुकों का स्वीकृति उपरांत भी लाभ नहीं ले रहे हैं उन सभी को नोटिस करें तत्पश्चात लाभुक स्वीकृत राशि योजना का लाभ नहीं लेते हैं तो संबंधित राशि को अन्य लाभुकों में स्वीकृति प्रदान करने का निर्देश दिया।वही उपायुक्त ने अब तक जितने भी लाभुक लाभ ले चुके हैं उन सभी की जानकारी लेने के क्रम में दिए गए रोजगार हेतु लाभ का सही उपयोग कर रहे हैं कि नहीं इसकी जांच करने का भी निर्देश दिया गया। वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी श्री मनीष वत्स को जिला कल्याण पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए अब तक रोजगार सृजन हेतु वाहन का लाभ लेने वाले लाभुकों की सूची अनुसार वाहनों की कमर्शियल रजिस्ट्रेशन की जांच करने का निर्देश दिया साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि रोजगार सृजन के तहत अगर कोई लाभुक वाहनों को निजी उपयोग में सिर्फ कर रहा हो तो उन सभी को नोटिस करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को रोजगार सृजन हेतु प्राप्त आवेदनों के लाभुकों को संकल्प में प्राप्त योग्यता के अनुसार ही लाभ देने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, एलडीएम दिलीप महली,सहित अन्य उपस्थित थे।

## संगठित गिरोह के अपराधी सरेंडर करे अन्यथा अंजाम भुगतने को तैयार रहे : पवन कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय स्थित गुरुवार को पतरातु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जनशिकायत पेटी लगाई गई है। ताकि आम जनता निडरतापूर्वक अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए शिकायत पेटी में गुप्त शिकायत दर्ज कर सकें। इसपर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि एसडीपीओ पवन कुमार के नेतृत्व पतरातु इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार, पतरातु थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता,बरका सयाल महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे और महाप्रबंधक कार्यालय में लगे एसबीआई एटीएम मशीन के समीप जनशिकायत पेटी लगाई। पुलिस के इस कदम को जीएम अजय सिंह ने सराहा। साथ ही उन्होंने कहा कि रामगढ़ पुलिस द्वारा अपराध मुक्त जनसमस्या निवारण के लिए पुलिस की ओर से यह सार्थक पहल है। वहीं पतरातु एसडीपीओ पवन कुमार ने जनशिकायत पेटी में कैसे शिकायत डालना है चौक चौराहों पर आम जनता को समझाये।वहीं उन्होंने कहा कि अपराधिक गैंग से जुड़े लोग अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त वे सभी लोग सुधर जाए और सरेंडर कर दें अन्यथा पुलिस ठोस कार्रवाई करेगी अन्यथा अंजाम भुगतने को तैयार रहें।

## इनर व्हील क्लब का रामगढ़ के द्वारा सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस के लिए कार रैली का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** इनर व्हील क्लब का रामगढ़ के द्वारा सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस के लिए कार रैली का आयोजन किया गया।कर रैली थाना चौक स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के बाहर परागण से क्लब अध्यक्ष पिंकी पोद्दार के द्वारा हरा झंडा दिखाकर किया गया।जो कि झंडा चौक ,मैनरोड, बिजोलिया,रामगढ़ कॉलेज होते हुए पटेल चौक पर जाकर समाप्त हुआ। सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के गले का कैंसर होता है और यह तब होता है जब सर्विक्स की परत में असामान्य कोशिकाएं विकसित होने लगती हैं। कैंसर के सामान्य लक्षणों में असामान्य योनि ब्लीडिंग , मासिक धर्म के बीच ब्लीडिंग , मल और मूत्र त्याग करते समय ब्लीडिंग हो सकते हैं।सर्वाइवकल कैंसर से बचाव के लिए लगवाएं वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एक और प्रभावी उपाय है महिलाओं का नियमित रूप से सर्वाइकल पैप स्मीयर टेस्ट कराना। यह सर्विक्स में किसी भी परिवर्तन को प्री-मैलिग्नेंट या प्री-कैंसर स्टेज पर पहचानने में काफी प्रभावी हो सकता है। यह और भी प्रभावी हो जाता है यदि पैप स्मीयर टेस्ट को (हाई-रिस्क स्ट्रेन्स) के साथ किया जाए, जो कि सर्वाइकल स्मीयर में उच्च जोखिम वाले स्ट्रेनों का पता लगाने की प्रक्रिया है। आदर्श रूप से, 24 वर्ष की उम्र से लेकर 50 वर्ष की उम्र तक, महिलाओं को हर तीन साल में स्क्रीनिंग करानी चाहिए, और 50 वर्ष के बाद, 64 वर्ष तक हर पांच साल में स्क्रीनिंग करानी चाहिए।मौके पर क्लब अध्यक्षा पिंकी पोद्दार, सचिव नवालजीत कौर,शर्मिष्ठा दत्ता ,अनुराधा श्रॉफ दीपा वडेरा ,नवलजीत कौर, ममता बसंत, नीतू अग्रवाल, नमिता श्रॉफ पिंकी बंसल , जेनेशा वडेरा, प्रियंका जैन, मेघा बगड़िया, जसमीत कौर, निधि चौधरी , नीति अरोरा ,मनवीर कौर ,मधु बरेलिया,राजेंद् कौर आदि लोग मौजूद थे।

## अकीदत के साथ अदा की गई रमजान के पहले जुमे की नमाज



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमजान के पाक महीने पर शुक्रवार को कोयलांचल की सभी मस्जिदों में जुमे की पहली नमाज अदा की गई। मस्जिदों में मुस्लिम भाईयों ने नमाज अदा करने के बाद शांति एवं सदभाव बनाए रखने की अपील की। पहले जुमे को लेकर समाज के लोगों में अजब सा उत्साह था। एक बजे से पहले सभी लोग मस्जिदों में प्रवेश कर चुके थे। इसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की। वही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर अल्लाह ताला से पूरे देशवासियों के लिए दुआ मांगा। साथ ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि रमजान का महीना बहुत ही पवित्र महीना होता है। पूरे रमजान का महीना हम लोग अल्लाह ताला से दुआ करते हैं और नमाज अदा करते हैं और चांद देखने के बाद हम लोग ईद मानते हैं। इधर रमजान को लेकर बाजार में फल और सेवई की बिक्री भी तेज हो गई है। जम कर खरीद की जा रही है।

## हाड़ी जाति समाज सुधार समिति का महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को हीरापुर पुलिस लाइन के समीप सामाजिक संस्था हाड़ी जाति समाज सुधार की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से धनबाद जिला हाड़ी जाति समाज सुधार समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें किशोर हाड़ी जिलाअध्यक्ष, कार्तिक हाड़ी जिला कार्यकारी अध्यक्ष, पुनीत हाड़ी जिला प्रवक्ता, चतुर हाड़ी संगठन सचिव, विनोद हाड़ी युवा अध्यक्ष, अमित किशोर संरक्षक एवं शिबू हाड़ी संरक्षक सह मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किए गए। पदाधिकारियों को बैठक में सदस्यों ने बधाई दी। जिलाध्यक्ष ने समिति को ऊंचाइयों में ले जाने के लिए सभी को आश्वस्त किया। मुख्य रूप से उपाध्यक्ष बच्चन हाड़ी, सागर हाड़ी, महासचिव बुच्चू हाड़ी, रक्षा मंत्री भोला हाड़ी, सूचना मंत्री रंजीत हाड़ी, उपसंगठन सचिव संजय हाड़ी व बादल हाड़ी, महासचिव अजय हाड़ी, उपाध्यक्ष मनोज हाड़ी रंजीत हाड़ी, सचिव दिनेश हाड़ी, संगठन सचिव भरत हाड़ी, सूचना मंत्री श्रवण हाड़ी, कार्यकारणी सदस्य संतोष हाड़ी, किशोर हाड़ी, विकास हाड़ी, झरिया प्रखंड उपाध्यक्ष रमन हाड़ी, कोषाध्यक्ष शिबू हाड़ी समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## सोनोत संथाल समाज ने डीसी कार्यालय पर दिया धरना, 12 को पारसनाथ में जनआक्रोश रैली



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संथाल आदिवासियों के धार्मिक स्थल पारसनाथ पर्वत को लेकर आदिवासी समाज और जैन समुदाय के बीच एक बार फिर विवाद गहरा गया है। इसको लेकर संथाल आदिवासियों ने क्रमबद्ध आंदोलन की घोषणा कर दी है। गिरिडीह जिले में स्थित पारसनाथ पर्वत को संथाल समाज के लोग मारंगबुरू के नाम से पूजते हैं। इस पर्वत के लिए शुरू किए जा रहे आंदोलन के तहत 12 मार्च को देशभर के आदिवासियों का महाजुटान होने जा रहा है। इसी कड़ी में आज सोनोत संथाल समाज केंद्रीय समिति ने धनबाद समाहरणालय के मुख्य द्वार पर धरना दिया। साथ ही डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति को मांगों का ज्ञापन सौंपा। समिति के केंद्रीय संयोजक रमेश टुडू ने बताया कि पारसनाथ पर्वत के स्वामित्व को लेकर 12 मार्च को देश भर के आदिवासी मधुबन में एकजुट होकर प्रतिरोध मार्च निकालेंगे।उन्होंने कहा कि हम आदिवासी, मूलवासी, दलित समाज के विभिन्न समाजिक, धार्मिक एवं जन संगठन के द्वारा धनबाद समाहारणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग कर रहे हैं कि आदिवासी मूलवासी एवं दलित समाज के जायज मांगों पर उचित पहल करते हुए कार्रवाई किया जाए। मारांग बुरू यानी पारसनाथ पर्वत संथाल आदिवासियों का सर्वश्रेष्ठ देव स्थल है। उक्त स्थल इक्को सेंसेटिव जोन घोषित है बावजूद वहाँ कई धर्मशालाये और मठ बना कर स्थल का अतिक्रमण किया जा रहा है। सोनोत संथाल समाज की मांग है कि मारंगबुरू स्थल को अतिक्रमण मुक्त किया जाए।

## श्री श्री लक्ष्मी 1008 महारुद्र यज्ञ सह शिव मंदिर प्रतिष्ठा का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदनकियारी के बाबा वृद्धेश्वरनाथ धाम, बरकामा में सप्तम दिवसीय रुद्र महायज्ञ का गवाई नदी से वैदिक मंत्रोच्चार पश्चात कलश में जल भर कर भव्य झांकी निकाल कर प्रारंभ हुआ। इसके पूर्व मुख्य व्रती बिरांची माहथा के अगुवाई में पीला वस्त्र धारण कर बालिका महिला व पुरुष आम पल्लवयुक्त कलश लेकर श्रद्धालुओं द्वारा गाजे बाजे के साथ गवाई नदी पहुंचे।जहां गवाई नदी तट पर विधि विधान से मुख्यव्रती बिरांची माहथा एवं उनके सहयोगियों द्वारा पूजा अर्चना की गई तथा संकल्पित जल को कलश में भरकर धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, जय श्री राम, जय बजरंगबली, राधे राधे के नारे से गुंजयान करते हुए बाबा वृद्धेश्वरनाथ धाम, बरकामा मंडप पहुंचे। आपको बता दें इस सप्तम दिवसीय रुद्र महायज्ञ आसपास सहित प्रदेश के दूर दराज से श्रद्धालुओ के पहुंचने की संभावना है। वही दूसरी ओर आचार्य शशिकांत तिवारी ने यज्ञ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ में शामिल रहे सभी व्रतियों के साथ जो भक्तगण सच्चे मन से यज्ञ भगवान की आराधना करते उसको मनोवांछित फल प्राप्ति के साथ साथ सभी कल्मष धुल जाते हैं, पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है।

# जनता दरबार मे बुजुर्ग महिला ने की बेटा-बहू द्वारा जबरन मकान उनके नाम कर देने की शिकायत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी।जनता दरबार में बरवाअड्डा की एक बुजुर्ग महिला ने उपायुक्त को बताया कि उनके दोनों बेटे और बहुएं जबरन मकान उनके नाम कर देने के लिए दबाव बना रहे हैं। मना करने पर दोनों बेटे और बहुएं उनको विभिन्न तरह से प्रताड़ित करते हैं। महिला ने उपायुक्त से उनकी हरकतों पर अंकुश लगाने और सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई।वहीं एक बुजुर्ग ने उपायुक्त को बताया कि वह कुसुम विहार के एक अपार्टमेंट में काम करते थे। परंतु अपार्टमेंट वालों के आपसी विवाद के कारण उन्हें कई महिनों से भुगतान नहीं किया है। उन्होंने भुगतान करा देने तथा वृद्धा पेंशन दिलाने का अनुरोध किया।जनता दरबार में गैर आबाद जमीन पर अवैध कब्जा करने, अंचल कार्यालय द्वारा म्यूटेशन नहीं करने, काम कराकर मजदूरी नहीं देने, जमीन पर अवैध सड़क निर्माण करने, बीसीसीएल के एरिया नंबर 10 अंतर्गत चल रहे ओपन कास्ट परियोजना में जबरन जमीन पर कब्जा करने, पानी, बिजली की समस्या सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।उपायुक्त ने सभी आवेदनों के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।

# महिलाएं अपनी शक्ति पहचानें, वे अजेय हैं : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** महिलाएं अपनी शक्ति पहचानें। वे अजेय हैं। माता पिता धनी है तो भी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना होगा। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। वे अपने जीवन का निर्णय स्वयं ले सकेगी।उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिम्फर) में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही।उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का समान अवसर मिलना चाहिए। पुरुष और महिला में लैंगिक समानता होनी चाहिए। वर्तमान में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है। लाखों महिलाओं ने बुलंदियों को छुआ है। अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सर्वोच्च पद हासिल किया है। परंतु समाज में ऐसी भी महिलाएं हैं जो समानता के लिए संघर्ष कर रही है।महिलाओं को संघर्ष नहीं करना पड़े इसलिए बच्चियों को शिक्षा देना जरूरी है। उन्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी तो अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगी। जब वह कोई मुकाम हासिल कर लेगी तो बाजी पलट सकती है। महिलाएं जिस क्षेत्र में है वहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। अपने संबोधन के दौरान उपायुक्त ने कहा कि मेरी माँ मेरे जीवन का सबसे बड़ा और मजबूत स्तंभ है। मौके पर डॉ पल्लवी दास, डॉ आरती साहू, डॉ मोनालिसा गंगोपाध्याय, डॉ मौसमी मल्लिक सहित संस्थान के अन्य महिला एवं पुरुष वैज्ञानिक उपस्थित थे।

# महिला दिवस नारी शक्ति का उत्सव है : अनीता अग्रवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** नारी तू नारायणी ङ्क यह सिर्फ एक कहावत नहीं, बल्कि हमारे समाज की सच्चाई होनी चाहिए। हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि महिलाओं का सम्मान, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता केवल एक दिन की बात नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हर दिन की जिम्मेदारी होनी चाहिए।आज की महिलाएं हर क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर चल रही हैं ङ्क चाहे वह विज्ञान हो, राजनीति हो, शिक्षा हो या फिर खेल। वे सिर्फ घर तक सीमित नहीं, बल्कि देश के निर्माण में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। लेकिन यह भी सच है कि समाज में अभी भी कई जगहों पर महिलाओं को समान अवसर और सम्मान नहीं मिलता। जब भी महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की बात आती है, तो कई लोग पीछे हट जाते हैं। यह सोच हमें बदलनी होगी।

**महिला आत्मनिर्भरता का महत्व**

एक आत्मनिर्भर महिला सिर्फ खुद को ही नहीं, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी आगे बढ़ाने का काम करती है। जब एक महिला शिक्षित और आत्मनिर्भर होती है, तो वह अगली पीढ़ी को भी सही दिशा देती है। पहला कदम में हमारा उद्देश्य भी यही है कि हम हर महिला और विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों को शिक्षा और सशक्तिकरण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने में मदद करें।

**समाज में महिलाओं का सम्मान जरूरी**

सिर्फ कानून और नीतियां बना देने से महिलाओं की स्थिति नहीं बदलेगी, जब तक कि समाज की मानसिकता नहीं बदलेगी। हर महिला को समान अवसर, समान वेतन और एक सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। जब एक महिला का सम्मान किया जाता है, तो पूरा समाज आगे बढ़ता है।अनीता अग्रवाल, सचिव, पहला कदम स्कूल ने कहा की महिला दिवस के इस अवसर पर पहला कदम की ओर से हम यह संकल्प लेते हैं कि हम हर महिला को सम्मान देंगे, उनकी शक्ति को पहचानेंगे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करेंगे। समाज की हर लड़की और महिला को यह विश्वास दिलाएंगे कि वह किसी से कम नहीं। आइए, इस महिला दिवस पर यह प्रण लें कि हम हर महिला को समानता और सम्मान की दृष्टि से देखेंगे और उसे आगे बढ़ने के अवसर देंगे। क्योंकि जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवता निवास करते हैं।

# अवैध कोयले का कारोबार जोरों पर, 200 बोरा कोयला जप्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**झरिया :** लोदना क्षेत्र संख्या 10 के जयरामपुर कोलियरी के एरिया ऑटो गैरेज के पीछे अवैध माइंस संचालन और मोदी भीठा में अवैध कोयला भंडार की गुप्त सूचना पर जयरामपुर कोलियरी प्रबंधक ने की करवाई। अवैध माइंस की भराई के साथ 200 बोरा कोयला किया जप्त। आपको बता दे की इन दिनों अलकडीहा ओपी क्षेत्र में अवैध कोयले का कारोबार जोरों पर है। अलकडीहा ओपी क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में अवैध माइंस खोल कर अवैध कोयला भंडार कर भट्टे में कोयला पहुंचने का काम किया जा रहा है। इसी को लेकर जयरामपुर कोलियरी स्थित एरिया ऑटो गैरेज के पीछे अवैध कोयला तस्करों द्वारा एक पुराने सुरंग को खोल कर अवैध कोयले की कटाई की जा रही थी। जानकारों की माने तो प्राइवेट कंपनी के टाइम में इस सुरंग से कोयल का उत्पादन किया जाता था जिसकी जानकारी कुछ अवैध कोयला तस्करों को लगी और वे लोग सुरंग का मुहाना खोल उत्खनन के दौरान छोड़े गए। पिलर को काट कर कोयला निकालने लगे जिससे एरिया ऑटो गैरेज पर भी भू-धसान का खतरा मंडराने लगा है। इस खतरे को देखते हुए जयरामपुर कोलियरी प्रबंधन पिछले दस दिनों के दरमियान गुरुवार को दुसरी बार अवैध सुरंग कि भराई कि। साथ ही मोदी भीठा में अवैध कोयला भंडारन की सूचना पर छापा मारकर 200 बोरा कोयला जप्त किया गया दौरान जयरामपुर कोलियरी प्रबंधक और सीआइएसएफ कि क्यूं आर टी टिम मौजूद थी।


**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य), राँची।**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

01. विभाग का नाम :– श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
02. विज्ञापन दाता का नाम :– प्रवर कोटि प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य) रॉची।
03. निविदा विपत्र विक्री का अंतिम तिथि एवं समय :–15 / 03 / 2025 को 05:00 बजे अपराह्न तक
04. निविदा विपत्र बिक्री का स्थान :– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य) रॉची।
05. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 17 / 03 / 2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न
06. तकनीकी एवं वित्तीय निविदा खोलने की तिथि :– 17 / 03 / 2025 को 03:00 बजे अपराह्न
07. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य) रॉची का कार्यालय
08. कार्य की विवरणीः– एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य) रॉची के कर्मशाला में विभिन्न व्यवसायों का प्रशिक्षण आदि को Upgrade करने हेतु संस्थान के मशीनों को रिपेयरिंग / ओवलहॉलिंग / पेन्टिंग करने हेतु मापदण्डों के अनुरूप सील बंद निविदा आपंत्रित की जाती है।

**Repairing, Overhauling and Painting of Old Machine** :– इस कार्य के अन्तर्गत संस्थान के कर्मशाला में व्यवसायवार व्यवस्थित बंद पड़े मशीनों उपकरणों की रिपेयरिंग, ऑवहॉलिंग तथा पेन्टिंग करना है। निविदा का कुल दर व्यवसायवार या समेकित दिया जा सकता है व्यवसायवार मशीनों उपकरणों की सूची एवं भैतिक स्थिति संस्थान से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

09. निविदा की शर्तेः– उपर्युक्त वर्णित कार्यो से संबंधित इच्छुक प्रतिशिठत निर्माताओं एवं अधिकृत प्रतिशठानों जिन्हें उक्त कार्यो का पूर्वानुभव प्राप्त हो से निम्न शर्तो के अनुसार मुहर बंद निबंधित निविदा आमंत्रित किया जा हैः–

(01) निविदा दो अलग–अलग मुहर बंद लिफाफों जिसमें एक के उपर तकनीकी बिड तथा दुसरे के उपर वित्तीय बिड अलग–अलग अंकित हो को एक ही मुहर बंद लिफाफें में रखकर दिया जायेगा।
(02) तकनीकी बिड के साथ EMD 20,000.00 (बीस हजार रूपये) का बैंक ड्राफ्ट प्रवर कोटि प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य) रॉची के नाम देय होगा, संलग्न करना आवश्यक है।
(03) विगत तीन वर्शो का Income Tax Return का छायाप्रति।
(04) नोटरी द्वारा किसी सरकारी संस्थान से Blacklisteed नहीं होने का शपथ पत्र।
(05) निविदा से संबंधित सूची, प्राकलन इत्यादि का ब्यौरा 500.00 (पॉच सौ रूपये) नगद भुगतान कर संस्थान से किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा सूची प्राप्त करने की राशि लौटाई नहीं जायेगी।
(06) तकनीकि बीड में निम्नांकित सूचनाओं से संबंधित अद्यतन प्रमाण पत्र एवं बैंक ड्राफ्ट रहना आवश्यक है।
इच्छुक फर्म / निविदा का इनकम टैक्स रजिस्ट्रेशन / पैन नं0 की छायाप्रति (GST)
बीस हजार का बैंक ड्राफ्ट प्रवर कोटि प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य) रॉची के नाम से देय।
(07) सभी निविदा टंकित प्रति में ही स्वीकार किया जायेगा। (कम्प्युटराइज)
(08) तकनिकि बीड की आवश्यक शर्तो को पुरा करने वाले प्रतिशठानों को ही वित्तीय बीड पर विचार किया जायेगा।
(09) सभी प्रकार के कार्यो के भौतिक सत्यापन में संतोशप्रद गुणवत्ता पाये जाने के स्थिति में भुगतान संबंधित कार्य किया जायेगा। कार्य पूर्ण कर मशीनों को चालु अवस्था में लाने के पश्चात इस का मेन्टेनेन्स एक वर्श तक निःशुल्क करना होगा।
(10) मुहरबंद निबंधित निविदा को प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा तथा निविदादाता एवं उनके प्रतिनिधि उक्त तिथि की बैठक में उपस्थित रह सकते है।
(11) निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद का निपटारा क्रय समिति द्वारा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सामान्य) रॉची। स्थित कक्ष में होगी।
(12) बिना कारण बताए निविदा स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।
(13) अपूर्ण एवं विलम्ब से प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। क्रय समिति के द्वारा न्यूनतम दर पर एक या अधिक प्रतिशठानों को विभक्त कर कार्य आदेश निर्गत किया जा सकता है।
(14) बैंक गारंटी के रूप में सफल निविदादाता को न्यूनतम निविदा दर का प्रतिशत 01 वर्ष के लिए संस्थान को जमा कराना होगा जो कि अवधि पूर्ण होने के बाद लौटा दी जायेगी।

ह0/–
प्रवर कोटि प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
(सामान्य) रॉची।

PR 348019 Labour Employment and Traning(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या : 8 / 2024–25**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक – 17.03.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक – 18.03.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक – 18.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | नलकूपों की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि(रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Ramgarh in **Ramgarh, Dulmi, Chitarpur Block** Under Drinking Water and Sanitation Division Ramgarh Period 01.04.2025 to 30.09.2025 Major = 330 Minor = 220 Total 550 Nos<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=330):-@ Rs 930.00 Each<br>(Minor Repair-40% =220):-@ Rs 465.00 Each | 550 Nos | RMG/ RM to DT/ GR- No.- 1 | 4.87685 | 9800.00 | 750.00 | 30.09.25 |
| 2 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Ramgarh in **MANDU (PART-A) Block** Under Drinking Water and Sanitation Division Ramgarh Period 01.04.2025 to 30.09.2025 Major = 210 Minor = 140 Total 350 Nos<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=210):-@ Rs 930.00 Each<br>(Minor Repair-40% =140):-@ Rs 465.00 Each | 350 Nos | RMG/ RM to DT/ GR- No.- 2 | 3.10345 | 6100.00 | 500.00 | 30.09.25 |
| 3 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Ramgarh in **MANDU (PART-B) Block** Under Drinking Water and Sanitation Division Ramgarh Period 01.04.2025 to 30.09.2025 Major = 210 Minor = 140 Total 350 Nos<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=210):-@ Rs 930.00 Each<br>(Minor Repair-40% =140):-@ Rs 465.00 Each | 350 Nos | RMG/ RM to DT/ GR- No.- 3 | 3.10345 | 6100.00 | 500.00 | 30.09.25 |
| 4 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Ramgarh in **Patratu (PART-A) Block** Under Drinking Water and Sanitation Division Ramgarh Period 01.04.2025 to 30.09.2025 Major = 210 Minor = 140 Total 350 Nos<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=210):-@ Rs 930.00 Each<br>(Minor Repair-40% =140):-@ Rs 465.00 Each | 350 Nos | RMG/ RM to DT/ GR- No.- 4 | 3.10345 | 6100.00 | 500.00 | 30.09.25 |
| 5 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Ramgarh in **Patratu (PART-B) Block** Under Drinking Water and Sanitation Division Ramgarh Period 01.04.2025 to 30.09.2025 Major = 210 Minor = 140 Total 350 Nos<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=210):-@ Rs 930.00 Each<br>(Minor Repair-40% =140):-@ Rs 465.00 Each | 350 Nos | RMG/ RM to DT/ GR- No.- 5 | 3.10345 | 6100.00 | 500.00 | 30.09.25 |
| 6 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Ramgarh in **GOLA Block** Under Drinking Water and Sanitation Division Ramgarh Period 01.04.2025 to 30.09.2025 Major = 330 Minor = 220 Total 550 Nos<br>RM to DT-<br>1. (Major repair-60%=330):-@ Rs 930.00 Each<br>(Minor Repair-40% =220):-@ Rs 465.00 Each | 550 Nos | RMG/ RM to DT/ GR- No.- 6 | 4.87685 | 9800.00 | 750.00 | 30.09.25 |

(क) निविदा का विस्तृत नियम एवं शर्तें पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।
(ख) परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़ के पक्ष में भुगतेय होगा।
(ग) कार्य समाप्ति की अवधी 01.04.2025 to 30.09.2025 तक होगी।

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR.NO.348074 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

## टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में आज भिड़ेंगे जेएससीए और कोलकाता की टीम

# चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन सेमीफाइनल मैच संपन्न








**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बलदेव साहू स्टेडियम में आईपीएल के तर्ज पर चल रहे एलपीएल का शुक्रवार को सेमीफाइनल मैच खेला गया। साहू परिवार और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले चल रहे चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन दो पालियों में दो मैच हुआ। तीसरे दिन प्रतियोगिता के पहले पारी में जेएससीए टीम ने मुंबई की टीम को 5 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। मुंबई की टीम 18 ओवर 2 बॉल में 102 में ऑल आउट हो गई। मुम्बई की ओर से हर्ष ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। वहीं श्रेष्ठ ने 23 रन और आलोक ने 15 रनों का योगदान दिया। जेएससीए की ओर से पंकज ने सर्वाधिक 4 विकेट और शमशाद ने 2 विकेट लिए। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी जेएससीए की टीम ने महज 13.3 ओवर में पांच विकेट खोकर जीत हासिल की। टीम की ओर से अरविंद 33, पंकज 27, शाहिल 17 और श्रेष्ठ ने 15 रनों का योगदान दिया। मुंबई के गेंदबाज अनुज और नितेश ने 2, 2 विकेट प्राप्त किया। वहीं दूसरे मैच में लक्ष्मी रतन शुक्ला क्रिकेट एकेडमिक कोलकाता की टीम ने दिल्ली को दो रनों से पराजित कर फाईनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर कोलकाता की टीम ने 8 विकेट के नुकसान पर 226 रन बनाए। टीम की ओर से विशाल भाटी ने 96, सौरभ ने 64, प्रियांशु ने 58 रनों का योगदान दिया। वहीं दिल्ली के गेंदबाज भगवान, विशाल और ऋषभ ने 2, 2 और सुभाष और अजय ने 1, 1 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलने उतरी दिल्ली टीम की ओर से बल्लेबाज सौरभ सागर 64, अजय राणा 51, कृष यादव 25, आदित्य 26, तरुण कौशिक 23, भगवान सिंह ने 19 रनों का योगदान दिया। कोलकाता के गेंदबाज विशाल भाटी और दीपक ने 2, 2 और वैभव और सक्षम ने 1, 1 विकेट लिए। पहले मैच के मैन ऑफ द मैच जेएससीए के पंकज यादव व दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच कोलकाता के विशाल भाटी बने। दोनों को 10,000 रूपए का चेक व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मैक्सिमम सिक्स का भी खिताब इन्हीं के खाते गया। बतौर अतिथि के रूप में एसोसिएशन अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, मनु साहू,दुर्गेश साहू, रोहित साहू,हर्षित साहू,रुची साहू, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, एसोसिएशन सचिव आलोक रॉय, कार्यकारी अध्यक्ष भास्कर दास गुप्ता, दुर्गा प्रजापति, सतीश वर्मा, मिलन दत्ता, मैच ऑब्जर्वर प्रवीर सिंह, विशाल महेंद्रू, प्रणीत सिंह, आशीष कुमार, जयजीत चौबे, अमित कुमार सहित अन्य ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और झंडोतोलन कर मैच का शुरूआत किया। यहां पहुंचे एंकर नमिता सचदेवा ने मैच का संचालन किया। वहीं कोलकाता से पहुंची चीयर्स गर्ल्स ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। आकर्षण इतनी थी कि कई दर्शक चौके व छक्के पर क्रिकेटर को नहीं बल्कि चीयर्स गर्ल्स की ओर टकटकी लगाए रहे। मौके पर मुख्य रूप से मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद, मुकेश दुबे,पंकज जायसवाल, दीपक जायसवाल,रामू साहू, रमेश साहू, संदीप गुप्ता, संजय बर्मन, अनूप राय, सरोज प्रजापति, अजय प्रजापति, विशाल डुंगडुंग, आकाश कुमार (गोलू), रोहित ओझा, हिमांशु केशरी, अंकित गुप्ता, कविश जायसवाल, असलम,सहित हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी शहरी एवं दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से लोग शामिल हुए थे।

**आज पहुंचेंगे हरभजन सिंह और सुरेश रैना : धीरज प्रसाद साहू**

एसोसिएशन अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि 8 मार्च को फाईनल मैच में इंडियन क्रिकेट टीम के धुरंधर खिलाड़ी हरभजन सिंह और सुरेश रैना शिरकत करेंगे। जो टीम बनाकर फैंसी मैच भी खेलेंगे। इसके अलावा वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, रांची रेंज के आईजी अखिलेश झा, विधायक रामेश्वर उरांव सहित अलग अलग क्षेत्रों के विधायक भी फाइनल मैच में शामिल होंगे।

## लोहरदगा विद्युत पावर हाऊस 33 केवी में काम चलने के कारण 07 मार्च से 11 मार्च तक दिन में बन्द रहेगा विद्युत व्यवस्था

**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड सीनियर मैनेजर ट्रांसमिशन डिवीजन राँची सुनील कुमार के कार्यालय से लिखित पत्रांक 256 दिनांक 06-03-25 विद्युत कार्यापालक अभियंता लोहरदगा को भेजे गए पत्र के आलोक में विद्युत व्यवस्था 07 मार्च शुक्रवार से 11 मार्च तक प्रातः 09 ड्डद्ब से शाम 05 श्चद्व तक विद्युत व्यवस्था बन्द रहेगी। उक्त आशय की जानकारी देते हुए (कैरो) कुडु सहायक विद्युत अभियंता विद्युत अवर प्रमंडल कुडु मो0 जिशान ने कहा कि लोहरदगा शंख नदी स्थित विद्युत पावर हाऊस में 33 केवी लाईन पर कुडु एवं किस्को फीडर में विद्युत का काम चलने के कारण कैरो, भण्डरा, किस्को, एवं कुडु के कुछ क्षेत्र विभाग के वरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार 07 मार्च से 11 मार्च तक सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक विद्युत व्यवस्था बन्द रखने का निर्देश प्राप्त हुआ है।

## डॉ. आइलीन ने फिता काटकर प्रेरणा बुटीक एंड एक्सक्लूसिव का किया शुभारम्भ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज एम जी रोड, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के समीप प्रेरणा बुटीक एंड एक्सक्लूसिव का उदघाटन लोहरदगा के प्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ. आइलीन के द्वारा फिता काटकर तथा लोहरदगा के वरिष्ठ पत्रकार गोपी कृष्ण कुंवर के द्वारा श्रीफल फोड़कर किया गया। प्रेरणा बुटीक में महिलाओं से सम्वन्धित डिज़ाइनर सूट, साड़ी, इमिटेशन जेवेलरी, पर्श का सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध रहेगा। इसके अलावे ब्लाउज़, सूट इत्यादि की सिलाई तथा कढ़ाई बुनाई, फल पिको भी की जाएगी। बुटिक के शुभारंभ में अतिथि रितेश कुमार अध्यक्ष, लोहरदगा चैंबर, नितेश अग्रवाल, उत्तम शर्मा, राजेश सोनी, रामकुमार सिंह, रंजन खत्री, सुमन खत्री, बन्दना साहू, मुक्ता पांडेय, राजकुमारी खत्री, करुणा गुप्ता, विनीता देवी, नामृता विश्वकर्मा, नवनीता, नीति मित्तल, शिखा मितल इत्यादि समेत अनेको अतिथि उपस्थित रहें।

## निशुल्क सनातन हिंदू शिक्षा केंद्र का शुभारंभ करने आ रही हैं नीदरलैंड की समाजसेवी




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोगो को सनातन हिंदू धर्म से परिचित कराने के लिए लोहरदगा में सनातन शिक्षा केंद्र प्रारंभ किया जा रहा है, वैदिक गुरुकुल के नाम से प्रारंभ हो रहे संस्था जनमानस में सनातन संस्कृति के प्रति चेतना उत्पन्न करने के कार्य करेगी। संस्था का मुख्य उद्देश्य है सरल रूप से-वेद, उपनिषद, गीता, सनातन के 16 संस्कार, रामायण, महाभारत, योग का परिचय, ईश्वर परिचय एवं उपासना की जानकारी गुरुकुल के स्नातक डॉ अशोक आचार्य एवं वैदिक विद्वानों द्वारा निःशुल्क दिए जाएंगे। इस केंद्र का उद्घाटन रामकली देवी सरस्वती शिशु मंदिर कोर्ट रोड पावर गंज चौक में दिनांक 9/3/2025 दिन रविवार को अपराहन 3:00 बजे किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीदरलैंड, (यूरोप)से समाजसेविका सावित्री गजाधर अध्यक्षता-वीरेंद्र मित्तल जी विशिष्ट अतिथि-मदन मोहन पांडे, राजेंद्र खत्री, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष रितेश कुमार एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

## 12 मार्च को होली मिलन समारोह का सफल आयोजन को लेकर अधिवक्ता संघ की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ का एक महत्वपूर्ण बैठक संघ के महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव के द्वारा आहूत की गयी। बैठक में दिनांक 12.3.2025. को दोपहर 1.00 बजे से होली मिलन समारोह आयोजन करने का निर्णय लिया गया। संघ का चुनाव हेतु आम सभा मार्च माह में अधिवक्ताओं को अंशदान देने के तुरंत बाद करने का भी सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया की चुनाव के परिणाम के तीन दिनों के भीतर नये कमिटी को को पूर्ण रूप से कार्यभार हर हाल में ऑडिट रिपोर्ट के साथ सौप दी जाएगी। यह भी निर्णय लिया गया कि पूर्व सचिव एवं कोषाध्यक्ष के विरुद्ध संध के द्वारा केस दर्ज कराया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार पुजारी के द्वारा की गई बैठक में उपाध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह दीपक शाहदेव,बिक्रम कुमार, फुनी साहू, पवन कुमार, नरेंद्र मिंज, विनय साहू, इत्यादि सदस्य गन उपस्थित थे।

## शांति व सौहार्द से रमजान माह की पहली जुम्मे की नमाज अदा की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा शुक्रवार को पवित्र रमजान माह के पहली जुम्मे की नमाज अदा की गई। प्रखंड क्षेत्र के डांडू, उगरा, अरु, झखरा, सेन्हा, कल्हेपाट, सेरेंगहातु सहित विभिन्न मस्जिद में रमजान माह की पहली जुम्मे की नमाज मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शांति व सौहार्द के साथ अल्लाह की इबादत में अदा किया गया। वही नूरी जमा मस्जिद के इमाम गुलाम मुस्तफा ने कहा कि रमजान माह की एक एक नेकी पर 70 गुना सवाब मिलता है। इस माह में कुरान में नमाज का जिक्र और अल्लाह द्वारा गरीबों की मदद के साथ हराम कामों से बच कर नेकी करने के लिये फरमाया गया है। जिसे हिसाब किताब के दिन आप सब का नेकी भरी हो। जिसे पवित्र माह रमजान में औरत घर में और पुरुष मस्जिद में नमाज अदा कर रब को राजी करें वही प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत मस्जिदों के इमामो के द्वारा रमजान माह की बरकत और रहमत तथा मुस्लिम धर्म के विस्तार से लोगों को बताया गया।

## मैट्रिक में 771 छात्र छात्राओं ने दिया हिन्दी का परीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में शुक्रवार को हिन्दी की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। मैट्रिक परीक्षा कराने के लिये झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालय नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमे नन्दलाल उच्च विद्यालय प्लस 2 अरु स्थित परीक्षा केंद्र में प्रखंड क्षेत्र के 418 छात्र छात्राओं में से 415 विद्यार्थियों ने हिन्दी का परीक्षा दिया। वही तीन छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। तथा कन्या मध्य विद्यालय में 459 विद्यार्थियों में से 456 छात्र छात्राओं ने हिन्दी का परीक्षा दिया तीन विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वही केंद्राधीक्षक नैंसी सीमा लकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा प्राप्त गाइड लाइन के अनुसार परीक्षा कराया जा रहा है। परीक्षा प्रारम्भ से पूर्व सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र जांच कर छात्र छात्राओं को परीक्षा कक्ष में प्रवेश कराया जाता है। जिस निमित शुक्रवार को निर्धारित समय पर हिन्दी का परीक्षा प्रारम्भ हुआ। साथ ही बताया कि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पर व परीक्षा कक्ष में छात्र छात्राओं का निगरानी के लिये सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। तथा परीक्षा केंद्र के समीप निषेधज्ञा लागू है जिसे प्रखंड क्षेत्र से कुल 777 विद्यार्थियों में 771 छात्र छात्राओं ने दोनों परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हो हिन्दी का परीक्षा दिये 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मौके पर कनीय अभियंता सह दंडाधिकारी राजीव कुमार समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे एएसआई गोवर्धन तुरी दल बल के साथ परीक्षा केंद्र पर मौजूद थे।

## शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच टैबलेट का वितरण किया गया

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित टाटा सिनी रिसोर्स कक्ष में राज्य शिक्षा परियोजना के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के 69 शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच टैबलेट का वितरण किया गया। वही प्रखंड क्षेत्र से चयनित विद्यालय राजकीय मध्य विद्यालय चंदवा के शिक्षक रामकुमार झा को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में टैबलेट प्रदान किया गया था। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा टैबलेट दिया गया। प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन ने बताया कि राज्य शिक्षा परियोजना की ओर से प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को टैबलेट दिया जा रहा है। जिसके माध्यम से शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राओं का शैक्षणिक गतिविधि की जानकारी के साथ डाटा इंट्री कर सकते हैं। टैबलेट प्राप्त करने वालों में संजय शुक्ला, उदय नारायण सिंह, प्रवीण यादव, अनीता कुमारी, प्रतिमा कुमारी, अशोक भगत, रेणु कुमारी, मंजीत लाल यादव, अर्चना देवी समेत यह शिक्ष शिक्षिकाएं शामिल थे।

## महिला दिवस महिलाओं की समानता, सम्मान और अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष और प्रयासों का प्रतीक : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन एवं पवित्रम सेवा परिवार के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने और जेंडर समानता की ओर आगे बढ़ने की आवश्यकता पर जोर देने के लिए समर्पित है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और समान अवसरों की ओर दुनिया भर में बदलाव लाना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का इतिहास 1900 के दशक की शुरुआत में जुड़ा हुआ है। इसका पहला आयोजन 1909 में हुआ था जब अमेरिका में महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई। 1910 में डेनमार्क की कोपेनहेगन शहर में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय समाजवादी महिला सम्मेलन में महिला अधिकारों के आंदोलन को और जोरदार रूप से प्रस्तुत किया गया और तब से यह दिन एक वैश्विक महत्व का दिन बन गया। 1977 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिन को आधिकारिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना और समाज में उनके योगदान की सराहना करना है। यह दिन महिलाओं को उनके संघर्ष, मेहनत और सफलता के लिए सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है। इस दिन के माध्यम से हम महिलाओं की समस्याओं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, हिंसा, लैंगिक असमानता, और कार्यस्थल पर भेदभाव आदि पर ध्यान केंद्रित करते हैं। हर साल इस दिन का एक विशिष्ट विषय निर्धारित किया जाता है,जो दुनिया भर में महिलाओं के लिए नए विचारों और परिवर्तनों को प्रेरित करने का काम करता है। महिला दिवस का इस वर्ष का थीम कार्रवाई में तेजी लाना लैंगिक समानता में तीव्र प्रगति का आवाह्न करता है हमें यह याद दिलाता है कि महिलाएं समाज की मजबूत धुरी हैं और उनके बिना कोई भी समाज या राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता। हमें महिलाओं के योगदान को पहचानने और उन्हें समान अधिकार देने की आवश्यकता है। साथ ही, यह दिन समाज में उन सुधारों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है जिनकी आवश्यकता महिलाओं के जीवन को बेहतर और समान बनाने के लिए है। इस दिन, विभिन्न देश और संगठन महिलाएं के प्रति अपनी सराहना व्यक्त करने के लिए कार्यक्रम, सेमिनार, रैलियां और कार्यशालाएँ आयोजित करते हैं। इस तरह के आयोजनों से समाज में महिला सशक्तिकरण और समानता के प्रति जागरूकता बढ़ती है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह महिलाओं की समानता,सम्मान और अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष और प्रयासों का प्रतीक है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम मिलकर एक ऐसा समाज बनाएं जहॉ हर महिला को अपने सपनों को पूरा करने का पूरा अधिकार हो।

## श्याम प्रभु के आशीर्वाद से भक्तों के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि का होता है वास : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि फाल्गुन माह में श्री श्याम प्रभु की पूजा अर्चना का विशेष महत्व होता है। तथा फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी भगवान श्री कृष्ण के भक्तों के लिए अत्यंत पवित्र एवं मंगलमय होता है।क्योंकि यह दिन श्याम प्रभु की उपासना का एक महत्त्वपूर्ण अवसर होता है। फाल्गुन माह की शुक्ल एकादशी 10 मार्च को है इस दिन को 'श्याम एकादशी' भी कहा जाता है,और इस दिन भक्त श्री श्याम प्रभु की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। एवं भक्तों में विशेष श्रद्धा देखने को मिलती है,क्योंकि श्याम प्रभु की कृपा पाने के लिए यह एक अत्यंत उत्तम समय होता है। जो अपने जीवन में किसी प्रकार की कठिनाई, मानसिक तनाव या आर्थिक समस्या से जूझ रहे होते हैं। श्री श्याम प्रभु की पूजा करने से सभी कष्टों का निवारण होता है और भक्तों के जीवन में सुख- शांति का वास होता है।श्री खाटू श्याम प्रभु भगवान श्री कृष्ण के अवतार माने जाते हैं। उनकी पूजा विशेष रूप से राजस्थान के खाटू धाम में की जाती है, जो श्री श्याम के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। देश के सभी श्री श्याम मंदिरों में श्री श्याम जी के उत्सव उल्लास पूर्वक मनाया जाता है खाटू श्याम का जन्म कंस वध के बाद हुआ था,जब कंस के अत्याचारों से बचने के लिए यदुवंशी श्री कृष्ण ने कंस का वध किया था। इसके बाद, श्री कृष्ण ने खाटू में प्रकट होकर वहाँ के ब्राह्मणों के साथ दिव्य उपस्थिति दर्ज कराई, जो आज तक खाटू में दर्शन के रूप में उनकी महिमा को प्रमाणित करती है। कहा जाता है कि खाटू श्याम के दर्शन करने से व्यक्ति के जीवन के समस्त दुःख-दर्द दूर हो जाते हैं, और उसकी सभी इच्छाएँ पूरी होती हैं। श्याम प्रभु अपने भक्तों से असीम प्रेम करते हैं और उनकी हर समस्या का समाधान अपने चरणों में देते हैं। वे श्री कृष्ण के रूप में भक्तों की मनोकामनाओं को पूरी करने वाले और उनकी रक्षा करने वाले माने जाते हैं। फाल्गुन माह मे शुक्ल एकादशी के दिन खाटू श्री श्याम के सभी मंदिरो में विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन होता है।श्री श्याम के प्रति श्रद्धा रखने वाले भक्त यह मानते हैं कि जो भी इस दिन सच्चे मन से श्याम बाबा का ध्यान करता है, उसकी हर मनोकामना पूरी होती है और उसे जीवन में सुख-समृद्धि का अनुभव होता है यह दिन भक्तों के लिए श्री श्याम प्रभु की भक्ति जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाती है,और उनके आशीर्वाद से भक्तों के जीवन में समृद्धि और आशीर्वाद का वास होता है। इस दिन लगाएं खाटू श्याम जी के चरणों में अपनी अरदास, हर परेशानी का निकलेगा हल ऐसा माना जाता है कि खाटू श्याम जी हारे हुए व्यक्ति का सहारा बनाकर उसे दुखों से उभारते हैं। इन्हें तीन बाण धारी हारे का सहारा शीश का दानी और लख्तादार भी कहा जाता है। तथा हारे का सहारा कहलाते हैं माना जाता है कि जो भी भक्त बाबा के चरणों में पूरे श्रद्धाभाव से अपनी मनोकामना लेकर पहुंचता है वह जरूर पूरी होती है। राजस्थान के सीकर मे स्थित खाटू श्री श्याम मंदिर सहित देश के सभी खाटू श्याम मंदिरों की मान्यता काफी बढ़ी है। रोजाना हजारों की संख्या में भक्त यहां दर्शन करने पहुंचते हैं। तथा कुछ खास मौकों पर तो बाबा के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
**विशेष**

# महिलाओं के सम्मान हेतु अनवरत कार्य कर रही अबुआ सरकार...

घर, परिवार, समाज की धुरी महिला को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने का सीधा अर्थ है देश और राज्य का स्वत: सुदृढ़ हो जाना। झारखण्ड के परिप्रेक्ष में देखें तो झारखण्ड सरकार ने इस गणित को समझा और कई सफल योजनायें बनाकर चरणबद्ध तरीके से आधी आबादी को आर्थिक स्वावलंबन देने का प्रयास कर रही है। महिलाएं अगर आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो, तो वह अपने घर, समाज, प्रदेश को उन्नति के रास्ते पर ले जा सकतीं हैं। झारखण्ड की ग्रामीण आदिवासी महिलाएं आदिकाल से बहुत मेहनती रही हैं और लंबे समय से आर्थिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रहीं हैं। हेमन्त सरकार ने झारखण्ड की महिलाओं के इस कार्यशैली को और बेहतर करने का फैसला लिया और पिछले 5 सालों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई सफल योजनाओं को धरातल पर उतारा है। सरकार की ओर से राज्य और राज्य के बाहर व्यापार में भागीदारी को सुनिश्चित करने, बालिका शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने, महिलाओं को पेंशन के जरिए आर्थिक मजबूती देने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। अभी सरकार द्वारा चलायी जा रही आधा दर्जन योजनाएं सिर्फ और सिर्फ महिलाओं की समृद्धि पर केंद्रित है।

## बेटियों को मिल रही सपनों की उड़ान



**किशोरियों की आर्थिक** जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से हेमन्त सरकार द्वारा प्रारंभ की गयी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र में हो रहा है। ग्रामीण परिवेश की किशोरियों का स्कूल ड्राप आउट कई बार छोटी-छोटी आर्थिक जरूरत के पूरी ना होने की वजह से हो जाती थी। हेमन्त सरकार ने इस मामले को समझा और किशोरियों की आर्थिक जरूरत के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का उपहार दिया। महिला प्रोत्साहन और उनकी शिक्षा में बेहतरी के प्रयास के रूप में इस योजना को देखा जा रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से 10 लाख किशोरियों को जोड़ा गया है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सरकार की ओर से कुल 5 बार में ₹40000 तक आर्थिक सहायता दी जाती है। यह सहायता वर्ग आठ से प्रारम्भ हो कर उनके 12वीं तक पहुंचने तक मिलती रहती है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूल में वर्ग 8 से 12वीं तक की प्रत्येक स्कूली छात्रा को कक्षा आठ में 2,500, नौवीं में 2,500, 10वीं में 5,000, ग्यारहवीं में 5,000 और बारहवीं में 5,000 रुपये की सहायता उनके बैंक खाते में दी जाती है। जब किशोरी की उम्र 18 होने और उसका मतदाता पहचान पत्र बन जाये तो उसे एकमुश्त 20,000 रुपये दिया जाता है, ताकि छात्राएं उन रुपयों से आगे की पढ़ाई या कोई प्रशिक्षण ले कर स्वावलंबी बन सकें।

## महिलाओं को मिल रहा सम्मान

**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान** योजना (JMMSY) हेमन्त सरकार का आधी आबादी के आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है जिसमें 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को उनके रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ₹2500 प्रतिमाह की आर्थिक सम्मान राशी दी जा रही है। योजना ने ग्रामीण इलाके के वित्तीय ढांचे को खूब मजबूती दी है। सरकार के इस सम्मान राशि का उपयोग ग्रामीण परिवेश के छोटे व्यवसाय के लेनदेन में खूब हो रहा है। इस योजना के लिए अगस्त 2024 में पूरे राज्य में कैम्प लगाकर आवेदन लेने का कार्य किया गया था। आवेदन फॉर्म और प्रक्रिया नि:शुल्क थी। योजना से राज्य की बहन-बेटियाँ स्वावलंबी और सशक्त बन रहीं हैं। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के लिए 2025-26 में ₹13 हजार 363 करोड़ 35 लाख का बजट रखा गया है।

> यह सुखद अनुभव है कि मेरी लाखों बहनों को मंईयां सम्मान योजना का सम्मान मिल रहा है। इस सम्मान के लिए यह भाई हमेशा आपके साथ है।






## महिलाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार खुले

**स्वयं सहायता समूहों** को पलाश ब्रांड से जोड़कर उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की ब्रांडिंग ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के द्वार खोल दिये हैं। कोविड काल में विश्वव्यापी आर्थिक संकट का असर झारखण्ड पर भी पड़ा था लेकिन अब हालात सुधर रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण पलाश ब्रांड है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिशा निर्देश पर क्रियान्वित किये जा रहे सफल प्रयास पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति के माध्यम से अब तक 50 विभिन प्रकार के उत्पादों को खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। लगभग चार वर्ष से कम अवधी में लगभग 40 करोड़ से अधिक रुपए की सकल बिक्री की जा चुकी है। पलाश ब्रांड में अपने कृषि उत्पादों की आपूर्ति तथा अन्य प्रसंस्करण, पैकजिंग एवं बिक्री के कार्यों से अब तक राज्य के स्वयं सहायता समूहों की दो लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़ कर अपने आय में वृद्धि कर रहीं हैं तथा ग्रामीण अर्थवयवस्था को गति प्रदान करते हुए इसे मुख्यधारा से जोड़ रहीं हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की पहचान बन चुकी पलाश ब्रांड को विशुद्ध व्यवयसायिक परिचालन हेतु "पलाश इंटरप्राइजेज कंपनी" का गठन किया जा रहा है। इस पूरी योजना का मूल ग्रामीण अर्थवयवस्था में तेजी लाने का लक्ष्य है। इन योजनाओं से झारखण्ड की लाखों महिलाओं को लाभ मिल रहा है पिछले 5 सालों में कोरोना काल के बावजूद महिलाएं आर्थिक मामलों में काफी समृद्ध हुई है।

**2019 से अब तक ₹10,111 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज। अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया**

## महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

### 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में

ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व 09 वर्ष में सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में मिला। यही नहीं सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक एसएचजी को क्रेडिट लिंकेज के तहत 1,114 करोड़ की राशि दी गई, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक 10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को उनके सशक्तिकरण हेतु दी गई। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित झारखण्ड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31,861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### फूलो झानो आशीर्वाद अभियान

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान की शुरुआत वर्ष 2020 में की गई है, इस अभियान का उद्देश्य महिलाएं जो मजबूरीवश दारू -हड़िया की बिक्री और निर्माण कार्य से जुड़ी थीं, उन्हें आजीविका के सम्मानजनक साधनों से जोड़ना था। इस कार्य में राज्य सरकार को सफलता मिली। इस अभियान से जुड़कर महिलओं ने सम्मान जनक आजीविका को अपनाया।

अभियान से 36 हजार से अधिक महिलाएँ वैकल्पिक आजीविका से अपना जीवन यापन कर रहीं हैं। हमारी सरकार महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए 50 हजार रुपए तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है।



## भारत सरकार द्वारा समाज कल्याण मंत्रालय को 1.18% का बजट आबंटित किया गया

झारखण्ड **महिला एवं बाल विकास** के लिए कुल बजट का व्यय करेगा **14%**

एवं अन्य राज्यों का आबंटित बजट

| उड़ीसा | बिहार | पश्चिम बंगाल | छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|---|
| 6.20% | 2.77% | 2.31% | 1.06% |

### झारखण्ड ने बजट में आधी आबादी का रखा ध्यान

- झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना **₹13,363 करोड़**
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना/मुख्यमंत्री कन्यादान योजना **₹310 करोड़**
- मातृ किट वितरण योजना **₹60 करोड़**
- गर्भवती महिला की देखभाल के लिए **₹60 करोड़**
- पलाश मार्ट **₹30 करोड़**

PR NO-348113 (IPRD) 24-25